धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

13.10.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 93



12 धर्मेंद्र ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

## न्यूज डायरी

### राज्यपाल ने एक्सपो-2023 का किया उद्घाटन

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को रांची में एक्सपो-2023 मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने मेले की तारीफ की और कहा कि रांचीवासियों को इस मेले का इंतजार रहता है। जेसीआइ इस मेले का आयोजन भव्य तरीके से करता है। राज्यपाल ने कहा कि पूरा विश्व एक तरह से ग्लोबल विलेज बन गया है।

### संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक और युवती का शव

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के चिरौंदी स्थित एक घर में एक युवक और युवती का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया है। बरियातू पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी है। एफएसएल की टीम भी पहुंच कर अपने स्तर से जांच कर रही है।

### ब्लैकमेल करने वाला युवक गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची में फेक प्रोफाइल बनाकर लड़कियों को ब्लैकमेल करने वाले युवक को रांची पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। मामला सुखदेव नगर थाना क्षेत्र का है। युवती से 5 लाख रुपये की मांग कर रहा था।

### ज्ञानवापी परिसर मामले की सुनवाई अब 19 को

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर स्थित सील वजूखाने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) से सर्वे कराने की याचिका पर जिला जज की अदालत में गुरुवार को होने वाली सुनवाई एक अधिवक्ता के निधन के चलते टल गयी। इस मामले की सुनवाई अब 19 अक्टूबर को होगी। मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी राखी सिंह ने अपने अधिवक्ताओं के जरिये 29 अगस्त को याचिका न्यायालय में दायर की थी।

### बिलकिस बानो मामले में फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस बानो मामले में दोषियों की जल्द रिहाई के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

# वाणिज्य कर विभाग ने निकाले वैट के डूबे 262 करोड़ रुपये

## झारखंड में रंग लायी विभाग की कर समाधान योजना, 770 डिफॉल्टरों के पास फंसे थे विभाग के पैसे

- कोर्ट केस से भी मिला विभाग और व्यापारियों को मुक्ति

**सुधीर**

**रांची।** वाणिज्य कर विभाग ने वैट (मूल्य वर्धित कर) के समय से विभाग के डूबे हुए 262 करोड़ रुपये निकाल लिये। यह पैसा पांच साल पहले से राज्य के विभिन्न डिफॉल्टरों के पास फंसे थे। अब, कर समाधान योजना से विभाग इस पैसे को अपनी तिजोरी में लाने में सफल हो गया। वाणिज्य कर विभाग की मानें तो कर समाधान योजना से 27 अक्टूबर तक और 40 करोड़ रुपये वसूल लिये जायेंगे। इस तरह, नौ महीने के भीतर इस योजना के माध्यम से विभिन्न कंपनियों में डूबे 300 करोड़ रुपये अपनी तिजोरी में डालने का लक्ष्य है। राज्य की विभिन्न कंपनियों के पास डूबे इसे पैसे के आने से विभाग के अधिकारी काफी उत्साहित हैं और बची कंपनियों से कर समाधान योजना का लाभ लेने का दबाव बना रहे हैं।

### क्या है मामला :

राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के निर्देश पर सेल्स टैक्स कमिश्नर ने झारखंड में 27 जनवरी को कर समाधान योजना की शुरुआत की थी, ताकि वैटे के समय के डूबे हुए पैसे को कंपनियों से निकाला जा सके। इस योजना से राज्य को काफी फायदा मिला और 262 करोड़ रुपये झारखंड सरकार की तिजोरी में आ गये। इतना ही नहीं, 27 अक्टूबर कर समाधान योजना की आखिरी तारीख तय की गयी है। इस दौरान विभाग ने अधिकारियों को और कम से कम 40 करोड़ रुपये की वसूली का टारगेट दिया है।





### विभाग को करनी पड़ी काफी मशक्कत

हालांकि, वैट के समय के डूबे पैसे को निकालने के लिए विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ी। 6 माह के बाद योजना को एक बार फिर से तीन महीने के लिए अवधि विस्तार भी दिया गया। इस योजना की शुरुआत 27 जनवरी 2023 को की गयी थी। पहली बार व्यापारियों को आवेदन के लिए 3 महीने का समय दिया गया था और तीन महीने में सेटलेंट करना था। कुल 6 महीने वसूली के लिए रखा गया था। इस दौरान करीब 4100 लोगों ने कर समाधान योजना के लिए आवेदन दिया। इसमें अब तक 770 लोगों ने कर समाधान योजना का लाभ लिया है और 262 करोड़ रुपये सरकारी खजाने में डाल दिया। विभाग की इस योजना से राज्य सरकार को भी फायदा हुआ और कंपनियों को भी। कंपनियों को इस योजना के तहत पूरे पैसे नहीं देने पड़े और सरकार को भी बिना कोर्ट केस लड़े डूबे पैसे निकल गये।



"कर समाधान योजना विभाग की एक अच्छी पहल रही है। इससे सरकार को फायदा हुआ है। इस योजना के तहत राज्य के खजाने में अब तक 262 करोड़ रुपये जमा किये जा चुके हैं। विभाग की ओर से और डिफॉल्टरों से पैसे निकालने का प्रयास चल रहा है। उम्मीद है इस योजना के तहत 300 करोड़ वसूल लिये जायेंगे। - **डॉ रामेश्वर उरांव, वित्त मंत्री, झारखंड सरकार।**

## मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के सम्मान राशि वितरण समारोह में कहा

# सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब की पंचायत स्तर पर होगी शुरुआत

**...और क्या बोले सीएम**

- खिलाड़ियों के प्रयास को यूं ही जाया नहीं होने देंगे
- हमारी सरकार कर रही उनके भविष्य की चिंता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों एवं 52 प्रशिक्षकों के बीच लगभग 5 करोड़ रुपये की सम्मान राशि दी। यह आयोजन खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में किया गया था। श्री सोरेन ने कहा कि आज जिस प्रकार से यह स्टेडियम सजा है और यहां राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद हैं, जिसके लिए यह परिसर और स्टेडियम बना है, यह समारोह उसका उद्देश्य पूरा करते हुए इस परिसर और स्टेडियम की वास्तविक शोभा बढ़ा रहा है।

### 19 खेलों के 222 खिलाड़ियों और 52 प्रशिक्षकों के बीच पुरस्कार स्वरूप वितरित की गयी पांच करोड़ रुपये की सम्मान राशि





### राज्य सरकार बेहतर कोचिंग दिलाने का कार्य करेगी

सीएम ने कहा कि पिछले वर्ष लगभग 75 हजार खिलाड़ियों ने सहाय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस वर्ष हम इसका दायरा 5 जिला से बढ़ा कर 7 जिला करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए देश के अंदर बेहतर कोचिंग दिलाने का कार्य राज्य सरकार करेगी। देश में पहली बार हॉकी इंडिया एवं राज्य सरकार द्वारा वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 के बीच किया जा रहा है। इसमें एशिया के छह देशों की टीमें भाग लेंगी। झारखंड की बेटियां भी इस टूर्नामेंट में खेलेंगी।

सीएम ने कहा- मेरी परिकल्पना है कि इस तरह का आयोजन यहां लगातार होता रहे, ताकि इसका संदेश सिर्फ झारखंड ही नहीं, पूरी दुनिया में गूंजे। हमारी सरकार इसी परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रही है कि आने वाले दिनों में देश का कोई भी खेल बिना झारखंड के खिलाड़ियों के पूरा न हो। हर खेल में राज्य के युवा खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन कर पूरी दुनिया में देश और राज्य का नाम रोशन करें। कहा कि पंचायत स्तर पर खेल संस्कृति को और मजबूत करने के लिए सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब शुरू किया जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)

# नक्सलियों ने रेलवे निर्माण में लगे आधा दर्जन वाहन फूंके

- दो हाइवा, एक रोलर, कैंपर, ट्रैक्टर आदि जलकर खाक
- निर्माण कंपनी को करीब दो करोड़ से अधिक की क्षति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** माओवादियों ने कठौतिया-शिवपुर रेल लाइन निर्माण में प्रयुक्त आधा दर्जन वाहनों को आग के हवाले किया। मामला कटकमसांडी थाना क्षेत्र के शाहपुर पहाड़ी के समीप गुरुवार के तड़के तीन बजे की है। नक्सली वारदात को अंजाम देने के बाद घटनास्थल पर पर्चा छोड़कर फायरिंग करते हुए जंगल की ओर चले गये।

इस बाबत भुक्तभोगी मजदूरों ने बताया कि गुरुवार के तड़के करीब तीन बजे चार-पांच हथियारबंद नकाबपोश अचानक रेलवे कैंप में घुस गये। उनलोगों ने सभी मजदूरों को हथियार का भय दिखाकर सबसे पहले मोबाइल छीन लिया और फिर एक कमरे में बंद कर दिया। मोबाइल छीनने के विरोध करने पर पांच-छह मजदूरों को खूब पिटाई भी की। साथ ही, रेलवे काम को तत्काल रोकने की धमकी दी गयी। इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि लेवी के लेन-देन में घटना को अंजाम दिया गया है।

बताया गया कि नक्सलियों ने



वाहनों से तेल निकालकर एक-एक गाड़ियों को जलाना शुरू कर दिया। नक्सली करीब एक घंटे तक तांडव मचाने के बाद मजदूरों द्वारा छीने गये मोबाइल अपने साथ लेकर चले गये। यह भी धमकी देते गये कि बगैर संपर्क किये अगर काम शुरू हुआ, तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। मजदूर दहशत में थे।

नक्सलियों को जाते ही रेलवे कामगारों ने संवेदक ध्रुव सिंह व पुलिस को मामले की जानकारी दी। घटना की खबर पाकर सुबह पुलिस पहुंची और मामले की जानकारी ली। संवेदक के मुताबिक इस आगजनी में रेलवे निर्माण में प्रयुक्त दो हाइवा, एक रोलर, एक ट्रैक्टर, कैंपर, व दो तेल टंकी युक्त वाहनों को जलने से करीब दो करोड़ से ऊपर की क्षति हुई है। कंपनी के जेई चंद्रमौली प्रसाद साहू के लिखित बयान पर थाने में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। (शेष पेज 11 पर)

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख





# 128 किमी की रफ्तार से दौड़ रही थी हादसे की शिकार नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस

- पांच लोगों की गयी जान 100 से अधिक लोग घायल

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के बक्सर में रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की देर रात 12506 आनंद विहार कामाख्या नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के 21 डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसा रात में करीब 09:35 बजे हुआ। इस ट्रेन हादसे में 5 लोगों की मौत हुई हैं, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हैं।

घायलों का इलाज आरा, बक्सर और पटना के अस्पतालों में किया जा रहा है। पटना एम्स के डायरेक्टर डॉ गोपाल कृष्ण पाल ने बताया कि बुधवार रात 10 मरीज एम्स में भर्ती हुए थे। गुरुवार सुबह 2 मरीज भर्ती हुए हैं। सभी मरीज खतरे से बाहर हैं।

यह ट्रेन बुधवार की सुबह आनंद विहार टर्मिनल रेलवे स्टेशन से कामाख्या के लिए रवाना हुई थी। जानकारी के अनुसार, दुर्घटना के समय ट्रेन करीब 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। अचानक ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के 18 घंटे बाद भी इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है कि ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक क्यों लगाया। शुरुआती रिपोर्ट में पटरियों में खराबी की बात कही जा रही है। ट्रेन हादसे के बाद घटनास्थल पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से बोगियों के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाल लिया।

## जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट पेश नहीं

# हाइकोर्ट ने विधानसभा सचिव को दिया एक और मौका

- विधानसभा नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान विधानसभा के प्रभारी सचिव की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है। विधानसभा सचिवालय ने जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की जांच की रिपोर्ट का मूल प्रतिवेदन मांगी है। कोर्ट ने विधानसभा सचिव को जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का एक और मौका देते हुए मामले की सुनवाई 9 नवंबर 2023 को निर्धारित की है।

सुनवाई के दौरान विधानसभा सचिव की ओर से जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय को भेजे गये पत्र की प्रतिलिपि कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गयी। सुनवाई के दौरान विधानसभा की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश और अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। इस दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि विधानसभा में गलत तरीके से नियुक्त अधिकारियों की प्रोन्नति के लिए आयोग से सुझाव मांगा गया है। (शेष पेज 11 पर)

### पिछली सुनवाई का हाल

बता दें कि पिछले सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव की ओर जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, अन्यथा अवमानना की कार्रवाई की जायेगी। प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमीशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष





2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था, लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होने वाले अधिकारी सेवानिवृत हो जायेंगे। पूर्व की सुनवाई में विधानसभा की ओर से बताया गया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमीशन की रिपोर्ट स्पेसिफिक नहीं थी। इस कारण जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद के कमीशन की रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए एक और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन बनी है।

# किसी बच्चे को मारने की इजाजत कैसे दे सकते : सीजेआइ

## 26 सप्ताह के गर्भ को खत्म करने की अनुमति मांगने का मामला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दो बच्चों की मां, एक विवाहित महिला को 26 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने वाले अपने आदेश को वापस लेने की मांग करने वाली केंद्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम एक बच्चे को नहीं मार सकते, हम किसी बच्चे को मारने की इजाजत कैसे दे सकते हैं। यह स्पष्ट करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला की इच्छा का सम्मान और अजन्मे बच्चे के अधिकार के बीच संतुलन कायम करना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता महिला को अपनी राय बताने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच इस मामले पर शुक्रवार (13 अक्टूबर) को भी सुनवाई करेगी।

इस मामले पर विगत 11 अक्टूबर को दो जजों की बेंच ने अलग-अलग फैसला दिया था। जस्टिस हीमा कोहली और जस्टिस बीवी नागरत्ना की विशेष बेंच में मामले पर सहमति नहीं बन सकी, जिसके बाद इस मामले को बड़ी बेंच के पास रेफर करने के लिए चीफ जस्टिस के पास भेजा था। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच ने आज सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान महिला की ओर से पेश वकील ने कहा कि महिला की मानसिक और आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वो तीसरे बच्चे को जन्म दे। महिला के दो बच्चों की देखभाल उसकी सास करती है। कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी को महिला से बात करने को कहा। खंडपीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने 27 वर्षीय महिला की ओर से पेश वकील से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि हम एम्स के डॉक्टरों को भ्रूण को रोकने के लिए कहें? जब वकील ने नहीं में जवाब दिया, तो पीठ



ने कहा कि जब महिला ने 24 सप्ताह से अधिक समय तक इंतजार किया है, तो क्या वह कुछ और हफ्तों तक भ्रूण को अपने पास नहीं रख सकती है, ताकि एक स्वस्थ बच्चे के जन्म की संभावना हो।

### विदेश मंत्री जयशंकर को जेड कैटेगरी की सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा को 'वाई' से बढ़ाकर 'जेड' श्रेणी का कर दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को उनकी सुरक्षा का प्रभार लेने के लिए कहा है। वर्तमान में दिल्ली पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाती है। अभी तक 68 वर्षीय विदेश मंत्री की सुरक्षा 'वाई' श्रेणी के सुरक्षा घेरे में दिल्ली पुलिस की एक सशस्त्र टीम कर रही थी। सूत्रों ने कहा कि अब उन्हें सीआरपीएफ 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा कवर देगी, जिसमें देशभर में शिफ्टों में चौबीसों घंटे उनके साथ लगभग 14-15 सशस्त्र कमांडो रहेंगे।

# इजराइल से आज वापस आयेंगे 230 भारतीय

## भारत का 'ऑपरेशन अजय' शुरू

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** फिलस्तीनी चरमपंथी आतंकवादी समूह हमास के साथ चल रहे युद्ध के बीच इजराइल में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए भारत का 'ऑपरेशन अजय' गुरुवार को शुरू हो गया। पहला चार्टर विमान बेन गुरियन गुरुवार की रात इजराइल की राजधानी तेल अवीव के लिए रवाना हो रहा है और भारतीय नागरिकों को लेकर शुक्रवार की सुबह देश में लौट आयेगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, जैसा कि कल विदेश मंत्री ने घोषणा की थी, ऑपरेशन अजय को हमारे उन नागरिकों की इजराइल से वापसी की सुविधा के लिए शुरू किया गया है, जो वापस आना चाहते हैं. भारतीय नागरिकों को लेने के लिए पहली चार्टर उड़ान आज (गुरुवार) की रात तेल अवीव पहुंचेगी और कल (शुक्रवार) सुबह भारत लौटने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार, इजराइल में मौजूद 230 भारतीय रात 9 बजे विमान से 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर भारत के लिए रवाना होंगे। बता दें कि हमला शुरू होने के बाद एयर इंडिया ने सात अक्टूबर से तेल अवीव के लिए अपनी सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया था। ऐसे में भारत लौटने में असमर्थ लोगों की मदद के लिए चार्टर विमान की व्यवस्था की गयी है। भारतीयों को इसके बदले कोई किराया नहीं देना होगा। उनकी वापसी का खर्च सरकार उठायेगी।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर किये गये पोस्ट के अनुसार, भारतीय दूतावास ने विशेष उड़ान के लिए पंजीकृत भारतीय नागरिकों की पहली सूची ईमेल से भेज दी है। यह भी कहा गया कि अन्य पंजीकृत लोगों की सूची बाद की उड़ानों के लिए भेजी जायेगी। दूतावास का यह पोस्ट उसी सोशल मीडिया मंच पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के संदेश के बाद आया है, जिसमें उन्होंने बुधवार को 'ऑपरेशन अजय' शुरू करने की घोषणा की थी।

**खबर एक नजर में**

## सीएम ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। सीएम की राज्यपाल से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी हुई।

## राज्यपाल से मिले हुसैनाबाद विधायक

**डिग्री कॉलेज को लेकर की बात**



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को विधानसभा सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को एक ज्ञापन के माध्यम से पलामू जिला अंतर्गत हुसैनाबाद प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण के एक वर्ष से अधिक होने के उपरांत भी शिक्षा प्रारम्भ नहीं होने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

## एडवोकेट एसोसिएशन के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 18 जनवरी तक रोक

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा बनाए गए मॉडल रूल को चुनौती देने वाली एडवोकेट एसोसिएशन (झारखंड हाई कोर्ट) की याचिका की सुनवाई गुरुवार को हाईकोर्ट में हुई। इस पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा वाली खंडपीठ ने कहा कि चूंकि इस तरह का एक मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए मामले की अगली सुनवाई 18 जनवरी 2024 निर्धारित की जाती है। साथ ही कोर्ट ने प्रार्थी एडवोकेट एसोसिएशन, झारखंड हाईकोर्ट के खिलाफ अगली सुनवाई तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। बता दें कि प्रार्थी एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट ने याचिका में कहा है कि एडवोकेट एसोसिएशन के खिलाफ झारखंड स्टेट बार काउंसिल को रूल बनाने का कोई अधिकार नहीं है।

## सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**मधुपुर उपचुनाव में आचार संहिता उल्लंघन मामला**

**रांची।** वर्ष 2021 में हुए मधुपुर विस उपचुनाव के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज 4 प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार द्वारा कुछ अतिरिक्त दस्तावेज को प्रस्तुत करने के लिए समय की मांग की गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इन सभी 4 मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की।

**केंद्रीय चुनाव आयोग झारखंड में बढ़ायेगा मतदान केंद्रों की संख्या**

# एक बूथ में 1500 से ज्यादा वोटर न हों : के रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे चुनाव आयोग ने झारखंड में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है। रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में करीब 120 मतदान केंद्र बढ़ाये गये हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के समय राज्य में 29464 मतदान केंद्र थे। मतदाताओं की संख्या में वृद्धि के कारण चुनाव आयोग ने मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से भेजी गयी अनुशंसा के बाद अपनी मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया है कि किसी भी हाल में एक बूथ पर 1500 से ज्यादा वोटर नहीं होने चाहिए।

### 5 जनवरी 2024 को नयी मतदाता सूची का प्रकाशन



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण ससमय पूरा हो, ताकि आगामी 5 जनवरी 2024 को त्रुटिरहित नयी मतदाता सूची अंतिम रूप से प्रकाशित की जा सके। इसके अलावा चुनाव आयोग का निर्देश है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाताओं के नाम नहीं होने चाहिए। इसके लिए यदि अतिरिक्त मतदान केंद्र बनाने की आवश्यकता हो तो उसे सहायक मतदान केंद्र के रूप में स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग ने बड़ी आवासीय कॉलोनियों और सोसायटियों में रहने वाले लोगों के घरों के पास भी मतदान केंद्र बनाने को कहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग का मानना है कि वोटर्स को वोटिंग के दिन कोई परेशानी न हो, इसलिए उनके घर के पास के बूथ पर उनका नाम होगा।

**17 अक्टूबर को सूची का प्रारूप प्रकाशित होगा :** चुनाव आयोग इन दिनों मतदाता सूची पुनरीक्षण को अंतिम रूप देने में जुटा है। इसके तहत 17 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जायेगा। इसके बाद 30 नवंबर तक दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकेंगी। बुधवार को राज्य विधानसभा के लिए ईआरओ की बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में बैठक हुई। इसमें करीब 38 विधानसभा निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे। शेष ईआरओ की बैठक 14 अक्टूबर को होगी, जिसमें 41 विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी शामिल होंगे।

**मनी लाउंड्रिंग का मामला**

## 17 महीने बाद सीए सुमन कुमार को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले की मुख्य आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गयी है। सुमन कुमार 17 महीने से जेल में था। अब छह सप्ताह बाद मामले की सुनवाई होगी। बता दें कि झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस गौतम चौधरी की कोर्ट ने सीए सुमन कुमार को जमानत देने से इनकार कर दिया था। मेडिकल ग्राउंड पर हाइकोर्ट में जमानत की गुहार लगायी थी। उसकी डिस्चार्ज पिटिशन को भी दिसंबर 2022 में ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी थी।

**सुमन के ठिकाने से ईडी ने बरामद किये थे ₹19.76 करोड़ :** अवैध खनन के मामले में पिछले साल 6 मई को पूजा सिंघल और इनके सहयोगियों से जुड़े ठिकानों पर ईडी ने एक साथ छापेमारी की थी। पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार के ठिकाने से नकद 19.76 करोड़ रुपये की बरामदगी हुई थी। सुमन कुमार ने ईडी को पूछताछ में बताया था कि पूजा सिंघल के निर्देश पर अवैध खनन व मनरेगा घोटाले के कमीशन के रुपये जिलों से संबंधित डीएमओ और खनन के कारोबारियों से वसूले और अधिकारियों तक पहुंचाया।

## कमलेश सिंह के दल-बदल मामले में स्पीकर कोर्ट में हुई आंशिक सुनवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** हुसैनाबाद विधानसभा के एनसीपी विधायक कमलेश सिंह के दल-बदल मामले में स्पीकर रविंद्र नाथ महतो की कोर्ट में गुरुवार को आंशिक सुनवाई हुई। बहस में कमलेश सिंह और जितेंद्र अहवद के वकील ने हिस्सा लिया। दोनों तरफ से वकीलों ने दलील रखी। इसी दौरान कमलेश सिंह के वकील ने कुछ और तथ्यों को रखने के लिए समय मांगा। स्पीकर ने शाम 4.30 बजे फिर से मामले की सुनवाई का समय निर्धारित किया लेकिन, दोनों पक्षों के आग्रह पर शाम 4.30 बजे होनेवाली सुनवाई टाल दी गयी। उल्लेखनीय है कि कमलेश सिंह को लेकर शरद पवार गुट और अजीत पवार गुट आमने-सामने है। शरद पवार गुट की ओर से प्रवक्ता सह राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र आहरद ने स्पीकर रवींद्र नाथ महतो को पत्र भेजकर कमलेश सिंह पर दल बदल के तहत कार्रवाई करने की मांग की थी। इसी शिकायत पर स्पीकर कोर्ट में सुनवाई चल रही है। खुद विधायक कमलेश सिंह भी पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वह सिंगल विधायक हैं। इसलिए उन पर दलबदल का मामला नहीं चल सकता है।

**राज्य सरकार ने हाइकोर्ट को पुलिस एक्ट में सुधार की दी जानकारी**

## पुलिस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत के लिए 2017 में ही बनाया गया है प्राधिकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में पुलिस एक्ट में सुधार को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को हाई कोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार नियमावली 2017 बनाई गई है जिसके तहत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। इस प्राधिकार में लोग अपनी शिकायत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कर सकते हैं। प्राधिकार में एक अध्यक्ष, तीन अन्य सदस्य एवं एक सदस्य सचिव रखे गए हैं, जो लोगों की शिकायत को देखेंगे। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता जीतेश कुमार ने पैरवी की।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार की दलील को देखते हुए याचिका निष्पादित कर दी। दरअसल, प्रार्थी ने सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार के आदेश का अनुपालन झारखंड में सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए जनहित याचिका दाखिल की थी।

## आरोपी टिंकल भगत की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** साहिबगंज जिले में करोड़ों रुपये के अवैध खनन से कमाई करने के आरोपी पत्थर खदान संचालक टिंकल भगत की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। टिंकल भगत पंकज मिश्रा का सहयोगी है। अवैध खनन मामले में 29 जुलाई 2022 को टिंकल भगत समेत छह लोगों के खदान की जांच भी की गई थी। ईडी ने तीन अगस्त 2022 को टिंकल भगत समेत अन्य लोगों से पूछताछ की थी। बाद में 7 जुलाई 2023 को ईडी ने टिंकल भगत को गिरफ्तार किया था।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**प्रपत्र VI**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

चुकि समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना ईचाक (करियातपुर) से झुमरा लम्बाई 9.30 कि0मी0 पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण निर्माण ग्राम–झुमरा, थाना–दारू, थाना–सं0–196, जिला–हजारीबाग में कुल 0.273 एकड़ यानि 0.0886 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिसूचना किया जाता है कि उर्पयुक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से केमोवेश कुल 0.273 एकड़ यानि 0.11052 हेक्टेयर है और जो ग्राम–झुमरा, थाना–दारू, थाना–सं0–196, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्न है:–

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 9 | 1314 | नीज | टांड–।।। | 0.22 | शान्ति देवी पति लक्ष्मण महतो निवासी रामदेव खरिका दारू एवं अन्य | सि0 महेषरा | प्लॉट नं0 1316 | रास्ता | निज प्लॉट |
| 2 | | 1315 | नीज | टांड–।।। | 0.01 | प्लॉट 1315 का रैयत | शांति देवी | प्लॉट नं0 1316 | शांति देवी | निज प्लॉट |
| 3 | 28 | 1316 | नीज | टांड–।।। | 0.043 | शान्ति देवी पति लक्ष्मण महतो निवासी रामदेव खरिका दारू एवं अन्य | प्लॉट नं0 1315 | सि0 जिन्गा | रास्ता | निज प्लॉट |
| | | | | कुल | 0.273 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धार 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त,
हजारीबाग

PR308958 (Land Reforms)23-24*D



**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi – 834004

Letter No. JSRRDA – 764/2023-1838 Dated: -11.10.2023

**CORRIGENDUM**
**PR No- 307878 dated 28.09.2023**

Following correction/ modification is hereby made in RFP for Setting up a PMU for FDR in JSRRDA publish e-tender no- 90/2022-23 dated 27.09..2023 as given below:-

| Sl. No. | Written as | Should be read as |
|---|---|---|
| 1. | 10.(a)The firm should have valid Pan card, GST registration certificate and legal status documents etc. In addition, the firm should have minimum annual average turnover of Rs.10.00 Crores from consultancy work of similar nature in last 3 years(For Joint venture' Pan Card and GST registration certificate for lead Partner or in the Name of JV) | 10.(a)The firm should have valid Pan card, GST registration certificate and legal status documents etc. In addition, the firm should have minimum annual average turnover of Rs.7.50 Crores from consultancy work of similar nature in last 3 years(For Joint venture, Pan Card and GST registration certificate for lead Partner or in the Name of JV) |
| 2. | 4.3 C If bidder is a Joint Venture, the partners would be limited to two (including lead partner). Joint Venture firm shall be jointly and severally responsible for completion of the project. Joint Venture must fulfil the following minimum qualification requirement.<br>i. The lead partner shall have at least Rs.8.00 Crores annual average turnover of from consultancy work of similar nature in any one year among last 5 years.<br>ii. Other partner shall have at least Rs.2.00 Crore turnover in any one year among last 5 years | 4.3 C If bidder is a Joint Venture, the partners would be limited to two (including lead partner). Joint Venture firm shall be jointly and severally responsible for completion of the project. Joint Venture must fulfil the following minimum qualification requirement.<br>i. The lead partner shall have at least Rs.6.0 Crores annual average turnover of from consultancy work of similar nature in any one year among last 5 years.<br>ii. Other partner shall have at least Rs.1.50 Crore turnover in any one year among last 5 years |
| | **An annual average financial turnover from consultancy service of similar nature during the last five years. (Details furnished as per Schedule 'B') (Maximum marks 20)**<br>a. Having Average Annual Turnover up to 10.0 Cr. -10Marks<br>b. Having Average Annual Turnover >Rs 10 Cr to 12 Cr. - 15 Marks<br>C.Having Average Annual Turnover >Rs 12 Cr. - 20 Marks | **An annual average financial turnover from consultancy service of similar nature during the last five years. (Details furnished as per Schedule 'B') (Maximum marks 20)**<br>a.Having Average Annual Turnover up to 7.5 Cr. -10Marks<br>b. Having Average Annual Turnover >Rs 7.5 Cr. to -10 Cr. - 15 Marks<br>C.Having Average Annual Turnover >Rs 10 Cr. - 20 Marks |

PR.NO.308979 Rural Work Department(23-24):D

Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi.


## स्वास्थ्य मंत्री और सीएम के क्षेत्र में डेंगू से हुई सर्वाधिक मौतें : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री के क्षेत्र में डेंगू से सर्वाधिक मौतें हुई है। श्री मरांडी गुरुवार को घाटशिला में आयोजित संकल्प सभा में बोल रहे थे। उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिये समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार की लापरवाही के करण कई गरीब आयुष्मान योजना से वंचित हो गये हैं। भाजपा की सरकार बनी तो घर घर जाकर अधिकारी राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनायेंगे।

## 300 विद्यार्थी वाले विद्यालय में शिक्षकों की संख्या 9 करने के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**राइट टू एजुकेशन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राइट टू एजुकेशन के तहत तहत 300 विद्यार्थी वाले मेदिनीडीह ग्राम पंचायत, माध्यमिक विद्यालय, देवघर में शिक्षकों की संख्या 9 करने को लेकर दाखिल सोनी कुमारी की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि उस सरकारी स्कूल में जो दो शिक्षक हैं उनमें से एक शिक्षक के ट्रांसफर की बात है, क्या वह स्कूल सरप्लस शिक्षक की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक नवंबर निर्धारित की है।

दरअसल प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि सरकार के राइट टू एजुकेशन के तहत सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का अनुपात तय है। सरकारी स्कूलों में 35 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक होना अनिवार्य है, लेकिन इसका पालन मेदिनीडीह, माध्यमिक विद्यालय देवघर में नहीं किया जा रहा है। प्रार्थी ने उस स्कूल में 300 छात्रों की संख्या को देखते हुए 9 शिक्षकों की बहाली सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं शिवानी जलूका ने पैरवी की।

**डीवीसी और कोल इंडिया के चेयरमैन से मिलकर किया आग्रह**

# विस्थापितों के मामलों का शीघ्र निबटारा करें : चंद्रप्रकाश चौधरी

**कंपनियों द्वारा की जा रही ओवरलोडिंग पर रोक लगाएं, पर्यावरण संरक्षण से न हो कोई समझौता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने डीवीसी चेयरमैन एम रघुराम एवं कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिलकर विस्थापितों के मामलों का जल्द से जल्द निबटारा करने की आग्रह किया है। साथ ही डीवीसी को स्पष्ट किया है कि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से कोई समझौता नहीं होगा। डीवीसी की काम कर रही कंपनियों द्वारा ओवरलोडिंग की जा रही है, जो एनजीटी की गाइडलाइन का उल्लंघन है और इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कोलकाता में दोनों चेयरमैन से अलग-अलग मिलकर अपने संसदीय क्षेत्र और राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा कर समाधान की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने डीवीसी द्वारा रखे जा रहे अप्रेंटिस को ट्रेनिंग के बाद बहाल करने का मुद्दा उठाया। इस पर डीवीसी ने जल्द बहाल करने की बात कही। उन्होंने डीवीसी के विस्थापित गांव नया बस्ती के विस्थापितों को अब तक जमीन का पट्टा नहीं मिलने, चंद्रपुरा- बोकारो थर्मल के सप्लाई मजदूरों के ग्रेच्युटी, एक्सग्रेसिया का भुगतान दुर्गा पूजा से पहले करने, बोकारो थर्मल के उच्च एवं मध्य विद्यालय के संविदा शिक्षकों को जून माह का भुगतान अब तक नहीं किए जाने, बोकारो थर्मल बी प्लांट की कटिंग का काम करने वाली कंपनी में स्थानीय एवं विस्थापितों को रोजगार पर नहीं रखे जाने को लेकर चर्चा की। दोनों अधिकारियों ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को आश्वस्त किया कि जो मुद्दे हैं उनका समाधान शीघ्र किया जायेगा।

**राज्यव्यापी अंडा अभियान में गूंजी बच्चों की आवाज**

## आंगनबाड़ी केंद्रों में मिले हर दिन अंडा राज्य सरकार जल्द पूरा करे अपना वादा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भोजन का अधिकार अभियान, झारखंड की ओर से गुरुवार को आंगनवाड़ी व मध्याह्न भोजन में प्रतिदिन अंडा देने की मांग को लेकर अंडा अभियान चलाया गया। बताया गया कि राज्य सरकार ने पिछले तीन सालों में कई बार आंगनबाड़ी में बच्चों को 6 दिन प्रति सप्ताह अंडा देने की घोषणा की थी। साथ ही विद्यालयों में मध्याह्न भोजन में 5 दिन अंडे की भी घोषणा कई बार हुई है, लेकिन आज तक यह घोषणा धरातल पर नहीं उतरी है। सरकार को उनका किया वादा याद दिलाने के लिए पूरे राज्य में विभिन्न संगठनों द्वारा आंगनबाड़ी में अंडा अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीण, स्थानीय संगठन और अभियान के प्रतिनिधियों से चंदा लेकर बच्चों को अंडा खिलाया गया ताकि सरकार को आंगनबाड़ी के बच्चे याद आ जायें।

यह अभियान राज्य के 15 जिले के लगभग 75 आंगनबाड़ी केन्द्रों में चलाया गया। इस दौरान 2000 बच्चों को अंडा खिलाया गया। कार्यक्रमों में राज्य में कुपोषण की स्थिति एवं अंडे की जरूरत पर भी चर्चा हुई। 2019-21 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार राज्य के पांच वर्ष के कम उम्र के 40% बच्चे कुपोषित हैं (उम्र के अनुसार वजन कम है)। विभिन्न सरकारी सर्वेक्षणों में यह भी बार-बार पाया जाता है कि राज्य के आदिवासी-दलित बच्चे अन्य समुदायों की तुलना में ज्यादा कुपोषित हैं।

**शीर्ष अधिकारियों पर राज्य सरकार के इशारे पर काम करने का लगाया आरोप**

# ईडी के आग्रह के बाद भी भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ दर्ज नहीं करायी जा रही प्राथमिकी: डॉ अरुण उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पूर्व आईपीएस सह भाजपा नेता डॉ अरुण उरांव ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। डॉ उरांव गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के कई वरीय पदाधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ईडी ने पर्याप्त प्रमाण एवं सबूतों के साथ सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से वर्तमान राज्य सरकार ने इसे भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा दिया है, उससे चिंता होती है। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों की जिम्मेवारी राज्य को सजाने और संवारने की थी। वे आज लूट भ्रष्टाचार में शामिल हो चुके हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन बातों से दुखी होकर मैंने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी राज्य की स्टील फ्रेम होती है लेकिन आज उसमे ही जंग लग गया है। ये ब्यूरोक्रेसी राज्य को दीमक की तरह खाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई ऐसे शीर्ष पदाधिकारियों के नाम अखबारों में आये भी हैं। उन्होंने कहा कि करेक्ट एंड स्टिक की पॉलिसी अपनाई जानी चाहिये। जो ईमानदार हैं, काम करते हैं, उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। जो भ्रष्ट हैं उन्हे उचित दंड भी मिलना चाहिये लेकिन यहां ऐसा नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि आरोपी अधिकारियों के खिलाफ ईडी ने परिश्रम कर के साक्ष्य इकट्ठा किया और राज्य सरकार को शेयर किया है, इस पर शीघ्र कारवाई की जिम्मेवारी सरकार की बनती है। बावजूद सरकार चुप है।

उन्होंने कहा कि इससे राज्य का बड़ा नुकसान हो रहा है, साथ ही भ्रष्ट अधिकारियों और उनके मातहत लोगों का मन भी बढ़ रहा है। राज्य सरकार को अलग अलग विभागों में प्रभावी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करनी चाहिये, लेकिन ऐसा नहीं होते देख अच्छे पदाधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले गये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उसे तरजीह दे रही जो पैसा इकट्ठा करने और ऊपर तक पहुंचाने में माहिर हैं।

उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी ऐसा घोड़ा है जो अपने सवार को तुरंत पहचान लेता है, अभी राज्य सरकार ने कुछ घोड़ों को चरने की छूट दे रखी है। जितना चर सकते हो चरो और ऊपर तक पहुंचाओ। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने मोरहाबादी में एक्सपो-2023 का किया उद्घाटन, कहा

# एक्स्पो सिर्फ प्रदर्शनी मात्र नहीं, रचनात्मकता और उद्यमिता का उत्सव भी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

*पूरा विश्व एक तरह से ग्लोबल विलेज बन गया है। वैश्वीकरण के दौर में विकास के लिए हमें प्रतिस्पर्द्धा में शामिल होना होगा। विकसित हो रही नई तकनीक, नए उत्पाद एवं नवोन्मेषी विचार को अपनाना होगा- राज्यपाल*

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को मोरहाबादी में एक्सपो-2023 मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने मेले की तारीफ की और कहा कि जेसीआई की ओर से यह आयोजन काफी भव्य तरीके से किया जाता है। इस मेले में बड़ों के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन का भी ख्याल रखा जाता है। राज्यपाल ने कहा कि एक्स्पो उत्सव का आयोजन केवल एक प्रदर्शनी मात्र नहीं है, बल्कि रचनात्मकता और उद्यमिता का उत्सव भी है। राज्यपाल ने कहा कि औद्योगिक विकास से रोजगार का सृजन होता है। झारखंड एक खनिज प्रधान राज्य है और यहाँ उद्योगों के विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। नई सोच, नई अवधारणाएं, नई परिकल्पनाएं और नए प्रयोगों के साथ राज्य एवं देश को आगे बढ़ाने का कार्य युवाओं के कंधे पर हैं। आगे बढ़ने के लिए संघर्ष भी करना पड़े तो आत्मविश्वास के साथ संघर्ष करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

मौके पर एक्सपो उत्सव के मुख्य संयोजक डॉ संजय जैन ने बताया कि सदस्यों की मेहनत और जुनून ही है जो इस एक्सपो को सफल बना पाता है। उन्होंने बताया इस बार 39 स्टार्टअप इस एक्स्पो में स्टॉल लगा रहे हैं और यंग एंटरप्रेन्योर्स के लिए अलग-अलग ट्रेनिंग एवं टॉक शो का आयोजन किया जाएगा। 16 अक्टूबर को देश के जाने-माने लेखक शिव खेड़ा लोगों को मोटिवेट करेंगे। वहीं 13 अक्टूबर को शाम 3:00 बजे ट्रेजर हंट, 3:30 बजे डोग शो और शाम 6:00 बजे एक्सपो सुपर तंबोला का आयोजन किया जाएगा। मौके पर जेसीआई के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया अतिथियों का स्वागत किया।



# मेकॉन चौक के पास शव रखकर किया प्रदर्शन, गाड़ियों की लगी लंबी कतार, प्रशासन के हस्तक्षेप से हटा जाम

**आरोप : मेकॉन कॉलोनी के सुरक्षा गार्ड ने रामनाथ को मारा, हो गयी मौत**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मेकॉन कॉलोनी के एल टाइप झोपड़ी बस्ती के रामनाथ महतो की मौत के बाद उग्र लोगों ने गुरुवार को शव के साथ मेकॉन चौक के पास शाम पांच बजे से सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े थे। इस कारण डोरण्डा व रांची जाने वाले रास्ते के दोनों छोर पर गाड़ियों की लगी लंबी कतार लग गई। मेकॉन का मुख्य गेट बंद हो जाने के कारण ऑफिस के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को परिसर के अंदर ही फंस गये। जाम की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से बात कर जाम हटवाया। इसके बाद आवागमन सुगम हुआ।



**क्या है पूरा मामला :** तीन दिन पहले मेकॉन कॉलोनी के सुरक्षा में तैनात गार्ड के द्वारा मारपीट करने के कारण मेकॉन झोपड़ी बस्ती के रहने वाले रामनाथ महतो की मौत बुधवार को इलाज के दौरान गुरुनानक हॉस्पिटल में हो गई थी। मौत की खबर जैसे ही मोहल्ले के लोगों को मिली, उसके बाद मेकॉन कंट्रोल रूम में जमकर हंगामा किया गया। भारी संख्या में महिला-पुरुष कंट्रोल रूम रूम पहुंच गए। इसके बाद प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामला को रात में शांत करा दिया था लेकिन गुरुवार को परिजनों को शव मिलने के बाद फिर उग्र हो गए और शव को सड़क में रखकर प्रदर्शन करने लगे। परिजनों का आरोप है कि मामूली से टुक टुक और कार की टक्कर के बाद मेकॉन कॉलोनी के सुरक्षा में तैनात गार्ड ने रामनाथ को कंट्रोल रूम में ले जाकर खूब मारा, जिसके चलते रामनाथ की मौत हो गई।

## बुधवार को हुए लाठीचार्ज का किया विरोध, बकाया वेतन की भी मांग की

# एचइसी के कर्मियों ने काम किया ठप प्रबंधन ने मांगा सोमवार तक का समय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एचईसी कर्मियों ने बकाये वेतन की मांग और बुधवार को हुई लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को काम ठप कर दिया। इस कड़ी में एचईसी कर्मियों ने प्रोजेक्ट भवन जाने वाला रास्ता भी रोक दिया। रास्ता बंद होने से वहां गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। सड़क जाम करनेवाले एचईसी कर्मियों की मांग थी कि प्रबंधन उनसे वार्ता कर बकाये वेतन भुगतान जल्द करे और लाठी चलानेवाले सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड करे।

वहीं दूसरी ओर एचईसी कर्मियों के प्लांट बंद रखने के आह्वान को लेकर गुरुवार को सुरक्षा की दृष्टि से मुख्यालय में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी थी। मुख्यालय के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था ताकि कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हो सके। इधर कर्मियों के रूख को देखकर प्रबंधन ने गुरुवार को ही संयुक्त यूनियन के नेताओं से वार्ता कर समस्या हल निकालने के लिए सोमवार तक का समय मांगा है।



**एचइसी कर्मियों पर किया गया था बल प्रयोग, कई को लगीं गंभीर चोटें :** एचईसी कर्मी 11 अक्टूबर को 20 महीनों से लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। इसके बाद प्रबंधन ने सीआईएसएफ जवानों को बल प्रयोग करने का आदेश दिया। जिसके बाद सीआईएसएफ के जवानों ने उन पर बल प्रयोग किया था। इसमें कई कर्मियों के सिर फट गये थे तो कईयों के हाथ-पैर में चोटें आयी थीं। कर्मियों पर लाठीचार्ज के बाद आक्रोशित होकर डायरेक्टर राजेश दिवेदी का घेराव करने पहुंच गये थे।

### धरनास्थल पर जाम हटाने पहुंची पुलिस



सड़क जाम होने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन आक्रोशित कर्मचारियों ने पुलिस की एक न सुनी। कर्मचारियों की मांग थी कि जिन सीआईएसएफ जवानों ने उनके ऊपर लाठी चार्ज किया है, उन्हें सस्पेंड किया जाए और दुर्गा पूजा के मौके पर जल्द से जल्द उन्हें वेतन का भुगतान किया जाए। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोध कांत सहाय भी मौके पर पहुंचकर प्रबंधन से वार्ता करने की बात कही। वार्ता की सहमति बनने के बाद आक्रोशित कर्मचारियों ने फिलहाल सड़क जाम हटा दिया था।

### सुबोधकांत सहाय के आश्वासन के बाद भी आक्रोशित रहे कर्मी एचइसी प्रबंधन ने कर्मचारियों से बात करना ही उचित समझा

सुबोध कांत के आश्वासन के बावजूद कर्मियों के आक्रोश को देखते हुए एचईसी प्रबंधन ने कर्मियों से वार्ता करना ही उचित समझा। प्रबंधन एचईसी से जुड़े सभी यूनियन प्रतिनिधियों को तीन बजे वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता के दौरान प्रबंधन ने कर्मियों की मांग को जायज ठहराते हुए समाधान के लिए सोमवार तक समय मांगा। वार्ता के दौरान प्रबंधन की ओर से फाइनेंस डायरेक्टर राजेश कुमार दिवेदी और



प्रोडक्शन डायरेक्टर एसडी सिंह ने यूनियन के नेताओं को बताया कि आपलोग एचईसी की स्थिति से अवगत हैं। कर्मियों की समस्या दूर करने के लिए एचईसी के कार्यकारी निदेशक से मिलने के लिए हमलोग राऊरकेला जा रहे हैं। निदेशक से बात कर समस्या का हल निकालने का प्रयास होगा। वहां से लौटने बाद वस्तु स्थिति से अवगत करा दिया जाएगा। इसके बाद यूनियन के प्रतिनिधि संतुष्ट होकर वापस लौट गये। इधर यूनियन नेताओं ने कहा कि वार्ता तो सकारात्मक रही लेकिन इसके बाद भी सकारात्मक रिजल्ट नहीं निकला तो एचईसी कर्मचारी उग्र प्रदर्शन करेंगे।

## वीडियो जर्नलिस्ट पतरस लकड़ा का अबतक सुराग नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आईडीटीवी इंद्रधनुष का वीडियो जर्नलिस्ट पतरस लकड़ा बुधवार शाम से लापता है। जानकारी के अनुसार, पतरस लकड़ा बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे ऑफिस से घर के लिए निकला था लेकिन वह घर नहीं



पहुंचा। पतरस लकड़ा जब देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसे कॉल लगाया लेकिन उसका मोबाइल स्वीच ऑफ मिला। इसके बाद परिजनों ने बरियातू थाना की पुलिस को इसकी जानकारी दी। इधर पतरस लकड़ा की स्कूटी, हेलमेंट सहित अन्य समान चिरौंदी पहाड़ के पास से बरामद हुआ है। शिकायत के बाद पुलिस पतरस लकड़ा की खोजबीन में जुटी हुई है।

## आइआरसीटीसी सस्ती दर पर करायेगा दक्षिण भारत की आध्यात्मिक यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय रेलवे की शाखा आईआरसीटीसी किफायती दर पर दक्षिण भारत की आध्यात्मिक यात्रा कराएगा। आईआरसीटीसी रांची की टूरिज्म इंचार्ज ज्योति कुमारी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि आईआरसीटीसी ने आध्यात्मिक यात्रा कराने के लिए एक किफायती पैकेज लॉन्च किया है। इसके तहत तिरुपति, रामेश्वरम, मिनाक्षी मंदिर, मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, कन्याकुमारी और त्रिवेंद्रम की यात्रा कराई जाएगी। यह यात्रा भारतीय रेल द्वारा संचालित भारत **गौरव ट्रेन** के जरिए कराई जाएगी। यात्रियों की सुविधा के लिए तीन विभिन्न श्रेणियाँ में सीट उपलब है। जिसमें इकोनॉमी- जिसमें स्लीपर क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क 22,750



रुपये प्रति व्यक्ति होगा। दूसरा स्टैंडर्ड- जिसमें थर्ड एसी क्लास से यात्रा होगी। इसका शुल्क 36,100 रुपये प्रति व्यक्ति होगा और तीसरा कम्फर्ट- जिसमें थर्ड एसी क्लास (विशेष सुविधा) से यात्रा होगी। इसका शुल्क 39,500 रुपये प्रति व्यक्ति देना होगा। यात्रा में कुल 790 यात्री होंगे। सफर की शुरूआत 11 दिसंबर को मालदा से होगी और रांची स्टेशन .12 दिसंबर को पहुंचेगी। वहीं 22 दिसंबर को वापस लौटेगी। प्रेस वार्ता के दौरान जुबराज मिंज, युवराज मिंज, मुकेश प्रसाद, तनिष्क राज और राजू कुमार मौजूद थे।

## राजमाता विजया राजे सिंधिया की मनी जयंती

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा ने राजमाता विजया राजे सिंधिया की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा एवं महिला संगोष्ठी का आयोजन किया। अध्यक्षता आरती कुजूर ने की। संचालन रेणुका मुर्मू एवं धन्यवाद ज्ञापन जूही सिन्हा ने किया। इस अवसर पर सांसद आदित्य साहू ने राजमाता विजया राजे सिंधिया को श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजमाता विजया राजे सिंधिया एक राज घराने के होने के बावजूद जनसेवा को चुन कर अनेकों कार्य किये हैं, राजमाता के कार्यों से महिला मोर्चा की सदस्यों को प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की महिला सशक्तिकरण के अनेकों योजनाएं चलाई है। इसे पूरी तरह धरातल में लाने का दायित्व महिला कार्यकर्ताओं का भी है।

## फेक प्रोफाइल से युवती को कॉल गर्ल बताकर ब्लैकमेल करनेवाला युवक कोकर से गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में फेक प्रोफाइल बनाकर लड़कियों को ब्लैकमेल करने वाले युवक को रांची पुलिस ने गुरुवार को कोकर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक फेक प्रोफाइल के जरिए एक युवती को कॉल गर्ल बताकर फोन नंबर जारी कर दिया था। इससे युवती की शादी तक टूट गई थी। आरोपी, युवती से 5 लाख रुपये की मांग भी कर रहा था।

**आरोपी ने युवती को बता दिया था कॉल गर्ल :** सुखदेव नगर इलाके की एक युवती ने अजय कुमार नामक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी युवक ने उसकी तस्वीरों को मार्प कर अश्लील फोटो में तब्दील कर



फेसबुक पर उसका फेक प्रोफाइल बनाया और यह कहते हुए पोस्ट किया कि यह एक कॉल गर्ल है। जब युवती को पूरे मामले की जानकारी मिली तब उसने अजय को फटकार लगाते हुए सभी अश्लील तस्वीर डिलीट करने को कहा। इस पर अजय ने उससे पांच लाख रुपये की डिमांड की, इतना ही नहीं उसने ब्लैकमेल कर युवती को अपने पास बुलाने का भी प्रयास किया।

**अंजान कॉल से परेशान युवती पहुंची थाना :** पहले अजय ने फेसबुक पर युवती से दोस्ती की, उसके बाद फेसबुक पेज से उसकी तस्वीरें निकाल कर उसकी एक फेक प्रोफाइल बना दी। जिसमें युवती को कॉल गर्ल बताकर उसका नंबर भी जारी कर दिया, लड़की का नंबर जारी होते ही उसके पास कई तरह के लोगों के कॉल आने शुरू हो गए। परिवार वालों के समझाने के बाद वह सीधे थाना पहुंची और अजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी।

सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के तुरंत बाद साइबर टीम के साथ पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जांच के क्रम में पुलिस को यह जानकारी मिली कि आरोपी रांची में सदर थाना क्षेत्र के कोकर का रहने वाला अजय कुमार है।

**खबर एक नजर में**

### अतिक्रमण हटाओ अभियान में जब्त किये गये ठेले-खोमचे, 25 हजार रुपया जुर्माना वसूला

**रांची।** जिला पुलिस, यातायात पुलिस और रांची नगर निगम की ओर से गुरुवार को भी राजधानी के कई इलाकों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।



मोरहाबादी में अंतु चौक से बोड़ेया तक, पल्स हॉस्पिटल बरियातू से हिल व्यू चौक तक अभियान चला कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया गया। अतिक्रमण कर लगायी गयी दुकानों, ठेला खोमचा के साथ ही गुमटी व बांस बल्ली से बनी दुकानों को हटाया गया। सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। फल-सब्जी विक्रेताओं को गंदगी फैलाने पर कार्रवाई की गई। सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री पर जुर्माना किया गया। अभियान के दौरान कई दुकानदारों के सामन जब्त किये गये। वहीं 25 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की अंतिम यात्रा में 60,000 से अधिक लोगों ने लिया भाग

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की अंतिम यात्रा झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन था। इस यात्रा में 60,000 से अधिक लोगो ने भाग लिया। जिसमें 600 से अधिक पुजारी, लगभग 3000 हजार धार्मिक और विशिष्ट लोगों शामिल हुए। यह जानकारी आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो और एसएफएक्स सहायक बिशप थियोडोर मैस्करेनहास ने संयुक्त रूप से जारी धन्यवाद पत्र में दी। इस पत्र के माध्यम से उन लोगो को धन्यवाद दिया गया है, जो इस अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि लोगों ने हमारे प्रिय कार्डिनल और चर्च के प्रति जो प्यार दिखाया है, उसके लिए हम आप पर गर्व महसूस करते हैं, भगवान आपको आशीर्वाद दें।

## निबंधन, परिवहन, उत्पाद, खनन और वाणिज्यकर से प्राप्त राजस्व संग्रहण की समीक्षा की

# राजस्व संग्रह का लक्ष्य हर हाल में करें पूरा : उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को खनन उत्पाद एवं परिवहन समेत निबंधन से प्राप्त राजस्व की समीक्षा की। रांची अवर निबंधक ने बताया कि दस्तावेज के निबंधन, शहरी क्षेत्रों में फ्लैटों के निबंधन और अन्य स्त्रोतों से राजस्व की प्राप्ति हो रही है। डीसी ने वित्त वर्ष के शेष माह में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने को कहा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष-2023-24 तक कुल वसूली का 60 प्रतिशत तक लक्ष्य की प्राप्ति हो गई है। डीसी ने शत प्रतिशत राजस्व प्राप्ति करने के साथ डीटीओ को कबाड़ी वाहनों को स्क्रैप कराने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने शहर में पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित कराने का निर्देश दिया। बैठक में संबंधित अधिकारी ने बताया गया कि सितंबर तक पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के व्यवसायी भारत पेट्रोलियम से 2724.60 लाख एवं शराब के व्यवसायियों से 3639.05 लाख कम कर की प्राप्ति हुई है। डीसी ने कहा की एमआरपी मूल्य से ज्यादा वसूली करने वाले शराब दुकानदारों पर कार्रवाई करें।

**अवैध खनन और परिवहन मामले में कार्रवाई का निर्देश :** डीसी ने पूछा कि कितने लोगों पर अवैध ईंट भट्ठे, अवैध खनन, भंडारकर्ता और परिवहनकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। ऐसे लोगों पर उचित कार्रवाई करें। डीसी ने मत्स्य से प्राप्त राजस्व संग्रहण की भी समीक्षा करते हुए अधिकारी को वित्तीय की और शत प्रतिशत राजस्व प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता राजेश कुमार बरवार, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची प्रवीण प्रकाश, सहायक आयुक्त उत्पाद सहायक खनन पदाधिकारी रांची, अवर निबंधक बुंडू प्रक्षेत्र, अवर निबंधक शहरी-2 डोरंडा, अवर निबंधक, ग्रामीण क्षेत्र रांची, अवर निबंधक कांके प्रक्षेत्र, अवर निबंधक रांची, पणन सचिव, कृषि उत्पाद बाजार समिति, राज्यकर पदाधिकारी (रांची, विशेष प्रमंडल, पूर्वी अंचल रांची) उपस्थित थे।

### 542 लाभुकों को मिलेगी मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एससी, एसटी और पिछड़ा वर्गों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक की। बैठक में इस योजना के तहत 542 लाभुकों के लिए राशि की अनुशंसा की गयी। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रांची जिले के अनुशंसति 542 लाभुकों में एसटी के 189, एससी के 36 और पिछड़ी जाति के 317 लाभुक शामिल हैं। अनुसूचित जनजाति के 189 लाभुकों के लिए 12 लाख 49 हजार, अनुसूचित जाति के 36 लाभुकों के लिए 2 लाख 32 हजार एवं पिछड़ी जाति के 317 लाभुकों के लिए 19 लाख 77 हजार की राशि की अनुशंसा की गयी है। उपायुक्त ने सभी बीडीओ को आवेदन प्राप्त करते हुए योजना का क्रियान्वयन का निर्देश दिया।

### 2022-23 की लंबित योजनाओं को 30 दिनों में करें पूरा : उपायुक्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को जिला अनाबद्ध निधि अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की। इसमें संबंधित अधिकारियों ने जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2022-23 में स्वीकृत कुल 82 योजनाओं में से 65 योजनाएं पूर्ण तथा 17 योजनाएं लंबित हैं, जिसमें कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के पास 4, कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. -1 के पास 1 और जिला अभियंता, जिला परिषद के पास 12 योजनाएं लंबित हैं। बैठक में बताया गया कि वित्त वर्ष 2023-24 अब तक कुल स्वीकृत कुल 82 योजनाओं का क्रियान्वयन तीन एजेंसी से कराया जा रहा है, जिसकी निविदा प्रक्रियाधीन है। उपायुक्त ने वित्त वर्ष 2022-23 की लंबित सभी योजनाओं को अगले 30 दिनों के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित कराने तथा चालू वित्तीय वर्ष में स्वीकृत योजनाओं की ससमय निविदा कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

### रिम्स में गंदे पानी के री-साइकिल के लिए लगेंगे चार ट्रीटमेंट प्लांट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स हॉस्पिटल से निकलने वाला गंदा पानी अब बर्बाद नहीं होगा। इसे ट्रीटमेंट प्लांट में प्रोसेस कर दोबारा से इस्तेमाल के लायक बनाया जायेगा। इसके लिए रिम्स कैंपस के अलग-अलग ब्लॉक में चार जगहों पर ट्रीटमेंट प्लांट लगाये जायेंगे। इसकी तैयारी चल रही है। इसके लिए जगह भी चिन्हित कर लिया गया है। इसके बाद हॉस्पिटल से निकलने वाले पानी को रि-साइकिल किया जा सकेगा।

**3.02 करोड़ किए जाएंगे खर्च :** हॉस्पिटल में लंबे समय से एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाने को लेकर योजना बनाई जा रही थी परंतु अब ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए ₹3,02,13,631 खर्च किए जाएंगे। ये प्लांट हॉस्पिटल और लैब से निकलने वाले गंदे पानी को रि-साइकिल करेंगे, ताकि इसे दोबारा इस्तेमाल करने लायक बनाया जा सके। हालांकि ये पानी पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। यह पानी प्लांटेशन और सफाई के लिए यूज किया जा सकेगा।

**यहां बनेगा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट**

बायोलॉजिकल एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट 10 केएलडी रिम्स कैंपस : ₹90,13,332

बायोलॉजिकल एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट 15 केएलडी सुपर स्पेशियलिटी एंड डेंटिस्ट्री कैंपस में ₹81,75,500

बायोलॉजिकल एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट 10 केएलडी ट्रामा सेंटर कैंपस में ₹66,01,047

बायोलॉजिकल एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट 10 केएलडी ओंकोलॉजी कैंपस में ₹64,23,752 रुपये की लागत से प्लांट लगेगा।

# ओबीसी को चाहिए 50% आरक्षण, 27% की मांग करने वाले नेता धोखेबाज : राजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वैसे सामाजिक संगठन जो अब भी ओबीसी के 27 % आरक्षण की मांग करते हैं। वे ओबीसी समुदाय के साथ धोखा कर रहे हैं, समाज को गुमराह कर रहे हैं। उक्त बातें आज प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि जब राज्य में अनुसूचित जाति/ जनजाति की जितनी आबादी है उतना आरक्षण क्रमशः 10% व 26% दी जा रही है। सामान्य वर्ग की आबादी,जिनकी जनसंख्या 10% भी नहीं है के बावजूद उन्हें एहर के नाम पर 10% आरक्षण दी जा रही है। वहीं ओबीसी समुदाय जिनका राज्य में 55% आबादी है ,उनके लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग करना अब ओबीसी समुदाय के साथ धोखेबाजी है। या कहे अपरिपक्वता की निशानी है। वैसे संगठन जिनको सामाजिक, राजनीतिक, संवैधानिक समझ ना हो वैसे सामाजिक संगठन को ओबीसी का नेतृत्व करने का काम छोड़ देना चाहिए।

मालूम हो कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जो एक संवैधानिक संस्था है, जिन्होंने राज्य में ओबीसी को 36 से 50% आरक्षण देने की अनुशंसा सरकार से की है। बावजूद कुछ सामाजिक संगठन ओबीसी को 27% आरक्षण मांग कर रहे हैं। ऐसा कर वैसे संगठन ओबीसी समुदाय को गुमराह कर रहे है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में इस संबंध में दो बार प्रेस वार्ता कर वैसे सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों को संदेश दिया गया था कि बदली हुई परिस्थिति में अब हम सभी को जनसंख्या के अनुपात में ओबीसी के आरक्षण की मांग करनी चाहिए। बहुत सारे संगठन और आजसू पार्टी अब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा 50% आरक्षण देने की वकालत करने लगी है, जिसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने आजसू पार्टी का आभार भी व्यक्त किया था। एक बार फिर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रेस वार्ता कर वैसे संगठन को आगाह किया है कि बदली हुई परिस्थिति में अब जनसंख्या के अनुपात में 50% आरक्षण की मांग करें। नहीं तो ओबीसी का नेतृत्व करना छोड़ दें। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा महानगर अध्यक्ष विष्णु कुमार मृत्युंजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## सीआइपी में अनुबंध पर होगी 14 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति

### 28 तक जमा कर सकते हैं बायोडाटा, 31 अक्टूबर को होगा इंटरव्यू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय मनः चिकित्सा संस्थान (सीआईपी) में अनुबंध पर 14 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति होगी। इसके लिए अभ्यर्थी को 28 अक्टूबर तक आवेदन के साथ बायोडाटा, दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक व अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति जमा करना है। वहीं 31 अक्टूबर की सुबह 9:30 बजे साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। नियुक्ति 1 साल के लिए या फिर नियमित नियुक्ति जो पहले हो इसके आधार पर होगी। नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर को प्रति माह 95 हजार रुपये मानदेय का भुगतान किया जाएगा। अभ्यर्थी की उम्र 40 वर्ष से कम होनी चाहिए। साथ ही कम से कम 3 साल का शिक्षण का अनुभव जरूरी है।

**इन विभागों में इतने पदों पर होगी नियुक्ति**

एनेस्थीसियोलॉजी के लिए दो, साइकेट्री के छह, न्यूरोलॉजी के तीन, न्यूरो सर्जरी के दो और रेडियो डायग्नोसिस के एक पद पर अस्सिटेंट प्रोफेसर की नियुक्ति होगी।

## खबर एक नजर में

### वृद्धाश्रम में रालोजद ने किया राशन का वितरण



**रांची।** बुजुर्गों की समस्या अकल्पनीय है। वृद्धावस्था अभिशाप होती जा रही है। उनका जीवनयापन बहुत कठिन होता जा रहा है। बरियातू स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों के लिए गुरूवार को खाद्य सामग्री वितरित करते हुए राष्ट्रीय लोक जनता दल , झारखण्ड के कार्यकारी अध्यक्ष संदीप कुमार ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष के दौरान बुजुर्गों के लिए कुछ कर पाने का अवसर वाकई मे एक सुखद अनुभव है। उन्होंने पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ राशन का वितरण किया। अभिषेक साहू ने कहा आज आज की पीढ़ी बुजुर्ग माता पिता से सामंजस्य स्थापित नही कर पाते और इसी वजह से वृद्धाश्रम कि संख्या मे बढ़ोत्तरी हो रही। कई बुजुर्ग ऐसे है जिनके संतान होते हुए भी वो लाचार हैं और वृद्धाश्रम में रह रहे हैं जो कि शर्मनाक है। इस मौके पर युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष नितेश कुमार, जगगनाथपुर प्रभारी संजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सरप्लस शिक्षकों की सूची में काफी विसंगति, सुधार की जरूरत : संघ

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि सरप्लस सूची में काफी खामियां हैं। यह कार्य एक वर्ष से चल रहा है। तीन से चार बार सूची जारी किया गया। प्रत्येक सूची में अलग अलग शिक्षकों का नाम था। सरप्लस की गणना जिला पीटीआर की ओर से किया गया है, जबकि इसे विद्यालयवार आरटीई मानक के अनुसार किया जाना चाहिए था। आरटीई के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में वर्ग एक से 5 में कम से कम दो शिक्षक एवं मध्य विद्यालयो में कम से तीन शिक्षक विज्ञान एक सामाजिक विज्ञान एक और भाषा में एक शिक्षक को रखा जाना है। उन्होंने मांग किया है कि सरप्लस शिक्षकों की सूची और मेघांक दोनो में सुधार करते हुए पुनः नए सिरे से आवेदन करने का निर्देश दिया जाये। सरप्लस शिक्षकों की कई बार जारी की गई जब को जारी सूची में अलग अलग शिक्षको का नाम था।

### महालया को लेकर भारी उत्साह, दुर्गा बाड़ी में महिषासुरमर्दिनी की भव्य प्रस्तुति 14 को

**रांची।** दुर्गा पूजा के अवसर पर शनिवार को संध्या 6:30 बजे से देवी दुर्गा के इस धरा पर अवतरण को उत्सव के रूप में मनाए जाने वाले महालय को लेकर बंग समुदाय में उत्साह अपने चरम पर पहुंच चुका है। इस अवसर पर मेन रोड स्थित श्री दुर्गा बाड़ी में प्रतिवर्ष होने वाले महिषासुर मर्दिनी का मंचन विगत अनेक वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष 14 अक्टूबर को होने वाले इस आयोजन को अधिक भव्य बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है, कलाकारों के लिए एक से बढ़कर एक सुमधुर गीतों के साथ कथाक्रम को गति देने के लिए पार्श्व स्वरों की रिकॉर्डिंग पूरी कर ली गई है, महालय के इस कार्यक्रम में किसी भी रूप में जुड़ पाना बंग भाषियों के लिए मां का आशीर्वाद माना जाता है। ख्याति प्राप्त नृत्यांगना रूपा डे के निर्देशन में लगभग 60 कलाकार पूरी भव्यता से महिषासुरमर्दिनी की प्रस्तुति देंगे। जिसमें विभिन्न भूमिकाओं में (माता रानी के नौ रूपों) बालिकाएं,साथ ही असुर के रूपों में तथा अप्सराओं के रूप में सभी कलाकार कड़ी मेहनत के साथ तैयारी में लगे हैं जिसकी प्रस्तुति महालया के दिन देखने को मिलेगी। यह जानकारी श्री दुर्गा बाड़ी के प्रवक्ता प्रदीप राय ने दी।

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष चुने गये अमिताभ पांडेय

**रांची।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष अमिताभ पांडेय चुने गये। गुरूवार को सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। संरक्षक सह चुनाव प्रभारी पंडित वसंत व्यास के निर्देशन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुआ। इसके तहत अध्यक्ष के रूप में अमिताभ कुमार पांडेय उपाध्यक्ष- कृष्ण बिहारी मिश्र, बंशीधर मिश्र, मंत्री- रवींद्र कुमार मिश्र; रवि, सहमंत्री- डॉ.आशुतोष पांडेय, श्रवण कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष-शशिकांत मिश्र संगठन मंत्री- विनायक शर्मा,प्रवक्ता- पंकज कुमार पाठक को चुना गया। संरक्षक विजयानंद सरस्वती, अवधमणि पाठक, आचार्य मिथिलेश कुमार मिश्र, बसंत कुमार पाठक एवं उदय शंकर मिश्र हैं। चुनाव के पूर्व भगवान भास्कर का सामूहिक पूजन संपन्न हुआ। महासभा के रांची ईकाई की कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें रांची के अलावे खूंटी, लोहरदगा, गुमला, गढ़वा, डाल्टेनगंज, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, चतरा, गिरिडीह, धनबाद सहित कई जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।धन्यवाद ज्ञापन विजयानन्द सरस्वती ने किया। यह जानकारी प्रवक्ता मनोज कुमार पुटू ने दी।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का जिला स्तरीय कला-उत्सव 2023-24 में शानदार प्रदर्शन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कला- उत्सव 2023- 24 में अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्रा अवनि चैधरी ने शास्त्रीय नृत्य (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के ऋतुराज रॉय ने विजुअल आर्ट टू डाइमेंशनल (बालक वर्ग) में प्रथम स्थान, कक्षा दसवीं की रोहिणी राज ने लोकगीत (बालिका वर्ग) में प्रथम स्थान तथा कक्षा नवम्‍ के सार्थक लाल ने लोकगीत (बालक वर्ग) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही 11वीं कक्षा के साहिल ने अवनद्य वाद्य- संगीत वादन (बालक वर्ग) में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अवनि चैधरी, ऋतुराज रॉय और रोहिणी राज को कला-उत्सव के राज्य स्तर के लिए भी चयनित किया गया। सरला बिरला पब्लिक स्कूल अपने छात्रों की उपलब्धि पर गौरवान्वित है। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों के परिश्रम और लगन की प्रशंसा की और उन्हें कला और संस्कृति के प्रति समर्पण के लिए प्रोत्साहित किया।

### शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के 21 छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बढाई विद्यालय की गरिम। शारदा ग्लोबल स्कूल ने अपनी स्थापना के मात्र 7 वर्षों में शैक्षणिक एवं गैरशैक्षणिक स्तर पर जो प्रतिष्ठा अर्जित की है वह अद्भुत है क्योंकि इस विद्यालय के छात्र नित नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर विद्यालय की गरिमा एवं प्रतिष्ठा पूरे रांची में ही नहीं बल्कि झारखण्ड से बाहर अन्य प्रदेशों में भी प्रतिष्ठित कर रहे हैं और विद्यालय पहले से प्रतिस्थापित प्रतिष्ठित विद्यालयों की ओर अग्रसित हो चुका है। विद्यालय में विद्यालय स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्पधाएँ छात्रों की क्षमता को जहाँ निखारती है। वहीं उनके मनोबल का उत्साहवर्धन भी करती है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने विजयी छात्रों को मेडल एवं सर्टिफिकेट्स देकर बधाई दी।

### भाजपा ने सुरेश्वर धाम से निकाली कलश यात्रा

**रांची।** भाजपा रांची महानगर ने मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत चुटिया स्थित सुरेश्वर धाम से कलश यात्रा निकाली। इसका नेतृत्व महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने किया। यह जुलूश सुरेश्वर धाम मन्दिर से लेकर राम मन्दिर चुटिया तक पहुंची। यात्रा के बाद राम मन्दिर चुटिया में महानगर के 17 मंडलों के 53 वार्ड क्षेत्र से लाई मिट्टी बड़ा कलश में संग्रह की गई। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर विधायक नवीन जायसवाल, केके गुप्ता, वरुण साहु, बलराम सिंह, अनीता वर्मा, अमित सिंह, प्रेम मित्तल, कृपाशंकर सिंह, शोभा यादव, सत्यनारायण सिंह, आरती सिंह, आरती कुजूर, रमेश सिंह, मुनचुन राय, गुरबिंदर सिंह सेठी, निशी जयसवाल, संजीव विजयवर्गीय, संदीप वर्मा, संजय जायसवाल व अन्य शामिल थे।

## स्पीकर ने युवा व्यवसायी अरुण सिन्हा को किया सम्मानित

**रांची।** झारखंड इंटेलैक्चुअल समिट के दूसरे दिन गुरुवार को स्पीकर रविन्द्र नाथ महतो ने युवा व्यवसायी अरूण सिन्हा को सम्मानित किया। यह आयोजन पुराना विधानसभा सभागार में किया गया था। इसके पहले श्री महतो ने कहा कि झारखंड के विकास में सभी की भूमिका जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले 23 सालों में झारखंड का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। हालांकि, सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य तेजी से विकास के पायदान में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने झारखंड इंटेलैक्चुअल फोरम के कार्यों की सराहना की।

मालूम हो कि झारखंड इंटेलैक्चुअल फोरम की ओर से यहां तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन विधानसभा के स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने इन्हें अलग अलग हिस्सों में लोगों को रोजगार देने के लिये सम्मानित किया। इसमें विधायक सीपी सिंह, जेपीएससी अध्यक्ष नीलिमा केरकेप्ता, पूर्व विधायक जानकी यादव के साथ कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। स्वागत भाषण फोरम के संस्थापक प्रेम कुमार ने दिया।

कार्यक्रम में मनोज कुमार सिंह, राम किंगर पांडेय, शमशेर राही, पवन, अखिलेश, मनीष, अभिषेक , भोलानाथ चौधरी, अरुण लाल, सुरेंद्र दास, निरंजन भारती, दीपक तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# चिरौंदी में कमरे से संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक-युवती का शव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी के बरियातू थाना क्षेत्र में डबल सुसाइड का मामला सामने आया है। बरियातू के चिरौंदी स्थित एक घर में एक युवक और युवती का शव बरामद किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर पहुंचकर अपने स्तर से जांच कर रही है।

**मकान मालिक ने दी जानकारी :** युवती रंजन सोरेन नाम के व्यक्ति के घर में बतौर किरायेदार पिछले चार



महीने से रह रही थी। युवती एक प्राइवेट कंपनी में काम किया करती थी। गुरुवार की सुबह जब दस बजे के बाद भी युवती अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तब मकान मालिक उसे देखने गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, खिड़की से देखने पर दोनों के शव दिखाई दिए, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची मामले की जांच करने में जुट गई। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि तमाम तरह के सबूत इकट्ठा कर मामले को सुलझाया जा सके।

**गुमला की रहने वाली थी युवती**

जिस कमरे से युवक और युवती का शव बरामद किया गया। वह अंदर से बंद था। मृतकों में युवती की पहचान गुमला की रहने वाली अन्नू टोप्पो के रूप में हुई है। वहीं युवक का नाम रूपेश कुमार है, जो एकमा का रहने वाला था। वह फिलहाल रामगढ़ के घाटो में रह रहा था। दोनों एक ही कंपनी में काम करते थे। आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक और युवती प्रेमी प्रेमिका थे और दोनों के बीच बुधवार की रात में किसी मामले को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद युवक ने युवती को मार डाला और फिर खुद सुसाइड कर लिया।

# मेडिका का 14 से दो दिनी कैंसर कॉन्क्लेव, जुटेंगे देश के विशेषज्ञ

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** मेडिका रांची चैप्टर की ओर से 14 अक्टूबर से दो दिनी कैंसर कॉन्क्लेव का आयोजन होटल बीएनआर में आयोजित किया गया है। इसमें देश के विशेषज्ञ कैंसर चिकित्सक शामिल होंगे। यह कार्यकम शनिवार की सुबह आठ बजे से होटल बीएनआर में शुरू होगा और डॉक्टर अपना रजिष्ट्रेशन करायेंगे। दिन के 11 बजे कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णनन करेंगे। वहीं, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मेडिका के वाइस प्रेसीडेंट अनिल कुमार ने बताया कि इस दौरान मेडिका के अध्यक्ष डॉ नंद कुमार जयराम, ऑन्कोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ सौरभ दत्ता और मेडिका ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर राणा उदयन लहरी, संयुक्त प्रबंध निदेशक अयनभ देब गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे।

वहीं, अंकोलॉजिस्ट डॉ गुंजेश कुमार, डॉ. सुरेश, डॉ मदन और प्लास्टिक सर्जन प्रिंरा गुप्ता ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस कॉन्क्लेव में देश के प्रसिद्ध कैंसर चिकित्सक कैंसरी की विभिन्न बीमारी और उनके नवीनतम इलाज पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

अयनाभ देव गुप्ता ने कहा है कि मेडिका कोलकाता में 250 बिस्तरों वाले नए कैंसर अस्पताल के साथ आया है और सिलीगुड़ी कैंसर अस्पताल में बिस्तरों की संख्या बढ़ा दी है। मेडिका रांची में नया कैंसर अस्पताल भी लेकर आ रही है। मेडिका ऑन्कोलॉजी के निदेशक डॉ. सौरव दत्ता ने कहा है कि मेडिका में कैंसर टीम अंग-विशिष्ट कैंसर सर्जरी कर रही है। बीएनआर में उपस्थित डॉक्टर इस सर्जरी को लाइव देख पायेंगे। सर्जरी के दौरान होने वाली जटिलता और तकनीक के बारें में बीएनआर में देख रहे डॉक्टर सीधे ओटी के डॉक्टर से सवाल पूछ पायेंगे।

## सेल सैटेलाइट टाउनशिप में होगी पारंपरिक दुर्गा पूजा



**रांची।** दुर्गा पूजा के लेकर राजधानी में काफी उत्साह है। एक से बढ़कर एक पंडाल का निमार्ण राजधानी में हो रहा है। इस बार सेल सैटेलाइट टाउनशिप दुर्गा पूजा एवं काली पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन कर रहा है। लगातार 32 बर्षो से समिति दुर्गा पूजा एवं काली पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन करता आ रहा है। इस बार पूजा पंडाल को पारम्परिक स्वरुप में बनाया जा रहा है। पूजा पंडाल की ऊंचाई 50 फीट एवं चौड़ाई 44 फीट है। गर्भगृह में माँ दुर्गा की 15 फीट की विशाल प्रतिमा के अनुरूप विभिन्न चित्रों एवं रंगो से साज-सज्जा का काम जोर शोर से किया जा रहा है। प्रसिद्द मूर्तिकार अजय कुमार पाल के द्वारा विशिष्ट प्रिंटिंग विधि से माँ दुर्गा की मूर्ति बनाई जा रही है। पूजा महोत्सव के दौरान महाषष्ठी से लेकर दशमी तक विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। पुजा के सफल आयोजन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष निर्मल प्रधान, महासचिव श्रवण प्रधान एवं सचिन कुमार तथा कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह को बनाया गया है।

## पटेल बीएड कॉलेज में अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** पटेल बी0 एड0 कॉलेज काटमकुकू में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्राचार्या डॉ0 अनुराधा कुमारी ने कलश में मिट्टी डालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज के एन0 एस0 एस0 प्रोग्राम अधिकारी नीरज कुमार आलोक द्वारा पंच प्रण प्रतिज्ञा सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को दिलवाया गया एंव कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक, छात्र एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## डीपीएस स्कूल में पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**रांची।** सीसीएल, रांची द्वारा डीपीएस स्कूल, रांची में सतर्कता जागरूकता अभियान 2023 के तहत पेंटिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 100 छात्रों ने भाग लिया। बिमल कुमार, मुख्य प्रबंधक (खनन), सतर्कता विभाग ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लाभों के बारे में छात्रों को सम्बोधित किया।

## आइआइसीएम में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड तथा आइआइसीएम के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान (आइआइसीएम), रांची में गुरुवार को क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें निवारक सतर्कता रणनीतियां, अनुशासनात्मक कार्यवाही और आईओ/पीओ की भूमिका विषय पर आयोजित यह कार्यक्रम तीन महीने लंबे सतर्कता अभियान का हिस्सा है। उद्घाटन समारोह में सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी और सीएमपीडीआईएल के सीएमडी मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड तथा इसकी सहायक कंपनियों, हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी), मेकॉन और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## राज्य से दक्षिण भारत की ओर चलने वाली ट्रेनों के मार्ग में बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य से दक्षिण मध्य रेलवे की ओर चलने वाले ट्रेनों के मार्ग में एक फिर से बदलाव किया गया है। ये बदलाव दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाड़ा मंडल में चल रहे विकास कार्यो की वजह से ब्लॉक लिये जाने के कारण लिया जा रहा है। इसमें ट्रेन संख्या 13351 धनबाद अल्लपुझा एक्सप्रेस की यात्रा 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुड़ीवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।

- ट्रेन संख्या 12835 हटिया सर एम विश्वईश्वरैया बेंगलुरु एक्सप्रेस की यात्रा 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी।
- ट्रेन संख्या 22837 हटिया एणार्कुलम एक्सप्रेस की यात्रा 16 अक्टूबर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमवरम टाउन, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर चलेगी. मार्ग परिवर्तन के कारण इस ट्रेन का एलूरु स्टेशन पर ठहराव नहीं होगा।
- ट्रेन संख्या 18111 टाटानगर यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 19 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर यशवंतपुर तक जायेगी।
- ट्रेन संख्या 12889 टाटानगर सर एम विश्वेश्वरैय्या टर्मिनल बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस 20 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर बेंगलुरु तक जाएगी।
- ट्रेन संख्या 13351 धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस 15 से 20 अक्टूबर तक परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर एलेप्पी स्टेशन तक जाएगी।
- 18 अक्टूबर को ट्रेन संख्या 12376 जसीडीह ताम्बरम साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग निडदवोलु, भीमावरम, गुडिवाड़ा, विजयवाड़ा होकर बेंगलुरु तक जाएगी।

# झारखंड में वैश्य समाज की आबादी सबसे अधिक अधिकार भी उसी अनुपात के अनुसार मिले

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में वैश्य समाज की आबादी सबसे अधिक है,तो अधिकार भी उसी अनुताल के अनुसार मिलना चाहिए। यह बातें गुरूवार को वैश्य मोर्चा के 5 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा सभी उप जातियों को अपना अपना संगठन चलाते हुए भी वैश्य मोर्चा के आंदोलन में जुड़ना चाहिए. मैंने सरकार में रहते हुए जो ओबीसी के लिए प्रस्ताव लाया था, उसे लागू कराने के लिए आंदोलन होना चाहिए। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं पहले समाज का हूँ, फिर किसी पार्टी का समाज के लिए जब भी जरूरत पड़ेगी, मैं आपके साथ खड़ा रहूँगा। उन्होंने ने कहा कि वैश्य मोर्चा जो ओबीसी की लड़ाई लड़ रही है,वह बिलकुल जायज है। ओबीसी को फिलहाल 27% आरक्षण मिलना ही चाहिए. लेकिन बिना संघर्ष किए कुछ भी हासिल नहीं होता है। मैं सरकार में रहते हुए भी आपकी आवाज बनना चाहता हूं। राज्यसभा सांसद आदित्य साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा के इस स्थापना दिवस कार्यक्रम से एक संदेश जाना चाहिए और जल्द ही बड़े कार्यक्रम की तैयारी करनी चाहिए। सभा को सांसद संजय सेठ , विधायक नवीन जायसवाल,, झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री,पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी,, गुड़गांव के पूर्व विधायक सह अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महासचिव उमेश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा समाज के मुद्दों पर लड़ने वाली संगठन है। स्वागत भाषण तैयारी समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु एवं वैश्य मोर्चा की गतिविधियों की जानकारी कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु ने दिया। संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार एवं इंदु भूषण गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

## जिला स्तरीय कला उत्सव में निर्मला कॉन्वेंट के 9वीं का आर्यन दुबे थर्ड



**रांची।** जिला स्तरीय कला उत्सव 2023 में नौवीं कक्षा के आर्यन दुबे ने शास्त्रीय नृत्य में पूरे जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा उप प्राचार्य शिल्पी रानी ने आर्यन दुबे को विद्यालय के द्वारा भी उनके इस उपलब्धि पर सम्मानित किया तथा प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों की सफलता देखकर विद्यालय खोलने का उद्देश्य पूर्ण लगता है, क्योंकि बच्चों के सर्वांगीण विकास और समाज में उनकी भागीदारी बहुत ही आवश्यक है और विद्यालय नित्य प्रतिदिन इस कार्य पर लगा हुआ है।

विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने आर्यन दुबे के सफल भविष्य की कामना की तथा उनके माता-पिता को भी इसके लिए बधाई दी है। इस मौके पर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी, शिक्षक-शिक्षिका पंकज कुमार, आशुतोष कुमार, सुधा राणा, सुधीर कुमार, गुड़िया कुमारी, शिवानी कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

# मानवीय पहलू

**कि**सी भी युद्ध के कुछ मानवीय नियम कानून होते हैं जिसका पालन करना होता है। अमेरिका ने इस दिशा में एक संदेश दिया है कि मानवीय स्थितियों को मूल्यांकन किया जाए। निश्चित तौर पर युद्ध चाहे जिन कारणों से लड़ा जाए इसका बुरा असर महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों पर पड़ता है। इसरायल द्धारा धोषित युद्ध में जिस प्रकार गाजा पट्टी की बिजली, पानी, गैस और स्वास्थ्य संबंधित समस्या पैदा की गयी है यह विश्व के लिये शर्मनाक है। आतंकी संगठन के कृत्य हो या इसरायल का क्रोध में लिया गया निर्णय दुनिया के सामने सवाल है कि क्या 23 लाख लोगों का अपराध क्या है? यह क्षेत्र हमास आतंकी का गढ़ बना तो क्या आम लोग की इसमें सीधे कोई भागीदारी होती है। इसरायल का आरोप है कि आम लोगों के सहयोग से ही हमास अपनी गतिविधि का संचालन करता है और वह पूरी तरह से हमास का सफाया करके दम लेगा। तीन लाख से अधिक लोग के पलायन की खबर की निराशाजनक है। वर्तमान समय में यह आशंका है कि इसरायल पूरे गाजा पट्टी को ही खाली करा ले क्योंकि अमेरिका और जर्मनी सहित विश्व के ज्यादातर मानवाधिकार के पैरवीकार देश उसके साथ है। इसरायल बार-बार धमकी दे रहा है कि वह इस बार डेमोग्राफी बदल देगा। सवाल यह उठता है कि इन गरीबी, बेरोजगार और मानवीय सुविधाओं से वंचित गाजा पट्टी के 23 लाख फिलिस्तीनी के मानवीय पहलू पर आवाज कहां से उठेगी या उठेगी ही नहीं। साथ ही हमास के कुर्कमों की सजा भी उचित मंच पर सही ढंग से मिले यह भी आवश्यक है। युद्ध हो या हिंसा दोनों स्थितियों में मानवीय पहलू पर विमर्श और उस पर उचित कार्रवाई आज समय की सबसे बड़ी मांग है और मानवीय दुनिया का आवश्यकता भी।

# बृद्धजनों का ख्याल

**सी**नियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम पर मौजूदा अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए ब्याज में 0.2 फीसदी की बढोतरी की गई है। अब इस स्कीम पर ब्याज 7.4 फीसदी से बढ़कर 7.6 फीसदी हो गया है। सरकार रउरर सहित अन्य छोटी बचत योजनाओं पर हर तिमाही ब्याज का निर्धारण करती है। जोखिम रहित निवेश, उच्च ब्याज दर और ब्याज के हर तिमाही भुगतान की सुविधा की वजह से यह स्कीम सीनियर सिटीजन के बीच काफी लोकप्रिय है।इस स्कीम की लोकप्रियता तब से और बढी है जबसे वरिष्ट नागरिकों के डिपॉजिट पर एक वित्त वर्ष में मिलने वाले 50 हजार रुपये तक के ब्याज को टैक्स-फ्री कर दिया गया है। इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सेक्शन के तहत 60 या 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति यानी सीनियर सिटीजन को बैंक, को-ऑपरेटिव सोसायटी, पोस्ट ऑफिस सेविंग अकाउंट व टर्म डिपॉजिट पर एक वित्त वर्ष में 50 हजार रुपये तक मिलने वाला ब्याज टैक्स-फ्री है।यह स्कीम सिर्फ वरिष्ट नागरिकों के लिए है। इस स्कीम में 60 वर्ष या इससे ज्यादा उम्र का कोई व्यक्ति व्यक्तिगत या संयुक्त अकाउंट खोल सकता है। 55 से 60 वर्ष के बीच स्वैच्छिक निवृत्ति योजना या रिटायरमेंट लेने वाले और 50 वर्ष से ज्यादा की उम्र के रिटायर्ड डिफेंस पर्सनेल भी इसमें निवेश कर सकते हैं। लेकिन इन लोगों को रिटायरमेंट बेनेफिट मिलने के एक महीने के अंदर इस स्कीम में निवेश करना होगा। खङ्कल्ल३ अकाउंट में न्यूनतम तीन होल्डर की उम्र को लेकर कोई बंधन नहीं है।इस अकाउंट में वन-टाइम निवेश ही किया जा सकता है। इसका मतलब है कि जिस समय आप इस स्कीम में निवेश करते हैं, उस समय सरकार ने उस पर जो ब्याज तय किया है, आपको मैच्योरिटी पीरियड तक उसी दर पर ब्याज मिलेगा।

# कैकयी का हठ

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**कैकयी** के कोप भवन में मनाने पहुंचे महाराज दशरथ ने कहा कि राम और भरत दोनों हमारे पुत्र हैं। कोई बात नहीं मेरे लिये दोनों पुत्र बराबर हैं। मैं थोड़ा नीति का पालन कर रहा था। श्री राम चारों भाइयों में बड़ें हैं इसलिये मैं उनको युवराज बना रहा था। वह बोली- महाराज आपको सामर्थ्य है कि आप किसी पुत्र को युवराज बना सकते हैं। राजा दशरथ बोले हां मुझें सामर्थ्य है मैं भरत जी को युवराज बना देता हूं। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। कैकयी बोली मुझे दूसरा वरदान दीजिए कि मैं श्रीराम जी को चौदह वर्ष वनवास भेजना चाहती हूं। ऐसा सुनते ही राजा दशरथ सन्न रह गये। वे बोले ये क्या बात है? इससे आपको क्या मतलब है? वह बोली आपको वरदान देना है तो दीजिए अन्यथा आप कहिए कि वरदान नहीं देंगे। राजा दशरथ गंभीर हो गये। वे सोचने लगे। स्थिति यह हो गयी कि वे पलंग से गिर पड़ें। रातभर वे हाय राम कहते रहे। सुबह हुई। प्रति सुबह जनता राजदर्शन के लिये आती थी। रोज सुबह महाराज दर्शन के लिये आते थे पर उस सुबह सूर्य उग गये है महाराज दर्शन के लिये नहीं आये।

**पछिले पहर भूपु नित जागा। आजु हमहिं बड़ अचरजु लागा।।**

नागरिक सोच रहें हैं कि आज महाराज जग नहीं रहे, हमलोग दर्शन के लिये खड़ें हैं। इतने में सुमंत जी राजकाज की बात करने के लिये आ गये। उन्होंने कहा कि भाइयों आपलोग क्यों खड़ें हैं?नागरिकों ने कहा सुमंत भईया हमलोगों को अभी तक महाराज के दर्शन नहीं मिले। क्या बात है हमलोग समझ नहीं पा रहें हैं। महाराज की तबियत खराब है क्या?

**(ब्रह्म विद्यायल सह आश्रम)**

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## दबाव बनेगा

**तंबाकू,** पान-मसाला, गुटखा व शराब जैसे पदार्थ सेहत के लिए हानिकारक हैं। फिर भी तमाम नामी सितारे रुपयों के लिए टी.वी. पर इनका प्रचार करते नजर आते हैं। विज्ञापन बाजार का एक ऐसा जाल है। सभी विज्ञापन बेकार भी नहीं होते। लेकिन अतिरेक, गलत व भ्रामक प्रसिद्धि न केवल कानूनन वर्जित है बल्कि आम आदमी का भी नुकसान करती हैं।

**– रविकांत सिंह, रांची**

## गुणवत्ता का हो प्रचार

**बड़ी**-बड़ी कंपनियां अपने उत्पादों को बेचने के लिए विज्ञापनों द्वारा करोड़ों रुपया खर्च करती हैं। वहीं आम जनता इससे प्रभावित होकर उत्पादकों को प्रयोग करती है। सितारों को चाहिए कि उन्हें पैसा कमाने के लिए उचित गुणवत्ता न होने वाले या लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालने वाले उत्पादकों का विज्ञापन नहीं करना चाहिए। इससे वे अपने चाहने वालों को धोखा दे रहे हैं। **पिंटू, हजारीबाग**

# मूल्यों के बिना राजनीति से नेताओं में कम होता विश्वास




**भले** ही चुनावों को लेकर औपचारिक प्रावधान बरकरार हैं लेकिन भारतीय लोकतंत्र राजनीतिक संस्कृति के एक बड़े संकट का सामना कर रहा है। इस संकट में सत्ताधारी दल और विपक्ष के बीच के संवाद, एक विविधतापूर्ण समाज में बहुसंख्यकवाद की बढ़ती वैधता, मूल अधिकारों और कानून प्रवर्तन के प्रावधानों के प्रभाव को लेकर भरोसा कम होना, केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के अधिकारों के अतिक्रमण के साथ संघवाद का क्षय, विकास संबंधी नीतियों का चुनावी नतीजों को लक्ष्य कर बनाया जाना आदि बातें शामिल हैं।

भारतीय संविधान ने देश को धर्मनिरपेक्ष, उदार लोकतांत्रिक मूल्यों वाला बनाया और इसकी वजह थी विभाजन के सांप्रदायिक आधार को लेकर तीव्र प्रतिक्रिया। संविधान सभा की बहसों को पढ़ने से भी यह बात प्रमाणित होती है। नेहरू युग में इसका बचाव एक ऐसे नेता ने किया जो दिल से धर्मनिरपेक्ष था, संसदीय परंपरा की इज्जत करता था और लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका की भी। सच तो यह है कि सत्ताधारी दल स्वयं विविध हितों वाले लोगों का समूह था और इसलिए विचारधारा आधारित शासन रोकने में मदद मिली। आज जिस दल का सत्ता पर कब्जा है वह विचारधारा आधारित राजनीतिक शक्ति है। ऐसा नहीं है कि संसदीय परंपरा और विपक्ष का यह सम्मान नेहरू युग की खासियत रही। बहुत बाद में पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी यह देखने को मिला। परंतु इन दिनों विपक्ष और सरकार के साथ रिश्तों की जो स्थिति है और कानून तथा नीतियां बनाने के पहले मशविरों के न होने ने भी उस विश्वास को कमजोर किया है जिसके आधार पर एक लोकतांत्रिक सरकार काम करती है।

हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है एक धर्मनिरपेक्ष और उदार लोकतांत्रिक देश के रूप में हमारे भविष्य में आस्था बहाल करना और विविधता को लेकर व्यापक सहिष्णुता। यह बात संविधान की बुनियाद में अंतर्निहित है जिसके तहत सार्वभौमिक मताधिकार से शासन चलता है। इसका अर्थ है धर्म, जातीय पहचान, भाषा, लिंग और अन्य विविधता वाली बातों की भरपूर इज्जत करना।

सन 1940 के दशक में सार्वभौमिक मताधिकार के कारण समाज में समता की भावना पैदा हुई जबकि हमारा समाज ऐसा जहां पदसोपानिक असमानता सामाजिक ढांचे और व्यक्तिगत मनोविज्ञान में गहरे तक धंसी हुई है। इससे संबंधित निर्देश विभिन्न जिलों में पदस्थ सभी अफसरशाहों तक पहुंचाए गए कि ऐसी सार्वभौमिक मतदाता सूची तैयार की जाए। पहले से मौजूद मतदाता सूचियां प्रायः सार्वभौमिक नहीं होती थीं और समुदायों द्वारा तैयार की जाती थीं। अफसरशाहों ने इस आदेश को गंभीरता से लिया। उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाए। सार्वभौमिक मताधिकार जैसा सिद्धांत तब कारगर नहीं है जब समाज के किसी एक समूह की वैचारिकी हावी हो। लोकतंत्र के समक्ष सबसे बड़ा खतरा बहुसंख्यकवादी अधिनायकवाद है। इससे बचने के लिए हमें ऐसी राजनीतिक संस्कृति और मीडिया की जरूरत है जो लोगों के बीच विश्वास बढ़ाए।



**- नितिन देसाई**

> उदाहरण के लिए तत्कालीन बंबई के जिला कलेक्टर ने पूछा कि सड़कों पर रहने वालों को कैसे छोड़ा जा सकता है जबकि उनका तो कोई स्थायी पता भी नहीं होता। मेरा मानना है कि अफसरशाहों ने तय किया कि उनकी सोने की जगह को ही उनका पता माना जाए। यह नियम अब भी जारी है। आज जरूरत इस बात की है कि हमारी अफसरशाही शासन के हर स्तर पर ऐसी ही प्रतिबद्धता दिखाए।

सबसे पहले इस बात को चिह्नित करना होगा कि हम सब समान हैं और एक व्यक्ति का एक मत है। भले ही बहुसंख्यक वर्ग को जीत हासिल हो लेकिन अल्पसंख्यकों को भी अपने मतांतर के बचाव और संरक्षण का पूरा अधिकार है। यह भरोसा एक सक्रिय लोकतंत्र में पैदा होता है। दूसरी बात, इससे आगे यह भी कहा जा सकता है कि हर व्यक्ति अपना नजरिया पेश करने को स्वतंत्र है। इसका व्यावहारिक उदाहरण है लोकतंत्र में अल्पसंख्यक नजरिये को अभिव्यक्त करना। तीसरा, चरण एक कदम आगे का है जहां कोई व्यक्ति यह कह सकता है कि अगर मैं आपकी जगह रहूं तो ऐसा कहूंगा। ऐसी बातें एक लोकतांत्रिक देश में अल्पसंख्यकों के नजरिये को व्यवहार में जगह देती हैं। मिसाल के तौर पर विद्यालयों में माथे पर स्कार्फ लगाने की इजाजत देना। हमें आज ऐसी राजनीतिक संस्कृति की आवश्यकता है जिसमें सच्चाई, सम्मान, सभ्यता और संयम हों। यदि पुलिस कानून के बजाय अपने राजनीतिक आकाओं द्वारा तय नियमों का पालन करेगी तो ऐसा नहीं होगा। बहुसंख्यक वर्ग के निगरानी दस्ते अल्पसंख्यक प्रदर्शनकारियों को जिस प्रकार प्रताड़ित करते हैं और उन्हें जो बचाव प्राप्त है वह स्तब्ध करने वाला है। पुलिस की कार्यप्रणाली को निष्पक्ष बनाने के अलावा हमें गैर सरकारी संस्थानों के अहम तत्त्वों में भी नई ऊर्जा का संचार करना होगा ताकि लोग साथी नागरिकों के साथ नैतिक बंधन महसूस कर सकें।

देश में विविधता के सम्मान का एक अर्थ संघवाद का सम्मान करना भी होना चाहिए। संविधान में केंद्र सरकार शब्द का प्रयोग नहीं किया गया। इसके लिए संघीय सरकार का इस्तेमाल किया गया है जो संविधान में संघवाद पर जोर को उजागर करता है। संभवतः संघवाद का सबसे अहम पहलू जिसमें सुधार की जरूरत है वह है राज्यपालों की नियुक्ति। सरकारिया आयोग ने इसे लेकर कुछ अनुशंसाएं कीं लेकिन उनका पालन नहीं किया गया और हम एक ऐसी व्यवस्था में उलझ गए हैं जहां केंद्र सरकार अपने दल के वफादारों को राज्यपाल बनाकर राज्य सरकारों के कामकाज में बाधा डाल सकती है। परंतु ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां सुधार की जरूरत है। मसलन राज्य सूची के विषयों में केंद्र समर्थित योजनाओं का विस्तार।

इसकी वजहों में से एक वह विकास नीति भी है जो चुनावी लोकलुभावनवाद पर केंद्रित है। जो लोगों की पसंद के मुताबिक उन्हें घरेलू गैस, बिजली, खाने-पीने की वस्तुएं, स्वास्थ्य सेवा (खासकर मौजूदा कोविड महामारी जैसी आपात स्थितियों में) जैसी सुविधाएं देती है। इसमें कुछ भी अवांछित नहीं है और यह वह तरीका है जिसका इस्तेमाल अमीरों ने हमेशा अपने हितों के बचाव में किया है। अच्छी दीर्घकालिक कल्याण नीति एक कदम आगे की होगी।

**'हमस'** आतंकियों के हमले से प्रभावित मित्र देश इजरायल में भारत के 18000 विद्यार्थियों के फँसे होने के बावजूद यदि भारत के किसी विश्वविद्यालय के छात्र हमस के समर्थन में मार्च आयोजित करते हैं तो मामला गम्भीर है।

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

सरकार ने जोहार खिलाड़ी पोर्टल की शुरूवात भी की है। जो देश का पहला ऐसा पोर्टल है, जहां खेल और खिलाड़ियों का डेटा एकत्रित कर उनकी मदद के लिए उपयोग में लाया जाएगा।यहां खिलाड़ी और प्रशिक्षकों का पूर्ण विवरण होगा।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





उत्तराखंड में पिथौरागढ़ के पवित्र पार्वती कुंड में दर्शन और पूजन से अभिभूत हूं। यहां से आदि कैलाश के दर्शन से भी मन आह्लादित है। अध्यात्म और संस्कृति की इस स्थली से अपने देश के सभी परिवारजनों के सुखमय जीवन की कामना की। **– नरेन्द्र मोदी**

खास बात

## बैंक खातों में गड़बडी और उसका निदान

**सुधांशु कुमार**

**किसी** अनजान खाते में रुपए पहुंच जाने पर आपकी रकम वापस भी मिल सकती है। बशर्ते आप संयम और सावधानी के साथ सही प्रक्रिया का पालन करें। हालांकि, इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लग जाता है। पूरी जांच-पड़ताल के बाद पैसा सही व्यक्ति के पास पहुंचा दिया जाता है। दरअसल, कई बार लोग हड़बड़ी में, जानकारी के अभाव में, गलत डिटेल्स मिलने पर या फिर अन्य कारणों से सही खाते के बजाय दूसरे खाते में पैसे पहुंचा देते हैं। अधिकतर यह गलती गलत खाता संख्या डालने/भरने की वजह से होती है। बहरहाल, अगर आपसे भी यह चूक हो गई है, तब सबसे पहले अपने बैंक से संपर्क करें।

आप चाहें तो बैंक का कस्टमर केयर नंबर डायल कर के इसकी सूचना दे दें या फिर ई-मेल लिखकर इस बारे में मदद मांगें। अगर शाखा आपके घर के पास है तब कोशिश करें कि आप ब्रांच मैनेजर को इस बारे में खबर कर दें।

वैसे, अगर रिसीवर पैसे लौटाने से मना कर दे, तब क्या होगा? जवाब है- कानूनी कार्रवाई। आप उसके खिलाफ पुलिस को शिकायत दे सकते हैं। केस भी करा सकते हैं। हालांकि, यह चीज मामले को और पेंचीदा बना देगी और हो सकता है कि इसमें आपका पैसा निकलने में अधिक समय लग जाए। इसलिए कोशिश करें कि बैंक और अपने स्तर पर रिसीवर के साथ बातचीत के जरिए जल्द से जल्द हल निकालने की कोशिश करें।

एक भी अंक इधर-उधर हो जाने से पूरा खाता नंबर बदल जाता है, इसलिए खाता नंबर अपने पास कहीं सेव कर के रखें। आपके इसके लिए फोन का नोटपैड यूज कर सकते हैं। यही नहीं, अकाउंट नंबर का स्क्रीनशॉट भी अपने पास रख सकते हैं, ताकि भूल की स्थिति में वह आपका काम न अटकने दे।

जब भी किसी नए खाते या अनजान व्यक्ति को पेमेंट करें, तो कोशिश करें कि पहले उसे डेमो के तौर पर एक रुपए भेज कर देख लें कि पैसे सही जगह जा रहे हैं या नहीं। यह प्रयोग मोटी रकम भेजने के वक्त खासा काम आता है।

# इसरों में एक प्रतिशत से भी कम है आइआइटीयन

**अभिनय आकाश**

इसरो के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ के अनुसार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को सैलरी स्ट्रक्चर के कारण देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं नहीं मिल रही हैं।

भारत के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों की श्रृंखला, सरकार द्वारा संचालित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के पूर्व छात्र वैश्विक कंपनियों के सीईओ में से हैं और विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष स्थान पर हैं। हालाँकि, वही आईआईटीयन भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के कार्यबल में 1 प्रतिशत से भी कम शामिल हैं। इसरो के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ के अनुसार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को सैलरी स्ट्रक्चर के कारण देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं नहीं मिल रही हैं। इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने हाल ही में एक टेलीविजन में कहा कि हमारी (देश की) सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को आईआईटी से इंजीनियर माना जाता है। लेकिन, वे इसरो में शामिल नहीं हो रहे हैं। अगर हम जाते हैं और आईआईटी से भर्ती करने की कोशिश करते हैं, तो कोई भी शामिल नहीं होता है।

इसरो ने गगनयान मिशन को लेकर दी खुशखबरी, उड़ान के लिए पहला टेस्ट क्रू मॉडल तैयार

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि अंतरिक्ष एजेंसी को सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा नहीं मिल रही है और इसरो में काम करने वालों में आईआईटी छात्रों की संख्या 1 प्रतिशत से भी कम है। इससे दिलचस्प सवाल उठते हैं। जब आईआईटीयन को भारत सरकार की उच्च तकनीक शिक्षा से अत्यधिक लाभ होता है, तो वे इसरो जैसे सरकार द्वारा संचालित विज्ञान संगठन के लिए काम करने से इनकार क्यों करते हैं? भारत सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास क्यों नहीं करती कि शीर्ष इंजीनियरिंग प्रतिभाएँ राष्ट्र की सेवा करें? सरकारी क्षेत्र की विज्ञान नौकरियाँ ग्लैमरस आईआईटी वालों के लिए इतनी अनाकर्षक क्यों हैं? चंद्रयान-3 मिशन के बाद, यह व्यापक रूप से चर्चा में था कि मिशन पर काम करने वाले अधिकांश वैज्ञानिक और टेक्नोक्रेट ऐसे थे, जिन्होंने कम-ज्ञात इंजीनियरिंग कॉलेजों से स्नातक किया था।

सामयिक




चंद्रयान-3 की सफलता पर तिरुवनंतपुरम से सांसद डॉ. शशि थरूर ने लोकसभा में कहा कि अगर आईआईटी के छात्र सिलिकॉन वैली गए, तो सीटन (इंजीनियरिंग कॉलेज, तिरुवनंतपुरम के पूर्व छात्र) हमें चंद्रमा पर ले गए। वह भारत के विभिन्न हिस्सों में गुमनाम इंजीनियरिंग कॉलेजों के पूर्व छात्रों के योगदान का जिक्र कर रहे थे और कैसे ऐसे लोगों ने चंद्रयान -3 मिशन पर काम किया। हमें गुमनाम इंजीनियरिंग कॉलेजों के इन पूर्व छात्रों को गर्व से सलाम करना चाहिए... वे समर्पण के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की सेवा करते हैं और इसरो जैसे राष्ट्रीय उद्यमों की रीढ़ हैं₹, डॉ. थरूर ने संसद में कहा। उनके कई सहयोगियों ने इस भावना को दोहराया और उन वैज्ञानिकों को सूचीबद्ध किया जो अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में कम-ज्ञात शिक्षा जगत से थे।

# आर्थिकी को भी उत्सव बना देते हैं पर्व -त्योहार

**सतीश सिंह**

भारत उत्सवधर्मियों का देश है। देश की आर्थिकी को भी मजबूत करने का काम करते हैं। ये रोजगार सृजन के भी स्त्रोत हैं। त्योहारों से स्थायी रोजगार सृजित नहीं होते हैं, लेकिन स्थानीय कामगारों, कलाकारों और शिल्पकारों को अस्थायी तौर पर कुछ दिनों या कुछ महीनों के लिए जरूर रोजगार मिल जाता है। इससे निजी अंतिम उपभोग में इजाफा होता है, जिससे मांग और आपूर्ति में बेहतरी आती है। साथ ही, विविध क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में इजाफा होता है।

पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के बिहार, झारखंड और ओडिसा में दुर्गा पूजा पर्व विशेष रूप से मनाया जाता है। दुर्गा पूजा के उत्सव में प्रतिमा बनाने वाले कुम्हार, दुर्गा मां के जेवर बनाने वाले कलाकार, नाटक करने वाले कलाकार, नृत्य-संगीत, होटल, रेस्टोरेंट, पर्यटन आदि उद्योगों को बढ़ावा मिलता है।

यूनेस्को ने 2021 में दुर्गा पूजा को अमूर्त सांस्कृतिक विरासतह्व घोषित कर दिया है, जिससे विदेशी पर्यटकों के आने की संभावना बढ़ी है। कोलकाता के रहवासियों ने यूनेस्को के प्रति अपनी कृतज्ञता एक कार्निवल आयोजित करके प्रकट की है।

वर्ष 2019 में पश्चिम बंगाल में लगभग 43,000 दुर्गा प्रतिमाओं का निर्माण किया गया था, जिससे कारोबार को अकूत बल मिला था। वर्ष 2019 में दुर्गा पूजा के दौरान हुए कारोबार पर ब्रिटिश काउंसिल

पर्व त्योहार

ने एक अध्ययन किया है, जिसके अनुसार वर्ष 2019 के दौरान दुर्गा पूजा में 32,377 करोड़ रुपये का व्यापार हुआ, जो पश्चिम बंगाल के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.58 प्रतिशत था। इस राशि में खुदरा क्षेत्र की हिस्सेदारी 27,364 करोड़ रुपये की थी। एक अनुमान के अनुसार, इस साल देश में दुर्गा पूजा के दौरान लगभग 1.25 से 1.5 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है।इस साल 40000 से अधिक पूजा पंडाल कोलकाता में बने। ममता दीदी की सरकार ने पंडाल निर्माण हेतु सभी पूजा समितियों को 60,000 रुपये (प्रत्येक) का अनुदान दिया। साथ ही, पूजा के दौरान खपत होने वाली बिजली पर 60 प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। चूंकि, अब कोरोना महामारी का डर खत्म हो चुका है। इसलिए, पश्चिम बंगाल में इस साल दुर्गा पूजा लोगों ने बढ़-चढ़ कर मनायी। इस साल पूजा में 40 से 45 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

पटना में 3000 से अधिक पंडाल बनाये गये थे। प्रतिमा, पंडाल और लाइटिंग में 125 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए। पंडालों के निर्माण में 2.5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक खर्च किए गए। छोटे पंडालों की संख्या 1600 थी, मझौले पंडालों की संख्या 1100 और बड़े पंडालों की संख्या 300 रही। पंडाल, लाइटिंग और पूजा की सामग्रियों की कीमतों में लगभग 25 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। फिर भी, पूजा समितियों ने पूरे उत्साह से दुर्गा पूजा का आयोजन किया है। झारखंड की राजधानी रांची में इस साल दुर्गा पूजा पर 386 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान रहा, क्योंकि झारखंड में दुर्गा पूजा के दौरान नये वाहन खरीदने की प्रथा है। रांची में इस साल पूजा के दौरान 3000 से अधिक दोपहिया वाहन बेचे जाने का अनुमान रहा। कोरोना काल के बाद दुर्गा पूजा के लिए धन का सबसे प्रमुख स्त्रोत प्रायोजन है। नामचीन पूजा पंडाल, पंडाल के द्वार, खंभे, बैनर और स्टॉल प्रायोजन के लिए मुहैया करवाते हैं। विज्ञापन से भी दुर्गा पूजा के लिए पैसे आते हैं। इस त्योहार में दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच मिठाइयों का आदान-प्रदान किया जाता है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मवेशी पालन से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे ग्रामीण : सत्यवंती




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में गुरूवार को मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में पंचायत स्तरीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुओं की जांच एवं दवा एवं विटामिन का नि:शुल्क वितरण किया गया। सत्यवंती देवी ने बताया कि इस तरह के शिविर का आयोजन होने से पशुपलकों को बहुत लाभ मिलता है। मवेशियों व जानवरों की स्वास्थ्य की नियमित जांच कर टीकाकरण एवं उपचार किया जाता है। जिससे जानवरों को पालने में सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि हमारे पंचायत में पशुपालन एक अच्छा रोजगार के रूप में उभरा है। दर्जनों परिवार गाय, भैस, बकरी, सुकर, मुर्गी आदि का पालन कर अपना जीविका पार्जन कर रहे हैं। शिविर को सफल बनाने में पशु चिकित्सक डॉ पंकज कुमार, अनिल तिवारी का विशेष योगदान रहा।

### खेलकूद प्रतियोगिता 28 को: दांगी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को एकल भुरकुंडा संच की भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संच के संरक्षक योगेश दांगी ने की। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ अंचल के उपाध्यक्ष भुवनेश्वर ठाकुर व कोषाध्यक्ष जेपी अग्रवाल मौजूद थे। मौके पर योगेश दांगी ने बताया कि भदानीनगर के आईएजी फुटबॉल ग्राउंड में 28 अक्टूबर को एक दिवसीय बालक-बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भुरकुंडा संच के 30 एकल विद्यालय व आसपास के 10-16 आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में 100, 200 व 400 मीटर की दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, कबड्डी आदि खेल आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में संच व जिला के लोग अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री दांगी ने बताया कि की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में विजय कुमार, शांति देवी, नंदकिशोर महतो, खिलेंद्र महतो, राजेश सोनी आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा : गैजेट्स दुकान में चोरी




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के एयरटेल टावर के निकट मेन रोड भुरकुंडा स्थित रियाज आर्ट एंड कार गैजेट्स दुकान में बीती रात्रि चोरो ने नकदी सहित 5 हजार रुपए लागत के सामनों की चोरी कर ली है। जानकारी के अनुसार जकात के लिए रखी दान पेटी को तोड़कर चोर 5-6 हजार रुपये नकद सहित दुकान से चार-पांच हजार की कीमत के समानो की चोरी हुई है। दुकान के संचालक ने बताया कि गुरुवार को सुबह साढ़े दस बजे दुकान खोला तो पाया कि सामान बिखरे पड़े हैं। अंदर जाने पर देखा की पीछे खिड़की का एक पल्ला टूटा हुआ है। साथ ही दानपेटी को भी तोड़कर पैसे निकाल लिए गए हैं। उसने बताया कि दुकान से छोटे समानो की है चोरी हुई है ताकि चोरो को ले जाने में दिक्कत न हो। दुकान के संचालक ने मामले की सूचना भुरकुंडा पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### फ्री दंत जांच शिविर 13 व 14 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेन रोड भुरकुंडा स्थित एयर टेल टावर के समीप विनायक डेंटल क्लिनिक में 13 व 14 अक्टूबर को दो दिवसीय दंत जांच शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए विनायका डेन्टल क्लिनिक के डॉ अमरजीत कुमार ने बताया कि शुक्रवार व शनिवार को लगने वाला उक्त शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर ढ़ाई बजे तक चलेगा। शिविर में अनुभवी चिकित्सक डॉ. अमरजीत कुमार ओरल एवं डेंटल सर्जन इम्प्लांटोलॉजिस्ट, हजारीबाग की डॉ. सुभांगी कुमारी एमडीएस, डॉ सरिता कुमारी बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी, पटना के डॉ. विकाश कुमार बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी एवं डॉ. नीतीश कुमार के द्वारा मरीजों के दांतों का नि:शुल्क इलाज किया जायेगा। साथ ही डॉक्टरों द्वारा उचित परामर्श भी दिया जायेगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से दो दिवसीय दंत जांच शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### बबलू नायक ने सीएम को दी तस्वीर



**रजरप्पा ।** एसटीएफ जवान सह सुकरीगढ़ा निवासी बबलू नायक ने एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सुंदर पोर्ट्रेट पेंटिंग चित्र भेंट की। मुख्यमंत्री ने बबलू को जमकर तारीफ करते हुए बधाई दी।

### मिट्टी से जुड़कर एकजुट हो: प्रभाकर

फोटो: 08 कार्यक्रम में मौजूद समिति के सचिव एवं अन्य. रजरप्पा । डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आजादी के 75वां महोत्सव के अवसर पर अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया. जिसमें एक अमृत कलश यात्रा में मिट्टी और दूसरे कलश में चावल दान स्वरूप दिया गया प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर के द्वारा सर्वप्रथम एक मुट्ठी चावल दान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें अपने मिट्टी से जुड़कर एकजुटता का परिचय देना चाहिए मेरी माटी, मेरा देश हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। बीएड प्रशिक्षुओं के द्वारा अमृत कलश को माथे में रखकर सुकरीगढ़ा गांव का भ्रमण किया गया।

# पंडालों में लगायें सीसीटीवी

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक में डीसी ने दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र की समस्याओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी पूजा समिति सदस्यों से पंडालों में सीसीटीवी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं किसी भी समय अनियमितता या परेशानी आने के क्रम में यथाशीघ्र जिला कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी समिति के सदस्यों को रोड से जगह छोड़कर पंडाल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पूजा समितियों को अपने अपने वोलेंटियर चिन्हित कर अपने थाना को सूचित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पूजा समिति के सदस्यों को आगजनी की समस्याओं से निपटने हेतु पूजा पंडाल के पास उचित मात्रा में बालू, पानी इत्यादि का प्रबंध रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने लाइटिंग की व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं अतिरिक्त जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेले के दौरान भीड़-भाड़ पर कब रखने हेतु सभी पूजा समितियों को पंडाल से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर पार्किंग स्थल चिन्हित करने का निर्देश भी दिया।

साथ ही पंडाल में प्रवेश एवं निकासी हेतु महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकासी द्वारा बनाने का निर्देश दिया। वही, उन्होंने किसी भी परिस्थिति में भड़काऊ अथवा अश्लील गाने न बजाने हेतु सख्त निर्देश दिए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये जाने की बात कही। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों एवं विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों से सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर प्रथम दृष्टया किसी भी हाल में उस पर विश्वास नहीं करने एवं तुरंत इसकी जानकारी नजदीकी थाना व जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने पर्व के दौरान भीड़ भाड़ की स्थिति में बच्चों के भटकने के मद्देनजर सभी पूजा समिति के सदस्यों को पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम का अच्छी तरह से इस्तेमाल करने एवं आने वाले लोगों को उनके बच्चों के पॉकेट में

### वोलेंटियर की सूचना थाना को दें पूजा समिति

अभिभावक के संबंधित पते व फोन नंबर डालने के प्रति जागरूक करने सहित अन्य उपायों की जानकारी दी।

अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक दिशा निर्देशों को पहुंचाने की अपील की । उन्होंने पर्व के दौरान किसी भी हालत में आपत्तिजनक गाने नहीं बजाने का निर्देश दिया। साथी उन्होंने विसर्जन विजया दशमी के दिन दिए गए समय पर ही करने का निर्देश दिया। दुर्गा पूजा के अवसर पर पूजा स्थलों / जुलूस में भड़काऊ नारे एवं उत्तेजक गाने नहीं बजे। पूजा पंडालों में उपयोग होने वाले विद्युत की आपूर्ति हेतु विद्युत विभाग से अस्थायी वैध कनेक्शन लिया जाय , ताकि शॉट - सर्किट से आगजनी की कोई घटना न हो। झारखड राज्य में प्लास्टिक का उपयोग वर्जित किया गया है । दुर्गा पूजा के अवसर पर किसी भी परिस्थिति में प्लास्टिक का उपयोग न किया जाय। पंडालों के आस - पास गंदगी नहीं फैलाएं।

# प्रमंडल सदर अस्पताल में सिरिंज के अभाव में टीकाकरण बाधित

**रोज 50-100 माता-पिता बच्चे को लेकर पहुंचते हैं टीकाकरण केंद्र सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि ने सीएस को दी जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में पिछले चार दिनों यहां टीबी की बीमारी सहित इन्फेक्शन से बचाव के प्रतिरोधक टीका बीसीजी और आईपीवी सहित अन्य प्रकार के कई टीकाकरण के लिए पहुंच रहें दर्जनों माता- पिता को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। मुख्य कारण टीकाकरण केंद्र में 0.1 एमएल के सीरिंज का अभाव। सदर अस्पताल में कई जरूरी दवाओं और बीमारी के इलाज में उपयोग होने वाले अन्य प्रकार के साधन की खरीदारी के लिए शहर के कई स्थानीय दुकान चिन्हित हैं और जरूरत पर निरंतर उपलब्ध भी कराया जाता रहा है लेकिन इसके बावजूद पिछले चार दिनों से प्रभावित टीकाकरण के लिए एक अदद सिरिंज उपलब्ध नहीं कराया जाना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल उठाता है। गुरुवार को इस मामले की सूचना हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट कर दी और उनसे इस मामले में संज्ञान लेने का आग्रह किया एवं हजारीबाग सिविल सर्जन डॉ. एस.पी.सिंह को भी इस मामले से मिलकर अवगत कराते हुए तत्काल सीरिंज उपलब्ध कराने का आग्रह किया। रंजन चौधरी ने इसकी सूचना छत्तीसगढ़ में पार्टी कार्य में व्यस्त हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल को भी दी। इधर जब इस लापरवाही का मामला सिविल सर्जन कहा कि टीकाकरण के लिए मुख्यालय से सीरिंज उपलब्ध कराया जाता है लेकिन मुख्यालय स्तर से फिलहाल सीरिंज नहीं उपलब्ध कराए जाने पर निर्देश प्राप्त हुआ है कि स्थानीय स्तर पर इसकी व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा की हमलोग स्थानीय स्तर पर सीरिंज का ऑर्डर कर चुके हैं और आने वाले दो दिनों में यह उपलब्ध हो जाएगा।

### रामगढ़ में रावण दहन पर रोक नहीं : एसडीओ

**रामगढ़।** एक दैनिक अखबार में रावण दहन कार्यक्रम स्थगित की छपी खबर पर जिला प्रशासन ने खंडन किया। एसडीओ जावेद हुसैन ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से रावण दहन कार्यक्रम के आयोजन पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है। लेकिन दहन के दौरान होने वाले भीड़भाड़ एवं इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन को कई व्यवस्थाएं करनी होती है।

एसडीओ ने कहा कि इस तरह की खबरें छपने से पूर्व जिला प्रशासन का पक्ष लेना चाहिए। गौरतलब है कि आगामी रावण दहन कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, रामगढ़ अंचल अधिकारी रामगढ़ एवं थाना प्रभारी रामगढ़ को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि आगामी रावण दहन कार्यक्रम के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, रामगढ़ अंचल अधिकारी रामगढ़ एवं थाना प्रभारी रामगढ़ को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### गोला : सड़क दुर्घटना में दो भाईयों की मौत

गोला। रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग के मगनपुर गांव के समीप गुरुवार दो बजे के करीब सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि गोला थाना क्षेत्र के मुरुडीह गांव निवासी डहरु महतो उर्फ सुधीर 35 वर्ष, रामलखन महतो उर्फ छुटूबाबू 25 वर्ष पिता भुटूकचंद महतो अपनी बाईक नंबर जेएच 24 बी 7547 पर सवार होकर दोनों अपने घर जा रहे थे। इस बीच गोला की ओर से स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे स्कूली वैन को बाईक सवार यवकों ने दूसरी छोर पर जाकर जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाईक सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, वैन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोंगो की मदद से गंभीर रूप से घायल चोकाद गांव निवासी रामु मुंडा उम्र 47 वर्ष पिता स्व पाली मुंडा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद वैन चालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। हालांकि वैन पर सवार सभी स्कूली बच्चे सभी सुरक्षित हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में कर थाने ले आई और कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया।

# सूचना अधिकार दूसरी आजादी के समान : चितरंजन गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग ।** सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का लागू हुए 18 वर्ष पूरा हुआ। इस उपलक्ष्य पर भारतीय नागरिक अधिकार रक्षा मंच के द्वारा केक काटकर बधाईदी साथ ही लोगो के बीच सूचना अधिकार अधिनियम कि प्रति बाँटी गई। इस अवसर पर भारतीय नागरिक अधिकार रक्षा मंच के प्रदेश अध्यक्ष चितरंजन गुप्ता ने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 को हम दूसरी आजादी मानते है। जहां 15 अगस्त 1947 को हमें फिरंगियों से आजादी मिली थी वहीं 2005 मे सूचना अधिकार अधिनियम लागू होने से भ्रष्टाचार से आजादी व आम नागरिकों को अपने अधिकार प्राप्त करने का हथियार मिला। वहीं अधिवक्ता सह पत्रकार रोहित रंजन उर्फ कुणाल यादव ने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 भ्रष्टाचार पर प्रहार का सशक्त माध्यम है। इस अधिनियम के माध्यम से अब तक कई बड़े घोटालों का खुलासा हुआ है और कई भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जा चुका है। इस मौके पर हजारीबाग सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण प्रभात सिन्हा, अधिवक्ता अम्ब्रिश शंकर ( मुकुल) , रोहित रंजन उर्फ कुणाल यादव पत्रकार सह अधिवक्ता, रवि शर्मा पत्रकार, मोइनउद्दीन , प्रदेश अध्यक्ष भारतीय नागरिक अधिकार रक्षामंच चितरंजन प्रसाद गुप्ता, अजय गुप्ता प्रदेश सचिव भारतीय नागरिक अधिकार रक्षामंच, प्रभु मेहता, राहुल सिह, मिथिलेश सिह, रोहन मेहता, उपेन्द्र सिन्हा, उपेन्द्र मेहता, उपेन्द्र कुशवाहा, अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सकारात्मकता से आती है खुशी : चौहान



भुरकुंडा (रामगढ़)। सरस्वती विद्या मन्दिर गिद्दी बस्ती और अनुग्रह नारायण सिंह प्लस टू उच्य विद्यालय रेलीगड़ा में गुरूवार को खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्था के संस्थापक सह संचालक संचालन मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। चौहान ने सकारात्मकता के ताकत से सम्बंधित कहानी भी सुनाई- चार घुड़सवार जंगली राह से जा रहे थें। रास्ता काफी संकरी और टूटी फूटी थी। इस कारण सभी एक साथ न चलकर आगे पीछे चल रहे थें। जंगल में उन लोगों ने देखा कि कंटीली झुरमुट के पास पेड़ के घोंसले से एक छोटी सी चिड़िया नीचे गिर गई। छोटी चिड़िया चींचीं चिल्ला रही थी। ऊपर पेड़ पर से कई और चिड़िया शोर मचाने लगें। बेचारी चिड़िया बहुत कष्ट में है, यह कहते हुए पहला घुड़सवार निकल गया। काफी मार्मिक दृश्य है, कहते हुए दूसरा और कांटे नहीं होते तो उठा देता, कहते हुए तीसरा घुड़सवार भी सामने से गुजर गया। चौथा घुड़सवार रुका, कांटों को साफ करते हुए चिड़ी को उठाया, पेड़ पर चढ़कर उसके घोंसले में रख आया। वो घुड़सवार अमेरिका के ख्यातिप्राप्त राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन थें। लब्बोलुआब यह, जिन्हें ऊंचाई पर पहुंचना है, प्रसिद्धी पानी है य उनके भाव, कार्य संस्कृति हटकर होगी। फलदार वृक्ष के ऐसा उनका व्यक्तित्व झुका होगा, पर उनकी कार्यपद्धति गगनचुंबी होगी। सरस्वती शिशु मंदिर में सुधांशू शेखर मोहन, सहजानंद मिस्त्र, प्रदीप कुमार पाल, रंधीर कुमार, नूतन मिश्रा, प्लस टू रेलीगड़ा में मनोज कुमार, इंददेव यादव, एन एन तिवारी, दिवाकर कांत त्रिवेदी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### जयंती पर याद किये गये जयप्रकाश नारायण



हजारीबाग। महान देशभक्त, क्रांतिकारी, समाजवादी विचारक, भारत रत्न से सम्मानित लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती बुधवार को हजारीबाग जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में धूमधाम से मनाई गई। मौके पर जेल सुपरिटेंडेंट कुमार चंद्रशेखर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय, युवा समाजसेवी बप्पी करण उर्फ करण, अनिल कुमार लाल, अरुण कुमार वर्मा, नीरज कुमार, ललित मोहन प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, शशि भूषण प्रसाद, सचिन पांडे, पवित्र गुप्ता, शुभम सिंहा, शुभम सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने लोकनायक को माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर केंद्रीय कारा के प्रांगन में मिठाइयां बांटकर खुशियां मनाई गई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण जीवनी व उनके महान बलिदान पर चर्चा की गई। प्रांगण लोकनायक भारत रत्न जयप्रकाश नारायण अमर रहे, अमर रहे के नारे से गुंजायमान होता रहा।

### निष्क्रिय कृषक मित्रों पर होगी कार्रवाई : राणा



**विष्णुगढ़ ।** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में कृषक मित्रों की गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कृषक मित्रो का किसानों से कम मित्रता और दूरी होना था। वहीं बीटीएम उमेश राणा व प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार और एटीम सुशील कुमार ने कहा की कृषक मित्रों को किसानों के हित में दिए गये टास्क पूरा नहीं किया गया है । जिसको लेकर शो कॉज भी की गई लेकिन लापरवाह कृषक मित्र अभी तक जवाब नहीं दिए है । बैठक में चयनित कृषक मित्र का आधे से कम का पहुंचना भी प्रखंड में कृषक मित्रो के क्रियाशीलता पर सवाल खड़ा करता है । गुरुवार को हुए बैठक में 49 कृषक मित्रों में 30 कृषक मित्र उपस्थित थे। बताया गया की प्रत्येक क्रिषक मित्रों को माह में 5 किसानो का किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना कर लाभ दिलाना है। जो अभी तक बहुत हीं कम संख्या में किसानों को लाभ मिल पाया है। इसके अलावे कई लाभकारी योजनाओ की जानकारी के लिए कृषक मित्रों को अपने प्रक्षेत्र में किसानों के बीच चौपाल लगाकर जागरूक करना है,जो शायद हीं आज तक किसी कृषक मित्र द्वारा कभी चौपाल लगा कर किसानों को कृषि कार्य के प्रति कभी जागरूक करने का कार्य किया हो। भारत कृषि प्रधान देश है और 70 फीसदी आबादी कृषि पर आधारित है। बिडंबना यह भी है की आज प्रखंड में अधिकांश पदों पर नेताओं और नेताओं के लोग काबिज है। जिसमें एक पद कृषक मित्र का भी है, जो कभी खेती बड़ी से वास्ता नहीं रखता है उसे भी गुपचुप तरीके से कृषक मित्र बना दिया गया है।

### अडाणी फॉउंडेशन ने किया पोस्टर प्रतियोगिता



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने विश्व वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हरली स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। दो से आठ अक्टूबर तक इस वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके तहत जंगल, अभ्यारण और पर्यावरण बचाने को लेकर विभिन्न माध्यमों से आम जनता को जागरूक करने की कोशिश की गयी। इस अवसर पर वन्यप्राणी सप्ताह के बाद विद्यालय परिसर और अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन पोस्टरों में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों को ध्यान में रखकर पेंटिंग्स और पोस्टर बनाएं।

### बड़वार में भाजपा का बस्ती चलो अभियान

**दारू।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्त्व के निर्देशानुसार इरगा पंचायत के बड़वार दलित टोला में बस्ती चलो कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया।इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सह दारू प्रखंड के पार्टी की ओर से नियुक्त प्रवासी विवेकानंद सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रभारी विजय वर्मा थे। बैठक में प्रवासी श्री सिंह ने उपस्थित दलित समाज के लोगों से उनकी समस्या को सुन व यशस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा गरीब गुरबों के लिए लागू किए गए हितकारी योजनाओं को विस्तार से बताया ।उनकी समस्याओं को सुनकर जल्द ही निष्पादन का आश्वाशन दिया। उन्होंने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मोदी सरकार के द्वारा लागू किए गए योजनाओं की जानकारी घर घर जाकर बताने का काम कर रहे है। साथ ही यह भी जानने का प्रयास करते है कि उनको यह लाभ सही रूप में मिल रहा है या नही। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, एससी मोर्चा अध्यक्ष रामशरण राम ,विकास यादव, निरंजन यादव सहित कई लोग शामिल थे।

### माउंट कायरा नेशनल स्कूल में कराटे प्रतियोगिता

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत के तहत करीमगंज स्थित माउंट कायरा नेशनल स्कूल में गुरुवार को कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू थे ।प्रतियोगिता की शुरूआत में मुख्य अतिथि ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की हमारा शरीर भी एक मंदिर है ।और हमें इसे स्वस्थ और स्वच्छ कैसे रखना है यह हम पर निर्भर करता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कराटे खेल-कूद से शरीर हमारा मस्तिष्क हमेशा चुस्त तदुरुस्त रहता है ।उन्होंने ने कहा की आगे चलकर आप लोग यदि इस क्षेत्र में अच्छा करेंगे तो हमारे देश का नाम रोशन होगा। मुख्य अतिथि के द्वारा मोमेंटो, प्रमाण पत्र तथा ब्लू बेल्ट से सम्मानित किया गया। कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में रिया हेम्ब्रोम,दिलीप हांसदा,प्रीति टुडू,स्नेह प्रिया टुडू, निखत फातमा,जयंत टुडू, संदीप सोरेन सहित अन्य मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा में फूलों से सजेगा छिन्नमस्तिके का दरबार

रामगढ़ देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में शारदीय नवरात्रि को लेकर मंदिर न्यास समिति की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाने के लिए कोलकाता से कारीगरों की टीम पहुंच चुकी है। मंदिर परिसर स्थित सभी हवन कुंड की सफाई की जा रही है। दामोदर भैरवी नदी के संगम स्थल पर पहली बार गंगा आरती लगातार नौ दिनों तक की जाएगी। शरदीय नवरात्रि में मंदिर को फूलों से भव्य रूप देने की तैयारी मंदिर न्यास समिति की ओर से शुरू कर दी गई है। बंगाल से आई 40 कारीगरों की टीम इस बार दक्षिणेश्वर काली मंदिर का प्रारूप देंगे। षष्ठी तक हाइड्रेंजस, पियोनिया, लिली, एंथुरियम, फल, फूल, पक्षी आदि विभिन्न फूलो फलों से मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया जाएगा, जिसकी छटा देखने लायक होगी।

**नौ दिन तक होगी गंगा आरती :** इस बार सिद्ध पीठ में नवरात्रि के दौरान नौ दिन तक लगातार गंगा आरती भी होगी। रजरप्पा के इतिहास में पहली बार नौ दिनों तक गंगा आरती आयोजित की जाएगी। साथ ही सभी गाड़ियों को ऊपर ही रोक दिया जाएगा, ताकि किसी तरह का कोई हादसा न हो। मां छिन्मस्तिका मंदिर में देश के कोने-कोने से भक्त पहुंचते हैं और आराधना करते हैं। यहां साधक नौ दिनों के नवरात्र में पाठ के लिए भी पहुंचते हैं और नौ दिनों तक मंदिर परिसर के अलग-अलग हवन कुंडों में साधक पूजा पाठ हवन करते हैं। परिसर के सभी हवन कुंडों की साफ-सफाई और रंग रोगन किया जा रहा है।

# डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेमोग्राफी हमारी विशेषता व ताकत



ओम बिरला

**भारत** की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन की अपूर्व सफलता और वैश्विक मुद्दों के समाधान की दिशा में भारत की अग्रणी भूमिका की समूची दुनिया में प्रशंसा हुई है। यह गौरव का विषय है कि इस सम्मेलन का समापन भी हमारी वसुधैव कुटुंबकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य₹ की अवधारणा को मजबूत करने वाले साझा घोषणा पत्र से हुआ। विश्व स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा और प्रभाव का अनुमान इसी से हो जाता है कि संवेदनशील मुद्दों पर भी सबकी सहमति बनी है।

जी-20 शिखर सम्मेलन के परिप्रेक्ष्य में भारत के लिए गर्व और सम्मान का एक विषय यह भी है कि भारत की संसद को जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों का सम्मेलन ह्यपी-20ह्र की मेजबानी का मौका मिला है। दिल्ली में 13 व 14 अक्टूबर को हो रहे इस सम्मेलन में जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के अतिरिक्त आमंत्रित देशों की संसदों के अध्यक्ष भी सम्मिलित होंगे। संसद किसी भी देश की सर्वोच्च विधायी निकाय होती है जिसके माध्यम से ही जनप्रतिनिधि, जनआकांक्षाओं व अपेक्षाओं को सदनों में रखते हैं और वे ही कानूनों व नीतियों का निर्माण करते हैं।

भारत, दुनिया की उन प्राचीन सभ्यताओं में से हैं जहां बहुरंगी विविधता और जिसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। भारत में लोकतंत्र की सदियों पुरानी अवधारणा है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में भी सभा, समिति व संसद जैसी सहभागी संस्थाओं का उल्लेख है। इसलिए लोकतंत्र हमारी सोच में, हमारी जीवन शैली में है।

भारत ने अपनी 75 वर्षों की लोकतान्त्रिक यात्रा में साबित किया है कि हमारी डेमोक्रेसी, डाइवर्सिटी और डेमोग्राफी हमारी विशेषता भी है और हमारी ताकत भी है। लोकतंत्र की शक्ति से हमने समय समय पर आने वाली चुनौतियों का सामना कर समाज के सभी वर्गों के बीच सामंजस्य बनाया है और सबका सामाजिक व आर्थिक विकास सुनिश्चित किया है। यह कहना होगा कि जनकेन्द्रित विकास, समावेशी विकास हमारी लोकतान्त्रिक यात्रा के केंद्र में रहा है।

लोकतंत्र की जननी भारत में पी -20 सम्मेलन के आयोजन का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि जी -20 में वैश्विक मुद्दों पर सर्वसम्मति मानवता के साझे भविष्य से जुडी हैं। हमारी संसदों में भी जनप्रतिनिधि इन्हीं मुद्दों पर व्यापक चर्चा के बाद एक सामूहिक दृष्टिकोण बनाते हैं। इससे चुनौतियों के सामूहिक समाधान निकालने में हमें सहायता मिलती है। इसलिए पी 20 सम्मेलन में भी भारत की संसद, वैश्विक स्तर पर सभी देशों की संसदों को साथ लेकर विश्व और मानवता के समक्ष महत्वपूर्ण समसामयिक मुद्दों के समाधान के लिए एक साझा दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास करेगी।

9वें पी-20 सम्मेलन में मूल रूप से पर्यावरण के लिए जीवनशैली, सतत विकास लक्ष्य, जलवायु परिवर्तन, महिला नेतृत्व में विकास तथा मानवता के साझे भविष्य से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी।

**सतत विकास लक्ष्य**

सतत विकास लक्ष्यों ने विश्व में समग्र मानव विकास की संकल्पना को साकार करने के प्रयासों को निश्चित ही गति प्रदान की है। जैसे-जैसे हम वर्ष 2030 के करीब पहुंच रहे हैं, इस पहल के तहत हासिल उपलब्धियों का आकलन करना और इन्हें साकार करने के प्रयासों में तेजी लाना और महत्वपूर्ण हो जाता है। सतत विकास के इन लक्ष्यों में कई ऐसे हैं जिनका असर देशों की सीमाओं तक ही नहीं बल्कि सार्वभौमिक होता है। जरूरत इस बात की है




कि इन मुद्दों पर देशों की संसदों में चर्चा व संवाद हो और सभी विरोधाभासों को समाप्त कर आम राय बने। राष्ट्रों की संप्रभुता बनाए रखते हुए इन मुद्दों पर देशों के बीच नीतिगत सहमति भी विकसित होनी चाहिए। तभी इसके बेहतर परिणाम दुनिया को मिल सकेगें। ये परिणाम हासिल करने में हमारी संसदों की बड़ी भूमिका है। इसलिए पी 20 सम्मेलन में इस विषय पर विचार मंथन होगा।

सतत ऊर्जाः हरित भविष्य की ओर

भारत ने विशाल जनसंख्या की चुनौतियों का मुकाबला करते हुए और विकसित देश बनने की आकांक्षा कायम रखते हुए अपनी विकास प्रक्रिया को हरित भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने का प्रयास किया है। आज भारत वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में है। सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, अंतर्राष्ट्रीय बायो फ्यूल गठबंधन जैसे नीतिगत फैसले लिए गए हैं जिन्हें व्यापक वैश्विक समर्थन मिला है। हमारी संसद में भी पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर लगातार चर्चा हुई है। इसी संवाद के माध्यम से राजनीतिक मतभेदों से परे नवीकरणीय ऊर्जा के लिए नीति निर्माण पर देश में आम सहमति का निर्माण हुआ है।

**लैंगिक समानताः महिला सशक्तिकरण से महिला नेतृत्व में विकास तक**

हमारी प्राचीन संस्कृति में नारी को शक्ति और भक्ति का स्वरूप माना गया है। महिलाओं ने अपनी क्षमता और सामर्थ्य को सभी क्षेत्रों में साबित किया है चाहे वह विज्ञान एवं टेक्नॉलजी हो, प्रतिरक्षा हो, अंतरिक्ष विज्ञान हो या खेल का मैदान हो। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद संविधान ने भी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हें मताधिकार सहित समानता के सभी अधिकार दिए। हमारी लोकतंत्र की यात्रा जैसे-जैसे आगे बढी देश में महिलाओं को राजनैतिक और आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करते हुए उन्हें नेतृत्व के अवसर देने के नीतिगत निर्णय भी लिए गए। प्रारंभ में ग्राम पंचायतों तथा नगरपालिका स्तर के चुनावों में उनके लिए आरक्षण के कानून बनाए गए और आज उनके नेतृत्व की भूमिका को आगे बढ़ाते हुए उनके लिए लोकसभा तथा राज्य विधान सभाओं में आरक्षण के लिए कानून बनाए गए हैं। खुशी की बात यह है कि इस कानून पर पूरे देश के प्रत्येक राजनैतिक दलों के बीच आम सहमति रही है। हम पी 20 सम्मेलन में इस विषय पर भी अपने सकारात्मक अनुभव साझा करेंगे और महिला नेतृत्व में विकास को एक वैश्विक आंदोलन बनाने का प्रयास करेंगे।

**सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों के जीवन में आमूल परिवर्तन**

हमारे लिए गौरव का विषय है कि भारत अपने नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन में विश्व में सबसे आगे है। दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली, आधार जैसी पहल ने सरकारी सेवाओं की पहुंच को सुव्यवस्थित कर दिया है। डिजिटल वढक भुगतान में भारत ने नए कीर्तिमान बनाए हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, वित्त, बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में डिजिटल प्रौद्योगिकी से करोड़ों भारतीयों के जीवन में आमूल-चूल बदलाव आया है। ढ20 शिखर सम्मेलन में हम अपनी इस युगांतरकारी उपलब्धि को विश्व की संसदों के साथ साझा करेंगे ताकि डिजिटल परिवर्तन की भारतीय सफलता पूरे विश्व के लिए आदर्श बने।

अपनी बहुलता और विविधता तथा कठिन चुनौतियों के बावजूद हमने नागरिकों के सामाजिक आर्थिक जीवन में बदलाव लाने वाले बड़े फैसले किए हैं। इसके अतिरिक्त चाहे हमारी चंद्रमा मिशन की सफलता हो या वित्तीय समावेशन की विशेषज्ञता हो, हम अपनी उपलब्धियों को विश्व के साथ साझा कर रहे हैं क्योंकि विश्व को एक परिवार मानने की हमारी संस्कृति रही है।

आज अपनी इस लोकतान्त्रिक यात्रा में हम जिस पड़ाव पर हैं उसमें हमारी संसद की बड़ी भूमिका रही है। हमारी संसद ने व्यापक चर्चा के बाद लोक कल्याणकारी कानून बनाए हैं, नीतियों के निर्माण में जनता के हितों को देखा है। बहुदलीय व्यवस्था होने के बाद भी हमने इन मुद्दों पर आम सहमति बनाई है। इस प्रकार हमारी संसद ने विश्व के लिए सार्थक चर्चा संवाद का एक मॉडल प्रस्तुत किया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिस प्रकार जी 20 सम्मेलन में वैश्विक चुनौतियों पर सर्वसम्मति बनी, उसी प्रकार पी 20 सम्मेलन भी समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान में संसदों की अनिवार्य भूमिका को रेखांकित करेगा तथा वैश्विक विषयों पर संसदों के बीच सहयोग के एक नए युग का सूत्रपात करेगा।

(लेखक, लोकसभा अध्यक्ष हैं।)

## मेरा युवा भारत एक स्वायत्तशासी निकाय से मिलेगी एक नई दिशा

**मंत्रिमंडल** ने मेरा युवा भारत नाम के एक स्वायत्तशासी निकाय की स्थापना को मंजूरी दी इससे युवाओं के विकास में अदभुत गति आयेगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज ह्यमेरा युवा भारत (एमवाई भारत) नाम के एक स्वायत्तशासी निकाय की स्थापना को मंजूरी दी। इसका उद्देश्य युवाओं के विकास और युवा नेतृत्व वाले विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित एक व्यापक सक्षम तंत्र के रूप में कार्य करना और युवाओं को समान पहुंच प्रदान करते हुए उनकी आकांक्षाओं को साकार करना और सरकार के संपूर्ण दायरे में विकसित भारत का निर्माण करना है।

**प्रभावः** मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) का प्राथमिक उद्देश्य इसे युवा विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मंच बनाना है। नई व्यवस्था के तहत युवा, संसाधनों तक पहुंच और अवसरों से जुड़ाव के साथ, परिवर्तन के एजेंट और राष्ट्र निमार्ता बन जाएंगे और सरकार तथा नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य कर सकेंगे। यह व्यवस्था राष्ट्र निर्माण के लिए अपार युवा ऊर्जा का उपयोग करेगी।

**विवरणः**



मेरा युवा भारत (एमवाई भारत), एक स्वायत्तशासी निकाय होगा। राष्ट्रीय युवा नीति में दी गई 'युवा' की परिभाषा के अनुरूप, 15-29 वर्ष के आयु वर्ग के युवा इससे लाभान्वित होंगे। विशेष रूप से किशोरों के लिए बनाए गए कार्यक्रम घटकों के मामले में, लाभार्थी 10-19 वर्ष के आयु वर्ग के होंगे।

मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) की स्थापना से इन बिन्दुओं को बढ़ावा मिलेगाः

क. युवाओं में नेतृत्व विकासः

अलग-अलग शारीरिक संपर्क की जगह प्रोग्रामेटिक कौशल का विकास कर अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से नेतृत्व कौशल में सुधार होगा।

युवाओं में अधिक निवेश करके उन्हें सामाजिक नवाचार और समुदाय नेता बनाने का कार्य किया जाएगा।

युवा नेतृत्व वाले विकास पर सरकार का ध्यान केंद्रित करना और युवाओं को निष्क्रिय प्राप्तकर्ता की जगह विकास का सक्रिय चालक बनाना।

ख. युवा आकांक्षाओं और सामुदायिक आवश्यकताओं के बीच बेहतर तालमेल।

ग. मौजूदा कार्यक्रमों का सम्मिलन कर युवाओं की दक्षता में वृद्धि करना।

घ. युवा लोगों और मंत्रालयों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करना।

ड. एक केंद्रीकृत युवा डेटा बेस बनाना।

च. युवा सरकारी पहलों और युवाओं के साथ जुड़ने वाले अन्य हितधारकों की गतिविधियों को जोड़ने के लिए दोतरफा संचार में सुधार।

छ. एक भौतिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हुए पहुंच सुनिश्चित करना।

**पृष्ठभूमिः** सरकार ने, तेजी से बदलती दुनिया में, जहां तीव्र गति का संचार, सोशल मीडिया, नए डिजिटल अवसर और उभरती प्रौद्योगिकियों का वातावरण है, युवाओं को शामिल करने और 'संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण' के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित उनका सशक्तिकरण करने के लिए यह निर्णय लिया है कि एक नए स्वायत्तशासी निकाय, अर्थात मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) के रूप में एक व्यापक सक्षम तंत्र स्थापित किया जाए।

## मुंडाओं का सिंधु घाटी सभ्यता से लुप्त होता संबंध



अर्चना टोप्पो

**सिंधु** घाटी सभ्यता के बारे में पढ़ते पढ़ते अचानक उसके चित्र लिपियां एवं मोहरों ने मेरा ध्यान खींचा उत्सुकता हुई तो उसे डीकोड करने की मेरे नाना ने बचपन में मुझे मुंडाओं के इतिहास के बारे में बताया था। उन्होंने यह सब अपने पुरखों से सुना था। इस समय आप सबके साथ बांटना चाहती हूं। अंग्रेजों के समय से छोटा नागपुर के आदिवासी के विषय में कुछ लोगों ने पुस्तक लिखी थी। उसमें मुंडा समुदाय के सिंधु घाटी सभ्यता के साथ संबंध होने के प्रमाण मिलते हैं। उन पुस्तकों को बाद में कहां रखा गया है यह मुझे ज्ञात नहीं है ।इसलिए जिज्ञ-ासा बस मैं इंटरनेट से इस विषय के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए सर्च करने लगी। कई सारी रिसर्च आर्टिकल स्टूडेंट और डॉक्यूमेंट के अध्ययन के बाद जैसे उनसे कांटेक्ट प्रॉब्लम मुंडारियन बाय द ऑफ मैन हो विद द इंडस वैली सिविलाइजेशन बाय टोनी जोसेफ दिसंबर 23 2017 का हिंदू इत्यादि सहित कई बुद्धिजीवी वर्ग जो सिंधु घाटी सभ्यता पर लिख रहे थे ।कुछ खास कुलू नहीं मिलने के वजह सेवे निर्धारित नहीं कर पा रहे थे कि वास्तव में सिंधु घाटी सभ्यता पर कौन रहता था। वैदिक आर्य द्रविडियन मुंडा जनजाति या कोई और। पर एक बात अवश्य है कि उनके शोध में मुंडा जनजाति के पूर्वज जरूर शामिल है। इतने सालों के गांव के अवशेषों के दिए निर्देश के पश्चात एक कड़ी मुंडा जनजाति की ओर साफ इशारा करती है ।

हमारे पूर्वजों का मानना था कि मुंडा जनजाति ही सिंधु घाटी में बात करती थी मैं इस विषय पर क्रमशः प्रकाश डालना चाहती हूं। मुंडा सनदायक खूटकटी समुदाय है। अर्थात जब वह एक जगह से दूसरे जगह को जाते थे तभी जंगल के पेड़ों को काटते हुए। उसे रहने और खेती लायक बनाते जाते थे। उससे यह समझ में आता है कि जब यह भारत में एक जगह से दूसरी जगह फैल रहे थे तब से उसे जगह पर सबसे पहले बसने वाले होते थे ।उनके बाद दूसरे समुदाय के पीछे आते थे दूसरी बात क्योंकि मुंडा जनजाति किसी जगह पर बसने वाले पहले होते थे। इसलिए उसे जगह का नामकरण भी हुए करते थे। प्रकृति पूजक और प्रकृति प्रेमी होने के वजह से हुए नामकरण भी प्राकृतिक चीजों के आधार पर ही करते थे ।जैसे एक जगह का भौगोलिक स्थिति पशुओं पक्षियों पेड़ों और उसे जगह की खासियत के आधार पर ऐसा किया जाता था। उदाहरण के लिए रांची के डोरंडा क्षेत्र का नाम तुरंग दा गाता हुआ जिसका अर्थ था बहता हुआ पानी। क्योंकि वहां एक छोटी सी नदी बहती थी जो उसे समय के शांत बात में अपनी अपनी की आवाज में गाती हुई प्रतीत होती थी।

इसी तरह कई और जगहें हैं जो वक्त के साथ - साथ अपना असली नाम का स्वरूप एवं मतलब खो रही हैं। हमारे पूर्वजों कहना है कि सिंधु घाटी सभ्याता वासी होने पर ही वहाँ का नामकरण मुंडा भाषा के आधार पर ही किया गया था। मोहनजोदड़ो का वास्तविक ३ नाम मोइंजो दारूः' है। मोइंजो' एक पेड़ का नाम है जो वहाँ पाया जाता था। 'दारू': का मतलब पेड़ है। इसी तरह हड़प्पा का असली नाम 'हड़का बा है। 'हम'' अनि बूढ़ा ओ' 'वा' मतलब बाबा । सिंधु घाटी से होते हुए मुंडा लोग कश्मीर विंध्याचल, और गंगा के समतल से होते हुए मध्य प्रदेश फाररखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल उड़ीसा में फैल गए। कश्मीर का 'कासोम बार' था ! 'फासोम' लंबे घास (जो में पाए जाते हैं) और 'बोर यानि 'लेबे घासों का जंगलनामका शुरूआती नाम शानि सॉफ औरअब कासोम बार से कश्मीर बन गया है। वैसे ही विंध्याचल 'बिंग दोशा' था । 'ब्रिंग) 'दोया' मतलब रास्ता ।है कि जबकहा जातायानि 'साँप जैसा रास्त विंध्याचल की पहाड़ियसे मुंडा लोग गुजर रहे थे तो पहाड़ों के बांच की घाटीटेढ़ी मेढ़ी लगी और उन्हें साँप के तरह -साँप जैसा रास्ताऔर इसीलिए उसका नामकरण 'बिंग दोया' किया गया जो बाद में घिस घिस कर बिंध्याचल हो गया तरह कई और नाम है जो समय के अपना मूल स्वरूप खो चुके हैं।



सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर झारखंड तक कई नदी और स्थान है कई पठार और पर्वत हैं जो झारखंड के हमारे मुंडा जनजाति के इतिहास से गहरा संबंध रखता है। समय के साथ-साथ यह मिटता जा रहा है। मुंडाओं के अतीत सेजुड़ी गहरी सच्चाई...।

## बेहतर नेत्र स्वास्थ्य अर्थव्यवस्था को 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2.2 ट्रिलियन रु.) तक बढ़ायेगा



विनोद डेनियल

**इस विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर**

इस विश्व दृष्टि दिवस पर जारी किया गया नवीन शोध यह स्पष्ट करता है कि दृष्टि हानि से बचाव के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2.2 ट्रिलियन रु.) का इजाफा होगा

चीन और अमेरिका को छोड़कर यदि किसी भी अन्य देश से तुलना की जाए, तो दृष्टि हानि की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था को बहुत अधिक नुकसान होता है ? दृष्टि हानि वाले 30% लोगों को रोजगार की कमी का सामना करना पड़ता है, लेकिन समय पर इसका पता चलने और उचित उपचार के माध्यम से दृष्टि हानि का 90% तक बचाव किया जा सकता हैलव योर आइज कैंपेन बिजनेस लीडर्स से अनुरोध करता है कि वे अपने कार्यस्थल के स्वास्थ्य एजेंडा में नेत्र स्वास्थ्य को शामिल करें

जमशेदपुर - इस विश्व दृष्टि दिवस पर जारी किया गया नवीन शोध यह स्पष्ट करता है कि दृष्टि हानि से बचाव के परिणामस्वरूप भारत की अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर (2.2 ट्रिलियन रु.) का इजाफा होगा। लव योर आइज कैंपेन इस बात पर प्रकाश डालने के लिए आँकड़ें जारी कर रहा है कि बेहतर नेत्र स्वास्थ्य आखिर उत्पादकता को किस प्रकार बढ़ावा देता है। साथ ही, यह बिजनेस लीडर्स से आग्रह कर रहा है कि इस विश्व दृष्टि दिवस वे कार्यस्थल के स्वास्थ्य एजेंडा में नेत्र स्वास्थ्य को शामिल करें।

विनोद डेनियल, सीईओ, इंडिया विजन इंस्टीट्यूट, कहते हैं: वंचित और ग्रामीण समुदायों के लोगों के पास आँखों की देखभाल के लिए पर्याप्त पहुँच नहीं है, यही वजह है कि अक्सर वे आँखों की उचित जाँच और जरुरत पड़ने पर इसमें सुधार के लिए चश्मे से वंचित रह जाते हैं।

## हमारे युवा खेल में कमाल कर रहे हैं



प्रमोद जोशी

**खेल** भी कई मायनों में सामाजिक-दर्पण होते हैं। भारतीय महिला खिलाड़ियों की सफलता सामाजिक बदलाव को रेखांकित कर रही है। भारत को मिले 107 मेडलों में से 50 पुरुष वर्ग में, 47 महिला वर्ग में और 10 मिश्रित वर्ग को मिले हैं। यह हमारा सामाजिक सच भी है। बहरहाल जेवलिन थ्रो में अन्नू रानी ने गोल्ड मेडल जीतकर एशियाड के इतिहास में पहली भारतीय महिला होने का गौरव हासिल किया है। वे खेतों में गन्ने फेंककर एथलीट बनी हैं। नीरज चोपड़ा ने गोल्ड जीता पर उनके साथ किशोर कुमार जेना ने न केवल सिल्वर जीता, बल्कि अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसका मतलब है कि भारत से जेवलिन में कुछ और नए चैंपियन सामने आने वाले हैं।

तेजस्विन शंकर का डिकैथलन में सिल्वर मेडल उल्लेखनीय प्रदर्शन है। पर सबसे ज्यादा उल्लेखनीय हैं पारुल चौधरी के लगातार दो दिन में दो मेडल। इन सभी खिलाड़ियों की पृष्ठभूमि को देखें, तो ज्यादातर गाँवों से हैं और अपेक्षाकृत साधनहीन परिवारों से ताल्लुक रखते हैं। इनमें सुदूर पूर्वोत्तर, दक्षिण भारत, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत सभी राज्यों से आते हैं। सबसे बड़ी उपलब्धि है लड़कियों की सफलता, जो भविष्य का संकेत है।

इसबार के एशियाड में कुल 45 देशों ने भाग लिया, जिनमें से 41 ने कोई न कोई मेडल जीता। कुल मिलाकर 1593 मेडल जीते गए, जिनमें से 107 जीतकर भारत चौथे नंबर पर रहा। 2018 में हम 70 मेडल जीतकर आठवें स्थान पर रहे थे। पर इस सफलता को तुलनात्मक रूप से देखें, तो चीन ने 383 मेडल जीतकर हमें काफी पीछे छोड़ दिया। क्या हम उसकी बराबरी कर सकते हैं? जरूर कर सकते हैं।

चीन दो दशक पहले वैश्विक-स्तर पर पहुँच चुका है। हमसे काफी आगे, पर एक्वैटिक्स और जिम्नास्टिक्स के कारण यह अंतर बहुत बड़ा है। इसबार के एशियाड में एक्वैटिक्स में 167 मेडल दिए गए, जिनमें से 82 चीन ने जीते। हमने एक भी नहीं। वहीं जिम्नास्टिक्स में 51 मेडल थे, जिनमें से चीन ने 19 जीते। यानी 101 मेडल उसे इन दोनों वर्गों में मिले, जहाँ हमारी उपलब्धि शून्य थी। हमें इन दो वर्गों पर भी ध्यान देना होगा। इन दोनों के लिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए, वह महंगा है और उसके प्रशिक्षक भी बड़ी संख्या में हमारे पास नहीं हैं।

इसबार भारत को सबसे बड़ी सफलता शूटिंग, तीरंदाजी और एथलेटिक्स में मिली है। शूटिंग के कुल 102 मेडलों में से 22 भारतीय टीम ने जीते। केवल मेडल ही नहीं जीते कई स्पधाओं में विश्व रिकॉर्ड भी बनाए। 2018 में शूटिंग में भारतीय टीम को 9 मेडल मिले थे। एथलेटिक्स में इसबार 144 में से 29 और तीरंदाजी के 30 में से 9 मेडल भारत को मिले, जबकि 2018 में एथलेटिक्स में 20, शूटिंग में केवल दो मेडल ही मिले थे। तीरंदाजी में भी भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व रिकॉर्ड कायम के। कंपाउंड प्रतियोगिता संभवतः ओलिंपिक खेलों में भी शामिल होने जा रही है, जिसका लाभ हमें भविष्य में मिलेगा।

(साभार परमार्थी ब्लॉग.कॉम)

**स्पीड न्यूज**

## दारोगा के पुत्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों का रो-रोकर बूरा हाल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** शहर के छठ तालाब निवासी एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवती खुशबू कुमारी (23) अशोक पांडेय की पुत्री थी। घटना की जानकारी सदर पुलिस को दी गई। महिला थाना प्रभारी गायत्री कुमारी व अन्य पुलिस पदाधिकारी वहां पहुंचे। फांसी के फंदे से शव को उतारा। साथ ही शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार युवती हर रोज की तरह दोपहर में कमरा बंद कर सो रही थी। शाम में वह नहीं उठी, तो मां अपनी पुत्री को उठाने गईं। दरवाजा खोलने के लिए आवाज दिया, काफी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर दरवाजा तोड़कर देखा तो खुशबू फांसी के फंदे में झूलती मिली। इसकी जानकारी आसपास के लोगों व पुलिस को दी गई। लोगो ने बताया कि कुछ बात को लेकर गुस्सा में आकर आत्महत्या कर ली है। खुशबू कुमारी इसी वर्ष चतरा कॉलेज से पीजी की पढ़ाई पुरी की थी। खुशबू के पिता देवघर जिले में पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) के पद पर पदस्थापित है। घटना से परिजनो का रो-रोकर बूरा हाल हैं। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी शिवप्रकाश कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही हैं। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## बिरसु बनें परमाणु ऊर्जा संस्थान में सहायक अभियंता, जीप उपाध्यक्ष नें दी बधाई



स्ँङ्ग३ङ्ग ६0007

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड के सिमराडीह निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह के पुत्र बिरसु कुमार सिंह का चयन भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा संस्थान में सहायक अभियंता के रूप में हुआ है। उनके इस कामयाबी पर जिले के लोकप्रिय ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने इन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना कर कहा है कि कड़ी मेहनत व सच्ची लगन के बलबूते पर ही बिरसु ने जीवन के लक्ष्य को हासिल किया। बिरसु के चयन से माता-पिता के साथ-साथ गांव के लोग भी खुश हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा प्रखंड में पुरी की इसके बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज में से डिप्लोमा व बीटेक किया फिर उनका चयन सहायक अभियंता के रूप में हुआ । वहीं टाटा कंपनी में भी सहायक अभियंता के रूप में चयन हुआ है इस तरह एक साथ दो संस्थाओं में सफलता हाथ लगी है फिलहाल बिरसु परमाणु ऊर्जा संस्थान में योगदान देने की बात कही है।

## शिव शिष्य के प्रमुख बरखा दीदी 15 अक्टूबर को आयेंगी भद्रकाली मंदिर



**चतरा।** शिव शिष्य परिवार की प्रमुख बरखा दीदी का आगमन 15 अक्टूबर को मां भद्रकाली मंदिर इटखोरी में तय हैं। उनके आगमन को लेकर शिव शिष्य परिवार मे खुशी की लहर व्याप्त है। कार्यक्रम को लेकर चतरा के वरिष्ठ गुरु भाई राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि बरखा दीदी का आगमन शिव शिष्यों के लिए एक सुखद अनुभव को साझा करने के अवसर है। उनके आगमन को लेकर प्रचार गाड़ी के माध्यम से लोगों को शामिल होने की अपील की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अध्यात्मिक आयोजन मे जिले के विभिन्न प्रखंड से हजारों की संख्या में शिव शिष्यो जुटाने की उम्मीद है। यहाँ बताते चले की बरखा दीदी हरिनदरानंद जी के शरीर त्याग देने के बाद राज्य स्तर से लेकर अन्य राज्यों मे शिव गुरु परिचर्चा के सफल आयोजन की रुप रेखा तय करती हैं। कार्यक्रम मे राँची से लगभग पचास की संख्या में शिव शिष्यो के उपस्थित होने की संभावना है। कार्यक्रम के सफल संचालन में महेश सिह, कुलेशर साव, अर्जुन साव, सुनील सिंह, अरुण कुमार संतोष सोनी महती भूमिका निभा रहे हैं।

### मंत्री आवास पर झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# केंद्र के तुगलकी फरमान से गुलामी की जिंदगी जीने को विवश होंगे ग्रामीण : मंत्री मिथिलेश





खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास स्थित सभागार में गुरूवार को कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन के रीढ़ होते हैं। जब तक कार्यकर्ता मजबूत, सजग एवं समर्पित नहीं होंगे तब तक बेहतर संगठन की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्हांने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यां को जनता को बतायें। साथ ही उन्हें इसका लाभ दिलाने में सहयोग करें। उन्हांने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 10-10 चापाकल लगाया जाना है। इसके लिए पंचायत कमिटी, मुखिया ग्रामीण जनता के साथ बैठक कर स्थल चयन करें। जनता जिस स्थान पर चाहेगी। वहीं पर चापाकल लगवायें। साथ ही डीलर की बेईमानी पर भी पैनी नजर रखें। ताकि जनता को पूरा लाभ मिल सके। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता को यह अच्छी तरह से समझायें कि केंद्र सरकार जिस तरह से तुगलकी फरमान जारी कर रही है आने वाले समय में यदि किसी भी तरह भाजपा की सरकार बन गई तो ग्रामीणों को गुलामी भरी जिंदगी जीना पड़ेगा। उनका चलना, रहना, जीना सब मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग झूठ भी इतनी सफाई से बोलते हैं कि वह सच जैसा प्रतीत होता है। इस तरह का झूठ बोलने के लिए उनकी पार्टी में ट्रेनिंग दी जाती है। उनके पास झूठ को सच साबित करने वाले हजारों लोगों की टीम है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार फूट डालो शासन करो की नीति अपनाती है। हिंदु, मुस्लिम की बात करती है। भाई-भाई को लड़ाती है। यह सब जानकारी ग्रामीणों को निश्चित रूप से दें। मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति जिंदगी भर बालू चोरी किया, वह दूसरे पर बालू चोरी करने का आरोप लगाता है। जनता जिन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि बनाती है। वे लोग जनता को ही पैरों तले रौंदते हैं। परंतु मैं जनता का सेवक हूं। जनता की अदालत पर मुझे पूरा भरोसा है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला सचिव मनोज ठाकुर, मुखिया शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, विकास सिंह कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला, कामेश्वर चौधरी, संजय चंद्रवंशी, नारद तिवारी, शहंशाह अंसारी, सुरेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न, एसडीओ ने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में दुर्गा पूजा शान्ति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गयी। जिसमे विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व दोनों समुदायों के प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीओ श्री मीणा ने कहा कि दुर्गा पूजा व दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, ऐसे में हम सबों को इससे प्रेरणा लेते हुए जिले में दुर्गोत्सव का त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सहयोग करें। त्यौहार के दौरान कोई भी ऐसा कार्य नही करें, जिससे विधि व्यवस्था की समस्या उतपन्न हो, विधि व्यवस्था को भंग करने वालों से प्रशासन सख्ती से पेश आएगी। वहीं एसडीओ ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्यौहार को लेकर असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर कड़ी नजर रखें। इसके अलावे एसडीओ ने त्यौहार को लेकर निर्बाध बिजली पानी की आपूर्ति करने, पूजा पंडालों व प्रमुख चौक चौराहों कि साफ सफाई करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ के अलावे एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पूजा समितियों के पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

# राशन नहीं मिलने पर लाभुकों ने एमओ से की राशन दिलाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता




एमओ के पास पहुंचे लाभुक

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के टडहे पंचायत के कोईबार गांव के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार धीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के द्वारा एक माह का राशन गबन कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में लगभग पांच दर्जन आक्रोशित लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नीतेश भास्कर को हस्ताक्षर युक्त शिकायत पत्र देते हुए अगस्त माह का राशन दिलवाने का मांग किया है। दिए गए शिकायत पत्र में लाभुक सदिक खान, आसिया बीबी, निशा देवी, नसीमां बीबी, चांदनी देवी, राािका कुंवर, नवल राम,भरदूल साव, राजपाल विश्वकर्मा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, फुजैल खान आदि लाभुकों ने कहा है कि हम सभी गरीब लाभुकों का सरकार के द्वारा दी जाने वाली राशन ही एक सहारा है। उक्त दुकानदार के द्वारा अगस्त माह का राशन गबन कर दिया गया है। इतना ही नहीं उक्त दुकानदार के द्वारा राशन कटौती या राशन नहीं देने का विरोा करने पर राशन कार्ड से नाम कटवाने की धमकी दी जाती है। विरोध करने वाले दो लाभुक सदीक खान एवं चंद्रदीप प्रजापति का नाम राशन कार्ड से कटवा भी दिए हैं। आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए एमओ ने डीलर धीरेंद्र कुमार गुप्ता को प्रखंड कार्यालय बुलाकर जमकर फटकार लगाई और लाभुकों के बीच अगस्त माह का अविलंब राशन वितरण करने का निर्देश दिया। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि डीलर के द्वारा अगस्त माह का राशन का उठाव किया गया है। एसआईओ में कुछ त्रुटियां थी, जिसके कारण दुकानदार का पोर्टल बंद हो चुका था। सुधार कर दिया गया है। पोर्टल खुलते ही अगस्त माह का राशन सभी लाभुकों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया गया है।

## ढिबरा का अवैध उत्खनन कर रहे जेसीबी को किया जप्त

**कोडरमा।** डोमचांच वन प्रक्षेत्र अंतर्गत मसनोडीह मेन पहाड़ी से गुरुवार सुबह करीब चार बजे वन विभाग व पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर ढिबरा उत्खनन में लगे एक जेसीबी को जप्त किया है। जिसे लेकर डोमचांच वन क्षेत्र पदाधिकारी (रेंजर) रविन्द्र कुमार ने बताया कि डीएफओ को गुप्ता सूचना मिली थी मसनोडीह मेन पहाड़ी के वन क्षेत्र में ढिबरा का अवैध उत्खनन किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलशाही चौक के समीप सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायल की पहचान 24 वर्षीय निखत प्रवीन, 22 वर्षीय शाहिद अंसारी व 8 वर्षीय कहकशा परवीन तीनों राजधानवार थाना क्षेत्र गिरिडीह जिला निवासी के रूप में कि गई है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर इलाज के लिए डोमचांच जा रहे थे। इसी दौरान आगे जा रहे एक पिकअप के द्वारा एक मोटरसाइकिल को बचाने के क्रम में अचानक ब्रेक लगा देने से उक्त मोटरसाइकिल पिकअप से टकरा गया, जिससे बाईक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को नवलशाही थाना पुलिस द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया।

## टाटा स्टील के एफएएमडी लॉजिस्टिक ऑपरेशन में इवी का ट्रायल रन शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जाजपुर, ओडिसा।** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) ने गुरुवार को अपने लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन्स में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का ट्रायल रन शुरू किया। यह रणनीतिक कदम पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और एक हरित और सस्टेनेबल लॉजिस्टिक समाधान की दिशा में एक प्रगतिशील बदलाव का प्रतीक है। पारंपरिक ईंधन-आधारित परिवहन विधियों से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और वायु प्रदूषकों को महत्वपूर्ण रूप से कम करने के उद्देश्य से, अग्रणी स्टील कंपनी ने अपने छोटे ढुलाई क्षेत्रों के लिए फेरो क्रोम और रिडक्टेंट दोनों की आवाजाही के लिए परीक्षण शुरू किया। परिचालन चुनौतियों, लागत प्रभावशीलता और उड2 बचत को समझने के लिए परीक्षण 12 दिनों की अवधि के लिए होगा। ओडिशा के जाजपुर में कंपनी के फेरो अलॉय प्लांट में ईवी को हरी झंडी दिखाते हुए पंकज सतीजा, एग्जीक्यूटिव इंचार्ज, फेरो अलॉय और मिनरल्स डिवीजन, टाटा स्टील ने कहा,एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, हम हमेशा सस्टेनेबल अभ्यासों के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। हमारे लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन्स में इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरूआत से हमें कार्बन न्यूट्रेलिटी प्राप्त करने और संपूर्ण वैल्यू चेन में पर्यावरण-अनुकूल अभ्यासों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। स पहल पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बी.डी. नंदा, चीफ-ऑपरेशंस (एफएपीजेए, एफएपीजी, एफएपीए, एसएसपीबी), टाटा स्टील ने कहा कि कंपनी स्वच्छ और अधिक सस्टेनेबल भविष्य में योगदान देने वाली नवीन तकनीकों का पता लगाना और अपनाना जारी रखेगी। पहले, मध्य और अंतिम माइल डिलीवरी के लिए बेड़े में शामिल की गई ईवी में 42 टन तक वजन ले जाने की क्षमता है और यह एक बार चार्ज करने पर 140 किमी की उल्लेखनीय दूरी आसानी से तय कर सकती है। वाहन गुरुवार को एफएपी जाजपुर से आईसीडी कलिंगानगर तक फेरो क्रोम ले गया और अगले दिन टाटा स्टील के कलिंगानगर प्लांट से नट कोक को एफएपी जाजपुर ले जाने वाला है। इस प्रयास में लॉजिस्टिक पार्टनर एक्ज़िम लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल था।

## सीट-सीट पर कमल खिलाने को बाबूलाल नाप रहे गांव-गांव की जमीन

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने 70 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा के बहाने लोगों से किया संवाद
- आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही है राजनीतिक ब्यूहरचना

उदय चौहान

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सीट-सीट पर कमल खिलाने के लिये गांव-गांव की जमीन नाप रहे हैं। करीब आठ चरणों में राज्य के 70 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प सभा के माध्यम से जनता से संवाद कर चुके हैं। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार के उपलब्धियां गिनायी जा रही है। वहीं, राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर हमला किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का किया आज्ञान किया गया। इस दौरान संथालपरगना, कोल्हान, पलामू के अलावा उत्तरी व दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जगहों पर संकल्प सभा में काफी भीड़ देखी गयी। यहां तक कि भारी बारिश के बावजूद गिरिडीह जैसे क्षेत्रों में उमड़ी भीड़ से भाजपा काफी उत्साहित है।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार बाबूलाल मरांडी ने ऐसे समय में संकल्प यात्रा में निकले हैं, जब उनकी टीम का गठन तक नहीं हुआ है। वर्ष 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर कांग्रेस-झामुमो व राजद की सतताररूढ़ सरकार पर तीखे हमले कर जनता को पक्ष में करने की रणनीति अपना रहे हैं। हालांकि, इस दौरान उन्हें अपने पार्टी के दिग्गजों का भी अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। लेकिन, आदिवासी समुदाय सहित अन्य लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव से पहले वार्मअप किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को मांज कर चुनाव के लिये तैयार किया जा रहा है। इस यात्रा का समापन रांची के मोराबादी मैदान में भव्य रूप में आगामी 28 अक्टूबर को होना है।

चुनाव के नजदीक पहुंचते ही राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गयी है। श्री मरांडी ने कहा है कि सत्तारूढ़ पार्टियां

पैसे और परिवार के लिये राजनीति कर रही है। कांग्रेस, झामुमो व राजद के सत्ता में रहते जनता का भला नहीं होने वाला है। इस सरकार के सत्ता भ्रष्टाचार व अपराध के बोलबाला को खत्म नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी गांव गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिये समर्पित है। मोदी जी ने गैस कनेक्शन के साथ-साथ गैस पर सब्सिडी भी दिया। जबकि 75 लाख बहनों को नया कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है। जबकि कांग्रेस शासन में शहर वालों को ही मिलता था। आज गांव-गांव तक गैस पहुंच गया है। मोदी जी ने महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33 प्रतिशत बहनों को इसका लाभ मिलेगा।

## जेएसएमडीसी की निष्क्रियता को लेकर हाहाकार रैली, दिया गया धरना




**कोडरमा।** उपायुक्त मेधा भारद्वाज ने आश्वस्त किया है कि वह खान विभाग एवं जेएसएमडीसी के उच्चाधिकारियों से बात कर सरकार की नियमावली के तहत को-ऑपरेटिव के माध्यम से ढिबरा की खरीदारी शीघ्र शुरू करवाने का प्रयास करेंगी। उपायुक्त ने यह आश्वासन माइका वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के दौरान दिया। वहीं प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को नियमावली के तहत ढिबरा खरीदारी नहीं होने के कारण मजदूरों की स्थिति की जानकारी देते हुए उनसे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भी सौंपा गया। इसके पूर्व माइका वर्कर्स यूनियन की ओर से सैकड़ों ढिबरा मजदूरों ने जेएसएमडीसी की निष्क्रियता के कारण खराब हालात की ओर ध्यान आकृष्ट कराने को लेकर हाहाकार रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। रैली उपायुक्त कार्यालय जाकर सभा में परिणत हो गई। वहीं रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने हैरानी जाहिर करते हुए कहा कि जिस काम का उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री कर चुके हैं, उसका धरातल पर नहीं उतरना शर्मनाक है। जेएसएमडीसी की निष्क्रियता के कारण कोडरमा और गिरिडीह के लाखों गरीब ढिबरा मजदूरों के घर का चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। मुख्यमंत्री ने संवेदनशील कदम जरूर उठाया है पर सरकारी तंत्र विफल साबित हुआ है। मजदूरों की को-ऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि नियमावली के तहत ढिबरा का मालिक मजदूरों को बनाया गया है लेकिन दुर्भाग्यवश मालिक ही भूख मरने के कगार पर है। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि मजदूरों का त्योहार फीका पड़ गया है। उन्होंने ढिबरा की खरीदारी अविलंब शुरू करने की मांग की। सभा को यूनियन के संयोजक महेंद्र तुरी, सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, बबन मेहता, सारस कुमार बबलू, ग्यास हुसैन व सविता देवी ने भी संबोधित किया।

## एक्सएलआरआइ व टाटा स्टील फाउंडेशन ने सीएसआर पर पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन कोर्स के लिए किया करार

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** गुरुवार को जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट (एक्सएलआरआई) और टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ या फाउंडेशन) के बीच पहली बार सामाजिक-प्रभाव के क्षेत्र में ऑनलाइन पोस्ट-ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू करने और विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर फादर एस जॉर्ज, डायरेक्टर, एक्सएलआरआई, और सौरव रॉय, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, टाटा स्टील फाउंडेशन ने श्री चाणक्य चौधरी, डायरेक्टर, टाटा स्टील फाउंडेशन की उपस्थिति में जमशेदपुर में एक्सएलआरआई परिसर में हस्ताक्षर किए। इसके तहत, दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से एक साल का, विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, अकादमिक रूप से कठोर और संस्थागत रूप से मान्यता प्राप्त ऑनलाइन स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र कार्यक्रम (₹प्रोग्राम₹) विकसित और डिलीवर करेंगी। यह 10 वर्षों के दौरान भारत और दुनिया में सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) और सामाजिक-प्रभाव प्रबंधन क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए सबसे आवश्यक और मांग वाले कौशल सेट, ज्ञान-आधारित और दृष्टिकोण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। एक्सएलआरआई और टीएसएफ दोनों संयुक्त रूप से कार्यक्रम की सफल डिलीवरी को सक्षम बनाने के लिए प्रासंगिक विषय वस्तु और प्रक्रियाओं को विकसित और निष्पादित करेंगे। यह उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान, सीएसआर और सामाजिक-प्रभाव वाले स्थान (भारतीय और वैश्विक दोनों संदर्भों में) के लिए प्रासंगिक ज्ञान के एक जैविक और समग्र निकाय को संरक्षित और प्रसारित करने का प्रयास करेगा, जिसमें कौशल सेट का भंडार, केस स्टडीज, शोध पत्र, श्वेत-पत्र, आलेख, किताबें, और अन्य पाठ्य/ऑडियो-विजुअल कंटेंट जैसे फिल्में/वीडियो आदि शामिल है। फादर एस जॉर्ज, डायरेक्टर - एक्सएलआरआई जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, जमशेदपुर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, एक्सएलआरआई हमेशा ज्यादा बेहतरी के लिए₹ कदम उठाने में विश्वास करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से, हम सामाजिक कल्याण के लिए सीएसआर का लाभ उठाने में टाटा स्टील फाउंडेशन की विशेषज्ञता और भारत और दुनिया के लिए कल के सहानुभूतिपूर्ण सामाजिक प्रभाव वाले लीडर्स को तैयार करने के लिए एक्सएलआरआई की शैक्षणिक क्षमता के बीच तालमेल बनाएंगे, हालांकि श्री सौरव रॉय, सीईओ-टीएसएफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा पीजीसीसीएसआर पाठ्यक्रम इस मायने में एक अनूठा प्रयास है कि यह समुदायों से ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक मंच बनाने के हमारे इरादे को दशार्ता है; जो जीवन के अनुभवों से उत्पन्न होते हैं और कक्षाओं तक सीमित नहीं होते। हम इस दीर्घकालिक सहयोग को ज्ञान और बुद्धिमत्ता को समृद्ध करने में एक मील का पत्थर मानते हैं। हम एक्सएलआरआई के साथ इस सहयोग को भी महत्व देते हैं और इस तरह सामाजिक रूप से जिम्मेदार नेतृत्व को व्यवस्थित रूप से निखारने के लिए एक स्पष्ट मार्ग तैयार करते हैं। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम के माध्यम से, जो एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित है, और समय के साथ, टीम यह सुनिश्चित करेगी कि यह कार्यक्रम पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर प्रोग्राम और प्रक्रियात्मक स्तरों पर प्रासंगिक इनपुट के माध्यम से लगातार समृद्ध हो।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साउथ अफ्रीका की धमाकेदार जीत




एजेंसी

**लखनऊ।** आइसीसी वनडे विश्व कप 2023 के 10वें मैच में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 134 रन से हरा दिया। टूनार्मेंट में साउथ अफ्रीका की ये लगातार दूसरी धमाकेदार जीत है। मैच में साउथ अफ्रीका ने पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने क्विंटन डि कॉक के शतक और कप्तान एडेन मार्करम की अर्धशतकीय पारी से निर्धारित 50 ओवर के खेल में 7 विकेट पर 311 रन का स्कोर खड़ा किया था लेकिन इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 40.5 ओवर में 177 रन बनाकर सिमट गई lलक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने अपनी तेज गेंदबाजी से जमकर बरपाया। रबाडा ने 8 ओवर में सिर्फ 33 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। रबाडा के अलावा मार्को येनसन, तबरेज शम्सी और केशव महाराज के खाते में भी दो-दो विकेट आया। साउथ अफ्रीका की गेंदबाजी के आगे ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज अपना पैर नहीं जमा सके। कंगारू टीम की तरफ से सिर्फ मार्नस लाबुशेन ने ही एक ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने 47 रनों की पारी खेली। यही कारण है पूरी टीम सिर्फ 177 रन के स्कोर पर सिमट गई।

### डिकॉक ने ऑस्ट्रेलिया की निकाली हवा

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका के धाकड़ विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक ने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से कहर बरपा दिया। उन्होंने टीम के लिए 106 गेंद में 109 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 5 छक्के भी लगाए। विश्व कप 2023 में डिकॉक का यह लगातार दूसरा शतक था। क्विंटन ने पारी में तेम्बा बावुमा के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 108 रनों की बेहतरीन शतकीय साझेदारी की थी। इसके बाद रासी वैन डर डुसेन के साथ भी क्विंटन ने 50 रनों की पार्टनरशिप की। इसके बाद उन्होंने कप्तान मार्करम के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की हवा निकाल दी। मार्करम ने साउथ अफ्रीका के लिए 44 गेंद में 56 रन बनाकर आउट हुए।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| द. अफ्रीका | 02 | 02 | 00 | 04 | +2.360 |
| नयूजीलैंड | 02 | 02 | 00 | 04 | +1.958 |
| भारत | 02 | 02 | 00 | 04 | +1.500 |
| पाकिस्तान | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.927 |
| इंग्लैंड | 02 | 01 | 01 | 02 | +0.553 |
| बांग्लादेश | 02 | 01 | 01 | 02 | -0.653 |
| श्रीलंका | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.161 |
| नीदरलैंड्स | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.800 |
| ऑस्ट्रेलिया | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.846 |
| आफगनिस्तान | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.907 |

### स्टार्क व मैक्सवेल रहे सबसे सफल

साउथ अफ्रीका के खिलाफ इस मुकाबले में मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल सबसे सफल गेंदबाज रहे। इन दोनों को पारी में दो-दो विकेट मिला।

### दक्षिण अफ्रीका 311/7 (50 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| डी कॉक बो. ग्लेन मैक्सवेल | 109 | 106 | 08 | 05 |
| बवुमा कै. वॉर्नर बो. मैक्सवेल | 35 | 55 | 02 | 00 |
| डुसेन कै. जंपा बो. शॉन एबॉट | 26 | 30 | 02 | 00 |
| मार्करम कै हेजलवुड बो. कमिंस | 56 | 44 | 07 | 01 |
| क्लासेन कै. इंगलिस बो. हेजलवुड | 29 | 27 | 03 | 00 |
| डेविड मिलर बो. स्टार्क | 17 | 13 | 01 | 01 |
| मार्को येन्सन कै. वॉर्नर बो. स्टार्क | 26 | 22 | 03 | 01 |
| कगिसो रबाडा नाबाद | 00 | 01 | 00 | 00 |
| केशव महाराज नाबाद | 00 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 13

**विकेट पतन** : 108-1, 158-2, 197-3, 263-4, 267-5, 310-6, 311-7.

**गेंदबाज** : मिचेल स्टार्क : 9-1-53-2, जोश हेजलवुड : 9-0-60-1, ग्लेन मैक्सवेल : 10-1-34 2, पैट कमिंस : 9-0-71-1, एडम जंपा : 10-0-70 1, मिचेल मार्श : 1-0-6-0, मार्कस स्टोइनिस : 2-0 11-0.

### ऑस्ट्रेलिया 177/10 (40.5 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मार्श कै. बवुमा बो. येन्सन | 07 | 15 | 00 | 00 |
| वॉर्नर कै. डुसेन बो.एनगिडी | 13 | 27 | 02 | 00 |
| स्मिथ एलबीडब्ल्यू रबाडा | 19 | 16 | 04 | 00 |
| लबुशेन कै. बवुमा बो. महाराज | 46 | 74 | 03 | 00 |
| इंगलिस बो. कगिसो रबाडा | 05 | 04 | 01 | 00 |
| मैक्सवेल कै. एंड बो.महाराज | 03 | 17 | 00 | 00 |
| स्टोइनिस कै. कॉक बो. रबाडा | 05 | 04 | 01 | 00 |
| स्टार्क कै. कॉक बो. येन्सन | 27 | 51 | 03 | 00 |
| कमिंस कै. मिलर बो. शम्सी | 22 | 21 | 04 | 00 |
| एडम जम्पा नाबाद | 11 | 16 | 01 | 00 |
| हेजलवुड कै. रबाडा बो. शम्सी | 02 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 17

**विकेट पतन** : 27-1, 27-2, 50-3, 56-4, 65-5, 70-6, 139-7, 143-8, 175-9, 177-10.

**विकेट पतन** : लुंगी एनगिडी : 8-2-18-1, मार्को येन्सन : 7-0-54-2, कगिसो रबाडा : 8-1-33-3, केशव महाराज : 10-0-30-2, तबरेज शम्सी : 7.5 0-38-2,

## भारत और पाक मुकाबले पर बारिश का खतरा

**अहमदाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच 14 अक्टूबर को यहां होने वाले आईसीसी विश्व कप के बहुप्रतीक्षित मुकाबले और नवरात्रि पर्व में बारिश खलल डाल सकती है क्योंकि भारतीय मौसम विभाग ने इस दौरान शहर और उत्तर गुजरात में हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है। विश्व कप का यह आकर्षक मुकाबला शनिवार को मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा जबकि 9 दिवसीय नवरात्रि पर्व 15 अक्टूबर को शुरू होगा। भारतीय मौसम विभाग द्वारा साझा की गई नवीनतम मौसम जानकारी के अनुसार 14 और 15 अक्टूबर को उत्तर गुजरात के जिलों और अहमदाबाद में छुटपुट बारिश हो सकती है। अहमदाबाद के मौसम केंद्र की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा कि गुजरात में अगले पांच दिन में मौसम शुष्क रहने की उम्मीद है लेकिन अहमदाबाद जिले में 14 अक्टूबर को छुटपुट बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि आसमान में बादल छाए रहेंगे।

## भारत-पाक मैच से पहले छावनी बना अहमदाबाद सात हजार पुलिसकर्मी और चार हजार होमगार्ड तैनात

**नयी दिल्ली।** वनडे विश्व कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच शनिवार 14 अक्तूबर को होना है। दोनों टीमें इस मुकाबले के लिए अहमदाबाद पहुंच चुकी हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच को देखने के लिए लाखों दर्शक अहमदाबाद पहुंचेंगे। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 1.30 लाख दर्शक एक साथ मैच देख सकते हैं। इस मैच के सारे टिकट बिक चुके हैं। इसके लिए पुलिस और प्रशासन ने खास तैयारी की है। पूरे अहमदाबाद में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खासकर स्टेडियम के पास सुरक्षा का खास ध्यान रखा जा रहा है। हजारों की संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा एजेंसियों के 11 हजार से ज्यादा जवान स्टेडियम और शहर के खास हिस्सों की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए हैं। किसी भी परेशानी से निपटने के लिए काउंटर टेरर फोर्स, नेशनल सिक्योरिटी गार्ड, रैपिड एक्शन फोर्स, होम गार्ड और गुजरात पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। इस मैच के दिन अहमदाबाद में सात हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी और चार हजार होमगार्ड जवान तैनात होंगे। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड की तीन टीम और एक एंटी ड्रोन टीम भी मौके पर होगी। स्टेडियम के पास का इलाका पहले ही एंटी ड्रोन जोन घोषित किया जा चुका है। मैच के दौरान शहर और स्टेडियम की सुरक्षा के लिए गुजरात के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक की थी और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों का जायजा भी लिया था।

# चेपॉक पर न्यूजीलैंड को बांग्लादेश के स्पिनरों से रहना होगा सावधान

एजेंसी

**चेन्नई।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत न्यूजीलैंड टीम को विश्व कप में अपनी स्थिति और मजबूत करने के लिये चेपॉक की धीमी पिच पर बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार के मैच में स्पिनरों से सावधान रहना होगा। नियमित कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज टिम साउदी के आने से न्यूजीलैंड का आक्रमण और मजबूत हुआ है। दोनों इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ नहीं खेल सके थे और विलियमसन की जगह टॉम लाथम ने कप्तानी की थी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि विलियमसन अब एसीएल चोट से उबर चुके हैं और साउदी भी अंगूठे की सर्जरी के बाद अब फिट हैं। कीवी टीम के सामने हालांकि अब चयन की दुविध होगी क्योंकि विलियमसन की जगह तीसरे नंबर पर उतरे रचिन रविंद्र ने एक शतक और एक अर्धशतक बनाया। अब उसे बाहर करना मुश्किल होगा। शीर्षक्रम के बल्लेबाजो विल यंग, डेवोन कोंवे और डेरिल मिशेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। वैसे एम ए चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर न्यूजीलैंड को रनों की काफी जरूरत होगी क्योंकि भारत और आस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खेले गए मैच में पिच से टर्न मिल रही थी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम हो सकती है। पिछले मैच में इंग्लैंड से हारने के बावजूद बांग्लादेश की ताकत उसके स्पिनर साबित हो सकते हैं। कप्तान शाकिब अल हसन, मेहदी हसन और मेहदी हसन मिराज ने दो मैचों में 11 विकेट लिए हैं। उनसे इस प्रदर्शन को दोहराने की उम्मीद होगी। न्यूजीलैंड के पास भी मिचेल सेंटनेर हैं जो इस विश्व कप में सर्वाधिक सात विकेट ले चुके हैं। बांग्लादेश को अपने सीनियर बल्लेबाजो शाकिब, मुशफिकुर रहीम, लिटन दास और नजमुल शांतो से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। तेज गेंदबाजी में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी है जिसके पास ट्रेंट बोल्ट, मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्युसन जैसे गेंदबाज हैं। आईपीएल की वजह से उन्हें यहां के हालात की अच्छी जानकारी भी है। दोनों टीमों का वनडे में 41 बार सामना हुआ है और न्यूजीलैंड ने 30 बार जीत दर्ज की है , बांग्लादेश ने दस मैच जीते और एक बेनतीजा रहा।




# शुभमन ने एक घंटे तक किया अभ्यास पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे!

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए इसे अच्छी खबर कहा जा सकता है कि सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल डेंगू बुखार से उबर गए हैं और उन्होंने गुरुवार को एक घंटे तक नेट पर अभ्यास किया, जिससे उनकी पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच में खेलने की संभावना बढ़ गई है। यह 22 वर्षीय खिलाड़ी अस्वस्थ होने के कारण ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ पहले दो मैचों में नहीं खेल पाया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच में उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। असल में टीम प्रबंधन ने टीम के अहमदाबाद पहुंचने से पहले गिल के लिए विशेष अभ्यास सत्र का आयोजन किया। यही कारण था कि उसने बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने को बुधवार को ही अहमदाबाद जाने के लिए कह दिया था। गिल गुरुवार को सुबह 11 बजे नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंचे तथा टीम के डॉक्टर रिजवान की देखरेख में उन्होंने कुछ कसरतें करने के बाद नेट पर अभ्यास किया। पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की ह्यइनडिपर' को ध्यान में रखते हुए उन्होंने श्रीलंका के विशेषज्ञ सेनेविरत्ने के 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से किये गए थ्रोडाउन पर अभ्यास किया। इसके अलावा उन्होंने कुछ नेट गेंदबाजों का भी सामना किया। इस दौरान वह सहज नजर आ रहे थे। गिल को टीम में शामिल करने का फैसला करने से पहले मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और चिकित्सा टीम शुक्रवार को होने वाले अभ्यास सत्र में उनकी प्रगति पर गौर करेंगे।



## चोटिल सुशीला चानू को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में विश्राम, हॉकी में 20 सदस्यीय महिला टीम घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अनुभवी मिडफील्डर सुशीला चानू को चोटिल होने के कारण 27 अक्तूबर से पांच नवंबर तक रांची में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के लिए आराम दिया गया है। उन्हें 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह नहीं दी गई है। रियो ओलंपिक में भारत की अगुवाई करने वाली सुशीला हाल में हांगझोऊ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि सुशीला जल्द ही डॉक्टर से मिलकर अपनी चोट की स्थिति का पता लगाएगी। सूत्रों ने कहा, सुशीला को विश्राम दिया गया है क्योंकि वह चोटिल हैं। उन्हें डॉक्टर को दिखाने की जरूरत है। सुशीला टीम की महत्वपूर्ण सदस्य हैं और उनका आगामी टूनामेंटों से पहले फिट होना जरूरी है। बलजीत कौर को सुशीला की जगह टीम में लिया गया है। एशियाई खेलों की टीम में शामिल वैष्णवी विट्ठल फाल्के को शर्मिला देवी के साथ बैकअप विकल्प के रूप में रखा गया है।



सुशीला के अलावा गोलकीपर सविता के नेतृत्व वाली टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का पहले की तरह टीम की उप कप्तान बनी रहेगी।

### पहला मैच 27 को थाईलैंड से

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलयेशिया और थाईलैंड अन्य भाग लेने वाले देश हैं। भारत अपने अभियान की शुरूआत 27 अक्तूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह मलयेशिया (28 अक्तूबर), चीन (30 अक्तूबर), जापान (31 अक्तूबर) और कोरिया (2 नवंबर) के खिलाफ मैच खेलेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेक शोपमैन ने कहा, ह्यलय बनाए रखना और टीम के रूप में सुधार जारी रखना महत्वपूर्ण है।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी संजू सैमसन को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**कोच्चि।** संजू सैमसन को 16 अक्टूबर से छह नवंबर तक विभिन्न स्थलों पर होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूनार्मेंट के लिए गुरुवार को केरल का कप्तान नियुक्त किया गया। केरल ग्रुप बी में अपने अभियान की शुरूआत मुंबई में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले के साथ करेगा। केरल और हिमाचल के अलावा ग्रुप बी में सिक्किम, असम, बिहार, चंडीगढ़, ओडिशा, सेना और चंडीगढ़ को जगह मिली है। सैमसन इस टूनार्मेंट में अच्छे प्रदर्शन से राष्ट्रीय चयनकताओं को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। केरल की टीम को इस साल ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल के उसके साथ जुड़ने से मजबूती मिली है। वह कर्नाटक को छोड़कर पिछले महीने केरल से जुड़े। स्पिन विभाग में गोपाल का साथ अनुभवी जलज सक्सेना देंगे जो पिछले रणजी ट्रॉफी सत्र में 50 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे। रोहन कुन्नुमल को उप कप्तान बनाया गया है जबकि तमिलनाडु के पूर्व क्रिकेटर एम वेंकटरमन्ना मुख्य कोच होंगे।

# ओलंपिक कोटा हासिल करने के बाद निशानेबाजों को टीम से हटाना निराशाजनक : ढिल्लों

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता टी एस ढिल्लों का मानना है कि ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले निशानेबाजों को अगले टूर्नामेंट से बाहर रखने की भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की नीति से निशानेबाजों का मनोबल गिरता है क्योंकि प्रतिस्पर्धा के अभाव में वे बड़े टूनामेंटों का दबाव नहीं झेल पाते। देश के लिए अधिकतम ओलंपिक कोटा हासिल करने की कवायद में एनआरएआई ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके निशानेबाजों को या तो बाहर कर देता है या उन्हें न्यूनतम क्वालीफिकेशन स्कोर्स (एमक्यूएस) में डाल देता है जिससे वे पदक की दौड़ से बाहर हो जाते हैं। काहिरा में विश्व चैंपियनशिप 2022 में स्वर्ण पदक जीतकर 10 मीटर एयर राइफल में कोटा हासिल करने वाले रूद्रांक्ष पाटिल को अजरबैजान के बाकू में अपने खिताब की रक्षा करने का मौका नहीं दिया गया। रूद्रांक्ष, राजेश्वरी कुमारी (ट्रैप) और सिफत कौर सामरा (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन) एशियाई चैंपियनशिप में उतरेंगे जो 2024 पेरिस ओलंपिक का क्वालीफिकेशन टूनार्मेंट है। ये सिर्फ आरपीओ (रैंकिंग प्वाइंट ओन्ली) वर्ग में भाग लेंगे ताकि दूसरे निशानेबाज कोटा हासिल कर सकें। करीब 17 साल तक एनआरएआई के राष्ट्रीय चयनकर्ता रहे ढिल्लों ने कहा, यह रूद्रांक्ष के लिये निराशाजनक है। ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके किसी भी निशानेबाज के लिए यह निराशाजनक है। आपको दूसरों को मौका देना चाहिये लेकिन इनसे भी मौका लेना नहीं चाहिए।' भारत ने तोक्यो ओलंपिक 2020 से पहले निशानेबाजी में रिकॉर्ड 15 कोटा स्थान हासिल किए थे लेकिन पदक नहीं जीत सके। पूर्व निशानेबाज ढिल्लों ने कहा, रूद्रांक्ष जैसे निशानेबाजों को बाहर नहीं किया जाना चाहिए। निशानेबाजी काफी प्रतिस्पर्धी खेल है और लय बनाए रखना जरूरी है। अगर आप 20 किलोमीटर या 10 किलोमीटर दौड़ रहे हैं तो लय छूटने पर फिर पाना मुश्किल होता है।' हर देश को निशानेबाजी में हर वर्ग में अधिकतम दो कोटे मिल सकते हैं। दस मीटर एयर राइफल में रूद्रांक्ष ने एक हासिल कर लिया और अब नजरें दिव्यांश पंवार, अर्जुन बाबुटा और ह्रदय हजारिका पर लगी हैं जो 27 अक्टूबर से दो नवंबर तक चांगवोन में एशियाई चैम्पियनशिप खेलेंगे। ढिल्लों ने कहा, मुझे लगता है कि एनआरएआई का फोकस ज्यादा से ज्यादा कोटा लेने पर है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि लक्ष्य पदक जीतना है। हम ओलंपिक में कैसे अधिकतम पदक जीत सकते हैं। निशानेबाजी जैसे खेल में मानसिक तैयारी भी बहुत अहम है।'



## सिंधु आर्कटिक ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं

**वांटा।** भारतीय शटलर पीवी सिंधु गुरुवार को आर्कटिक ओपन 2023 बैडमिंटन के राउंड ऑफ में 16 के महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु आज यहां खेले गये राउंड ऑफ 16 के महिला एकल मुकाबले में विश्व की 22वें नंबर की शटलर चीनी ताइपे की वेन ची सू को 21-11, 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई।

## आइओसी सत्र की खेल की दुनिया में अलग अहमियत

INTERNATIONAL OLYMPIC COMMITTEE

**मुंबई।** ओलंपिक और एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी अभिनव बिंद्रा, नीरज चोपड़ा और पीपी सिंधु का मानना है कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले आईओसी सत्र की खेल की दुनिया में अलग ही अहमियत है और इससे पदक बढ़ने में मदद मिलेंगी। ओलंपिक से जुड़े फैसले लेने के लिए आईओसी सत्र को सबसे अहम माना जाता है।

## किदांबी श्रीकांत ने 16 में बनायी जगह

**वांटा।** आर्कटिक ओपन 2023 बैडमिंटन के पुरुष एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में जर्मनी के मैक्स वीस्किरचेन के चोटिल होने के कारण रिटायर होने के बाद किदांबी श्रीकांत को विजेता घोषित किया गया। इसके साथ भारतीय शटलर राउंड ऑफ 16 में पहुंच गये है। फिनलैंड के वांटा में आयोजित वीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूनार्मेंट में जर्मनी के बैडमिंटन खिलाड़ी वीस्किरचेन ने जब चोट के कारण मैच छोड़ा उस समय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीकांत 11-6 से आगे चल रहे थे। भारतीय शटलर गुरुवार को सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कांटा सुनेयामा होगा।

## सब जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में महाराष्ट्र मप्र और छत्तीसगढ़ की जीत

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला वेस्ट जोन चैंपियनशिप 2023 के चौथे दिन गुरुवार को महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात ने सब जूनियर पुरुष वर्ग के अपने-अपने मैच जीते। दिन के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 7-0 से हराया। दूसरे मैच में हॉकी मध्य प्रदेश ने सब जूनियर महिला वर्ग में गोवा हॉकी को 23-0 से हराया। तीसरे मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ हॉकी ने हॉकी गुजरात को 13-0 से हराया।

## पीएम आइओसी के 141वें सत्र का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र का उद्घाटन करेंगे। गुरुवार को यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यों की इस महत्वपूर्ण बैठक में ओलंपिक खेलों के भविष्य से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। भारत दूसरी बार और लगभग 40 वर्षों के अंतराल के बाद आइओसी के सत्र की मेजबानी कर रहा है। आखिरी बार आइओसी का 86वां सत्र 1983 में नयी दिल्ली में आयोजित किया गया था।

## फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया ने एशियाई क्वालीफायर के दूसरे दौर के लिए मटिल्डास टीम की घोषणा की

**कैनबरा।** फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए एशियाई क्वालीफायर के दूसरे दौर में पूरी क्षमता वाली ऑस्ट्रेलिया महिला राष्ट्रीय फुटबॉल टीम (मटिल्डास) की घोषणा की। मटिल्डास के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने गुरुवार को 22 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की। टीम 26 अक्टूबर से एक नवंबर के बीच ईरान, फिलीपींस और चीनी ताइपे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेगी।

## रिलायंस फाउंडेशन ओलंपिक मूल्यों के अनुरूप कर रहा है काम : बाख

**मुंबई।** अन्तरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अध्यख थॉमस बाख ने नीता अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन के काम की सराहना की। बाख मुंबई में चल रही आइओसी कार्यकारी बोर्ड की बैठक के उद्घाटन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नवी मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स अकादमी का काम देखकर वे बेहद प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की मेरी सहयोगी और मित्र नीता अंबानी के साथ मैंने रिलायंस फाउंडेशन का दौरा किया और वहां बच्चों और युवाओं के लिए चल रहे खेल और शिक्षा से संबंधित कार्यक्रम देखे।

## एक नवंबर से मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता, 30 दिसंबर को फाइनल

**रांची।** झारखंड खेल विभाग द्वारा 2023-24 के मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता को लेकर खेल कैलेंडर 2023-24 जारी किया है। निर्धारित तिथि के अनुरूप प्रतियोगिता कराने का निदेश दिया गया है। इसी क्रम में रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिला अंतर्गत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को खेल कैलेंडर के अनुरूप पंचायत एवं प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता कराने का निर्देश दिया है। इसके तहत इस वर्ष कुल 5 स्तर (पंचायत, प्रखंड, जिला, जोनल, राज्य) पर प्रतियोगिताएं होंगी। पंचायत स्तर की प्रतियोगिताएं 01 नवंबर से 18 नवंबर 2023 तक आयोजित की जाएंगी। प्रखंड स्तर की प्रतियोगिताएं 28 नवंबर से 06 दिसंबर 2023 तक आयोजित की जाएंगी। जिला स्तर की प्रतियोगिता 11 दिसंबर से 24 दिसंबर 2023 तक आयोजित की जायेगी। जोनल स्तर पर (रांची, रामगढ़, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा) में 17 दिसंबर से 20 दिसंबर 2023 तक आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तर पर 27 दिसंबर से 30 दिसंबर 2023 तक प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी।

## फिटनेस के लिए शारीरिक खेलकूद जरूरी : रशिका

- सीआइटी में नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी के बीटेक में नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि कैंब्रिज ग्रुप की सीएफ प्रो. राशिका नवनीत सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक खेलकूद शारीरिक सौष्ठव एवं सर्वांगिण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी मोबाइल पर गेम खेल कर एडिक्टड होने की वजाय शारीरिक खेलकूद में भाग लें। वहीं प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उशमानी ने कहा कि नियमित खेलकूद से बीमारियों की आशंका भी काफी कम होती है। पहले दिन विद्यार्थियों ने वॉलीवाल, बैडमिंटन और कैरमबोर्ड जैसे खेल का आनंद लिया। इस दौरान स्पोर्ट्स कमिटी के अनवर आलम ने विद्यार्थियों को संस्थान में प्रति सप्ताह आयोजित होने वाले खेल एवं नियम सम्बन्धी जानकारी दी। मौके पर डॉ प्रणव कुमार, प्रो. पुष्पकला, प्रो. कावेरी कंचन, प्रो. अमित चतुर्वेदी, प्रो.चंदा कुमारी के अलावे स्पोर्ट्स कमिटी के जुल्फीकार आदिल, निरंजन महतो और सूरज महतो आदि मौजूद थे।

# मस्जिद में ही खैरात बांटे मुख्यमंत्री : गिरिराज सिंह

एजेंसी



**बेगूसराय।** बिहार के बक्सर में हुए रेल हादसा के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा रेल मंत्रालय पर सवाल उठाए जाने को लेकर बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा हमला किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन बक्सर में रघुनाथपुर के पास डिटेल हो गई। जानकारी के अनुसार 32 यात्री घायल हुए हैं और चार यात्रियों की मौत हो गई है। रेलवे ने त्वरित काम शुरू किया है। स्थानीय लोग घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर यात्रियों की मदद किया। इसके लिए रेलवे और आमजनों को धन्यवाद। रेलवे ने सभी यात्रियों को विशेष ट्रेन से गंतव्य के लिए रवाना किया। घायलों का इलाज कराने के साथ-साथ 50 हजार रुपये मुआवजा दिया गया। मृतक के परिजनों को दस लाख मुआवजा दिया जा रहा है। लेकिन मुख्यमंत्री ने जिस तरह का वक्तव्य दिया कि यह मेरा काम नहीं है, यह शर्मनाक है। नीतीश कुमार खैरात नहीं बांटे। गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के पास बिहार शरीफ के मस्जिद को देने के लिए एक करोड़ रूपया है। लेकिन बिहार शरीफ के हिंदू दुकानदारों और जिनके घर जले उन लोगों के लिए पैसा नहीं है। एक मुख्यमंत्री जो पूर्व में भी रेल मंत्री भी रह चुके हैं, उनके द्वारा हादसा के संबंध में दिए गए वक्तव्य से लगता है कि खैरात बांट रहे हैं। यह संघीय ढांचा है, जिसमें ऐसी जुबान नहीं रखें, खैरात यहां नहीं मस्जिद में ही बांटते रहें। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार ने कहा है कि जब हम रेल मंत्री थे तो रेल हादसों को रोकने के लिए कई तरह के कार्य किए। उससे घटनाएं कम हो गई थी, रेल मंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिए, जिससे इस तरह की घटनाएं रोकी जा सके। यह रेलवे का काम है, इसके बाद भी हम मुआवजा दे रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### फर्जी आईडी बना कर ठगने और उगाही का कार्य किया जा रहा है।

**गोड्डा।** जिशान कमर, उपायुक्त, गोड्डा के नाम एवं प्रोफाइल फोटो से फर्जी व्हाटसएप्प आई0डी0 बनाकर विभिन्न व्यक्तियों से पैसे मांगने के साईबर फ्रॉड का मामला प्रकाश में आया है। फर्जी व्हाट्स एप्प आई0डी0 का नंबर 8087373776 है। इस बारे में उपायुक्त, गोड्डा द्वारा सभी को सतर्क करते हुए सूचित किया जाता है कि उक्त मामला साइबर फॉड से संबंधित है। ऐसे फेक व्हाट्सएप्प आई०डी०, किसी अन्य अनधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट या फोन नंबर से पैसे मांगे जाने या अन्य प्रलोभन के संबंध में कोई कॉल या संदेश आता है तो कृपया उसके झांसे में नहीं आएं।

### तालाब में डूबने से चार वर्षीय बालक की मौत

**दुमका।** जिले सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रक्सा गांव में गुरूवार को तालाब के गहरे पानी में डूबने से गांव के ही रामजी सिंह के चार वर्षीय पुत्र सूरज कुमार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरूवार के दोपहर में मृतक बालक तालाब के मेढ होकर अपना घर जा रहा था। इसी दौरान वह फिसल कर तालाब के गहरे पानी में चला गया। हालांकि बालक ने डूबने के दौरान हल्ला किया। लेकिन आसपास कोई व्यक्ति नहीं रहने के कारण उसे बचाने कोई नहीं आया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं बालक के परिजन ने अपने बच्चे को घर में नहीं देखकर उसे खोजने के लिए निकलें तो देखा कि बच्चा तालाब के पानी के उपर तैर रहा है। उसके बाद उसे तालाब से निकाल कर इलाज हेतु सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद स्वजन पुलिस को बिना सूचना दिए घर ले गए एवं अंतिम संस्कार कर दिया। सरैयाहाट में तालाब डूबने की ये कोई नई घटना नहीं है, सालाना इस प्रखंड में आधा दर्जन बच्चों की मौत तालाब में डूबने से हो रही है। इन सब के बाउजूद लोग सचेत नहीं हो रहे है।

### शिकारीपाड़ा सीओ ने चिप्स लदे वाहनों का किया जांच

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आज बृहस्पतिवार को शिकारी पाड़ा के अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर के द्वारा दुमका रामपुरहाट मुख्य पद पर पत्थर चिप्स लोड कर ले जा रहे लगभग दर्जनों वाहनों के कागजातों एवं लोडिंग किए गए पत्थर चिप्स की मात्रा का जांच किया। जांच के दौरान लगभग सभी वाहनों के कागजात सही पाया गया एवं लोडिंग भी क्षमता के अनुसार सही पाया। उक्त मौके पर शिकारीपाड़ा थाने के एएसआई परवेज आलम पुलिस जवान के साथ जांच अभियान में शामिल थे।

### डॉ. डी एन गोराई को मिला कुलानुशासक का अतिरिक्त प्रभार

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर गणित विभाग के सह प्राध्यापक एवं वर्तमान वित्त पदाधिकारी डॉ. डी एन गोराई को विश्वविद्यालय का कुलानुशासक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस बावत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने 11 अक्टूबर को एक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उक्त नोटिफिकेशन के अनुसार डॉ. गोराई वित्त पदाधिकारी के अतिरिक्त विश्वविद्यालय का कुलानुशासक का भी पद अगले आदेश तक संभालेंगे।

# इंडियन ऑयल के टैंकर को बनाया तहखाना, चैंबर में छिपाई 50 लाख की शराब

एजेंसी

**बांका।** जिले की उत्पाद विभाग की टीम ने बिहार झारखंड बार्डर पर चेकिंग के दौरान इंडियन ऑयल के टैंकर से करीब 50 लाख की कीमत की विदेश शराब जब्त की है। जिसे गाड़ी के चेंबर में छिपाया गया था। इंडियन ऑयल के टैंकर को बनाया तहखाना, चैंबर में छिपाई 50 लाख की शराब, फिर ऐसे हुआ खुलासा भले ही बिहार में शराबबंदी लागू हो, लेकिन शराब तस्कर नए-नए हथकंडे अपना रहे है। बांका में जिले में शराब तस्करी का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां इंडियन ऑयल के टैंकर में 50 लाख की विदेशी ले जाई जा रही थी। लेकिन चेकिंग के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने ये ट्रक जब्त कर लिया। जांच के दौरान टैंकर के चैंबर से 500 शराब पेटी बरामद हुई हैं। बिहार झारखंड बार्डर पर बौंसी के भलजोर चेकपोस्ट से लावारिस खड़ी इंडियन ऑयल के टैंकर से करीब 50




लाख रुपये मूल्य की विदेशी शराब जब्त की है। वहीं वाहन का कागज लाने का बहाना बनाकर चालक फरार हो गया। जिसके बाद में टैंकर की जांच करने पर पूरा टैंकर विदेशी शराब की कार्टून से भरा पाए जाने पर उत्पाद विभाग की टीम टैंकर जब्त करते हुए बाँका लायी है। इस बाबत उत्पाद अधीक्षक अरुण मिश्रा ने बताया कि भलजोर चेकपोस्ट पर सभी टैंकरों का डिजिटल लॉक की चेकिंग की जाती है। लेकिन टैंकर जब्त करने के बाद चालक सामने आया और उससे जब डिजिटल लॉक का पेपर मांगा गया तो कागजात कहीं छूटने के बहाना बनाकर फरार हो गया।

## अस्पताल में महिला की मौत, मचा कोहराम

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली अनुमंडलीय अस्पताल के कुव्यवस्था का शिकार मरीजों को होना पड़ रहा है। इस कड़ी में समय पर इलाज नहीं होने की वजह से एक महिला मरीज की गुरुवार को मौत हो गयी है। जिसके बाद परिजन ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नराजगी जताई है। जमकर हाल हंगामा किया जमकर हल्ला-हंगामा किया। मिली जानकारी के अनुसार गंभीर स्थिति में अस्पताल पहुंची महिला का करीब 40 मिनट तक इलाज नहीं हो पाया। चिकित्सक ड्यूटी से फरार थे। परिजन डॉक्टर के आने का इंतजार करते रह गये। मरीज ने इलाज के अङ्काव में दम तोड़ दिया। मृतका सावित्री देवी हरदिया की निवासी हैं। मृतका के बेटे सुजीत कुमार शर्मा ने बताया कि उनकी माता सुबह शौच करने जाते समय बाथरूम में गिर गई थी, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। हमलोगों ने उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, पर मौके पर अस्पताल में कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। अस्पताल के कर्मियों ने बताया कि डॉक्टर आनेवाले हैं। हमलोग डॉक्टर के आने तक इंतजार करने लगे। करीब 40 मिट तक इंतजार करते रहे पर कोई डॉक्टर नहीं आया और उनके मां की मौत हो गयी। मौत के कुछ देर बाद एक डॉक्टर आये और मरीज को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में चिकित्सक नहीं रहने के कारण इलाज नहीं हो सका।

## विद्यालयों में विधिक साक्षरता शिविर का डालसा ने किया आयोजन

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर जिला के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के कानूनी जागरूकता को लेकर पारा लीगल वोलेंटियर द्वारा विधिक साक्षरता शिवर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन झालसा के निदेर्शानुसार 100 दिनों तक चलने वाले जागरूकता सह आउटरीच अभियान के तहत किया गया। गुरुवार को जिले के जामा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कुंडाडीह, मसलिया प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तुड़का, रामगढ़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छंगीमोड, सरैयाहाट प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय, जरमुंडी प्रखंड के बंगला प्राथमिक विद्यालय में पीएलवी द्वारा विधिक साक्षरता शिविर में कानूनी साक्षरता के साथ-साथ निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, बालश्रम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, मानव तस्करी, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम सहित अन्य दैनिक उपयोगी कानूनो की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि विधिक साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत न केवल कमजोर व्यक्तियों को विधिक सेवा उपलब्ध कराया जाना शामिल है। बल्कि जिले के सुदूर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर आम जनता को विभिन्न विधिक प्रावधानों से अवगत कराते हुए उन्हें विधिक रूप से साक्षर बनाना भी विधिक सेवा कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है।

# अधिकारी नहीं कर रहें हैं कारवाई : सूचना अधिकार कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सूचना अधिकार दिवस पर रांची के प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों के सूचना अधिकार कार्यकताओं ने भाग लिया, जिसमें गोड्डा से सूचना अधिकार रक्षा मंच के पवन कुमार तूरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप कुमार विद्यार्थी तथा सहित दिवाकर शर्मा ने भी भाग लिया, जहां कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के सूचना अधिकार रक्षा मंच के पदाधिकारियों के समक्ष गोड्डा के कार्यकताओं ने बताया कि गोड्डा जिला में सूचना मांगे जाने पर पदाधिकारी या तो विषयांतर जवाब देते हैं या तो जवाब ही नहीं देते, वहीं अभी बताया गया कि बड़े पैमाने पर काश करता हूं को कार्यकताओं को प्रताड़ित करने किए जाने का मामला भी प्रकाश में आया है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन कुमार तूरी ने बताया कि केन्द्रीय स्तर के पदाधिकारी के समक्ष मामला उठाया कि जब तक विषय ब्लोवर एक्ट के तहत सुरक्षा नहीं दी जाएगी तथा सरकारी स्तर से पदाअधिकारियों को दंडित किए जाने के साथ कठोर के कारवाई का प्रावधान नहीं होगा इस कानून का यूं ही मजाक बनता रहेगा हालात यह है कि आज यह कानून अपने अस्तित्व बचाने के लिए लड़ रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ सूचना अधिकार कार्यकर्ता प्रदीप कुमार विद्यार्थी ने बताया कि सूचना अधिकार कानून के 2जे एक धारा में ऑडिट का भी प्रावधान है मगर जानकारी के अभाव में कार्यकर्ता समुचित लाभ नहीं ले पाते हैं, कार्यक्रम में मौजूद दिवाकर शर्मा ने बताया कि अगर सरकार सूचना अधिकार कानून को व्यापक रुप से लागू करना चाहती है तो इसके लिए जिला स्तर पर ही द्वि सुनवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा जनसूचना अधिकारी पर लगाए गये जुमार्ने की राशि मात्र 15 दिनों में वसूली जानी चाहिए। केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया इन सारी मागो को सरकार के पास जल्द ही रखा जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी में ब्राउन शुगर के क्रेता और विक्रेता दोनो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथूसिंह मीणा को अपने गुप्त श्रोतों से जानकारी मिली कि गोड्डा के कलाली रोड से कंनवारा ग्राम जाने के क्रम में पूल के नीचे कुछ लोग मादक पदार्थों का व्यापार करते हैं और इसी जगह सेवन भी करते हैं। ये काम बराबर यहीं पर होता है। एसपी ने तत्काल का एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी और नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो को ये निर्देश दिया कि तत्काल फौरन आप अपने पुलिस बल के जवानों के साथ उस स्थान पर छापेमारी करें और सूचना दे। थाना प्रभारी ने अपने प्रतिनियुक्त औषधि निरीक्षक रंजित चौधरी और राजू लाल स्वांसी, पुअनी गोड्डा के साथ अन्य पुलिस बल के जवानों को साथ लेकर पहुंचे । वहां पहुंचते ही दो व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा और उन व्यक्तियौ के पास से दो पुड़िया में कुल 18 ग्राम ब्राऊन शुगर और बेचने वाली इलेक्ट्रोनिक मशीन बरामद हुई। एक मोटर साइकिल टीवीएस अपाचे जिस पर वो सवार होकर आए थे उसे भी जब्त किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम विक्रम कुमार उम्र 23वर्ष पिता का नाम बैजू तांती सा० महावीर नगर थाना गोड्डा और दूसरे का नाम सूरज कुमार उम्र 25 वर्ष पिता निरंजन पूर्वे सा० बिरानियां थाना धोरैया जिला बांका बिहार है और उन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया। जबकि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के लिए जेल भेज दिया ।

## रानेश्वर थाना परिसर में एसपी ने जनता से किया सीधा संवाद

**रानेश्वर।** दुमका जिले के रानेश्वर थाना परिसर में गुरुवार को जिला के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रखंड के जन प्रतिनिधि, नेता, आम जनता सामाजिक कार्यकर्ता से जनता के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित कर यहां के समस्या को सुना एवं निदान हेतु वार्ता किया है। बैठक मुख्य रूप से एसडीपीओ मो नूर मुस्तफा, सीओ मो कयूम अंसारी, स्थानीय विधायक नलीन सोरेन, रानेश्वर थाना प्रभारी छटन महतो, टोंगर एवं मसानजोड़ थाना के थाना प्रभारी, राजद के प्रखंड अध्यक्ष जयदेव गोराई, जेएमएम के मोतालीब खान, रफीक खान, जीप सदस्य, कई पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य एवं आम जनता मौजूद थे। एसपी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनता पुलिस के पास बिना किसी भय के कभी भी आ सकती है। पुलिस द्वारा मान्यवर व्यवहार करना पुलिस का फर्ज है। छोटे छोटे मामले को ग्रामस्तर पर ही निदान करने का कोशिश करने की आवश्यकता है। थाना में जन शिकायत के नाम पर एक रजिस्टर रखा गया है। कोई भी व्यक्ति थाना आने पर उसका आवेदन लेना होगा। इनकार नही कर सकता है। उस रेजिस्टर में वर्णित करना होगा। जब भी थाना में कोई शिकायत आवेदन दे तो इस रजिस्टर में अंकित करने के लिए बोले। इसको हमलोगों द्वारा अवलोकन करेंगे। जनता को पुलिस से डरना नही है। पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए है। परंतु अपराधी किस्म के व्यक्ति से पुलिस काफी शख्ती से पेस आएंगे। पीड़ित एवं आम जनता को पुलिस से कोई डरने की आवश्यकता नही है। थाना द्वारा समस्या न सुना जाने पर फोन से संपर्क करे, तुरंत एक्शन लिया जाएगा। बताया कि एनजीटी को लेकर डीसी से चर्चा किया गया है। स्थानीय बालू की समस्या को पूरा किया जा सकता है।

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** उपायुक्त, गोड्डा के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक, नाथू सिंह मीना की अध्यक्षता में आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त पदाधिकारी गोड्डा, अनुमंडल पदाधिकारी, महागामा वरीय अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सहित अन्य पदाधिकारीगण की उपस्थिति मे आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक, गोड्डा के द्वारा आगामी दुर्गा पूजा के सफल संचालन हेतु विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों पूजा समिति के सचिव एवं सदस्यों से



अपने-अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक करने एवं लोगों से अफवाहों से भी दूर रहने की भी अपील की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के साथ दुर्गा पूजा/दशहरा त्योहार पर आने वाली समस्याओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। जिलेवासियों से उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट/शेयर करने से बचने की सलाह दी। जिलेवासियों से धार्मिक सद्भावनाओं को ठेस पहुॅचाने सहित अन्य प्रकार की गलत पोस्ट नहीं करने को कहा गया, उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया में आपत्तिजनक/गलत पोस्ट करने पर दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया में जिला में किसी प्रकार का समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए आपत्तिजनक/गलत पोस्ट होने पर तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को देने की सलाह दी। इसके अलावे पुलिस अधीक्षक ने हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष नजर रखें जाने की बात कही। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों से क्रमशः जानकारी लेकर आगामी दुर्गापूजा के अवसर पर प्रतिमा के वाहर बैरिकेट लगाने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, पूजा पंडाल के चारो ओर रोशनी के समुचित प्रबंध, पेयजल की आपूर्ति एवं शौचालय, ध्वनि प्रदूषण अधिनियम का अनुपालन करने, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को जिले में विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान गोड्डा जिला में नदी, डोभा एवं तालाब में डूब कर मरने वालों की अत्यधिक संख्या को देखते हुए, आगामी दुर्गा पूजा के दौरान मूर्ति विसर्जन के समय नदी, तालाब में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए ताकि इस प्रकार की घटना को रोका जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा के द्वारा बताया गया कि दुर्गापूजा 2023 के अवसर पर गोड्डा शहरी क्षेत्र में अवस्थित सभी दुर्गापूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष/सचिव को दुर्गापूजा 2023 हेतु निर्गत दिशा-निर्देश की जानकारी दी गई है। दुर्गापूजा पंडाल समिति के अध्यक्ष/सचिव को यह भी जानकारी दी गई कि आदेश का उल्लंघन होने पर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी। सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष/ सचिव को जानकारी दी गई कि विसर्जन के लिए अपने-अपने रूट चार्ट का अनुपालन करें, उसी के अनुसार मूर्ति विसर्जन की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी, साथ ही सभी पूजा समिति के अध्यक्ष/सचिव को आगामी दुर्गा पूजा के शुङ्का अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए विशेष सतर्क रहने की अपील की गई। उपरोक्त बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महागामा, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, संबंधित थाना के थाना प्रभारी, पुलिस कर्मी, अन्य पदाधिकारीगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण एवं पूजा समिति के सचिव एवं सदस्य गण मौजूद थे ।

## खबर एक नजर में

### श्रीरामचरित मानस महायज्ञ की कलश यात्रा 14 को

**लातेहार।** श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ का 50 वां अधिवेशन आगामी 14 अक्टूबर से कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। इस आशय की जानकारी यज्ञ महासमिति के मीडिया प्रवक्ता चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने दी। श्री उपाध्याय ने बताया कि कलश यात्रा पूर्वाह्न सात बजे से महायज्ञ परिसर से निकलेगी। शहर का भ्रमण करने के बाद यह कलश यात्रा चटनाही स्थित औरंगा नदी घाट पहुंचेगी। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों मे जल भरा जायेगा। इसके बाद कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। उन्होने बताया कि शारदीय नवरात्र के प्रथम तिथि को कलशों की स्थापना कर पूजा अर्चना प्रारंभ की जायेगी। नवमी तिथि तक प्रतिदिन प्रातः आठ बजे से दोपहर दो बजे श्रीरामचरित मानस का सस्वर पाठ किया जायेगा। संध्या साढ़े छह से आठ बजे तक आरती व कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। रात्रि साढ़े आठ बजे से मथुरा से आये वन धार्मिक रामलीला मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा। 24 अक्टूबर को दशमी तिथि को पूणार्हुति, हवन, महाप्रसाद का वितरण व प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा। उन्होने इन सभी कार्यक्रमों में सपरिवार भाग लेने एवं पुण्य का भागी बनने की अपील की है। बता दें कि श्रीरामचरित मानस नवाह्य परायण पाठ महायज्ञ का इस वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है और इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है।

### दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ गठन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा ग्राम में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों की एक बैठक मुरपा ग्राम में हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मिलने का निर्णय लिया गया। इसके सफल संचालन के लिए सर्वसमिति से एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रोहन गोप, उपाध्यक्ष मुनेश्वर राम, नंदकिसोर राम, सचिव रामदेव साव, सुभाष यादव, कोषाध्यक्ष संतोष यादव, संयोजक गोपाल चन्द्र यादव, विनय यादव, निरंजन यादव को चुना गया। वही नवरात्रि के उपलक्ष्य में गोविंद कथा का आयोजन किया गया है। जिसमे 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक दुर्गा मंडप परिसर को कथा वाचक प्रेम शांति संवाहक पूज्य स्वामी मनुष्य मित्र महाराज, दीदी प्रतिमा जी द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। वही इसका लाइव प्रसारण युट्यूब पर होगा। यह कथा पूज्य मनुष्य मित्र जी का 442 वां कथा होगा।

### गनियारी गांव में बिजली विभाग ने दो दिनों में काटा 29 घरों में बिजली कनेक्शन

**चंदवा।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निदेर्शानुसार बिजली विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रखण्ड के आदिवासी बाहुल्य माल्हन पंचायत अंतर्गत गनियारी गांव में दो दिनों में ही 29 उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया गया। 29 उपभोक्ताओं की बिजली कनेक्शन काटे जाने के बाद गांव अंधेरे में डूब गया है, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग के द्वारा मीटर लगाए जाने के बाद से आज तक उन्हें बल मिला ही नहीं तो है बिल का भुगतान कैसे करें, बुधवार को अचानक बिजली विभाग की टीम आई और घरों को बिजली काट कर चली गयी। ऐसे में हम सभी की परेशानी काफी बढ़ गयी है। आने वाले दिनों में दशरथ, दीपावली, सोहराई, छठ त्योहार है, ऐसे में बिजली काट दिया जाना सही नही है। ग्रामीणों ने जिन उपभोक्ताओं की बिजली काटी गयी हैं उनका बिजली पुनः बहाल करने की मांग की है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वरीय अधिकारियों से बकाया बिजली बिल के उपभोक्ताओं का सूची प्राप्त हुआ था, उसी के आलोक में कार्रवाई की गई है।

### पीवीयूएनएल के 9 वें स्थापना दिवस पर चंदवा में कई कार्यक्रम आयोजित

**चंदवा।** बनहरदी कोयला खनन परियोजना (पीवीयूएनएल) के 9वें स्थापना दिवस के मौके पर गुरुवार को पतरातू विद्युत ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) के द्वारा चंदवा में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर चंदवा प्रखण्ड कार्यालय सभागार मे शिविर आयोजित कर वृद्ध व दिव्यांग जनों में बीच कम्बल वितरण व चेटर पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पीवीयूएनएल में सीईओ रविन्द्र कुमार, जीएम (क्वालिटी) संपत कांडला ने लगभग दो दर्जन दिव्यांग व वृद्धों को कम्बल वितरण किया। इसके बाद वे चेटर पंचायत सचिवालय में आयोजित मेडिकल कैम्प का शुभारंभ किया।

## पेज 1 का शेष

### सिदो-कान्हू युवा खेल...

प्रत्येक क्लब को प्रतिवर्ष पच्चीस हजार रुपये की अनुदान राशि दी जायेगी। उन्होंने कहा कि वैसे क्षेत्र जो नक्सल प्रभावित हैं, वहां भी युवाओं को खेल से जोड़ कर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से सहाय योजना की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के खिलाड़ी उत्साहित होकर खेल के प्रति अपने आप को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। आप सभी खिलाड़ियों के इस प्रयास को हम यूं ही जाया नहीं होने देंगे। आपके हुनर को तराशने और एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की हर कोशिश हमारी सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में जो कार्य पिछले 20 वर्षों में नहीं हो पाया, जो गाड़ी बिल्कुल थम सी गई थी, ऐसी सभी चिंताओं को हमारी सरकार ने दूर करने का ईमानदार प्रयास किया है। **सम्मान राशि के रूप में मिलेंगे कम से कम 50 हजार रुपये :** मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को सिर्फ मेडल जीतने के लिऐ तैयार नहीं करेंगे, बल्कि झारखंड में खेल का एक वट वृक्ष तैयार करने के उद्देश्य से कार्य करेंगे। आने वाले समय में इस राज्य में खिलाड़ियों की नर्सरी वास्तविक रूप से सार्थक करने का प्रयास किया जायेगा। हमारी सरकार इस कार्य की ओर अग्रसर भी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए खेल विभाग ने पंचायत, प्रखंड, जिला, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कोशिश शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि 40 खिलाड़ियों को सरकार ने सीधी नियुक्ति दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बहुत ही कम राशि खिलाड़ियों को बतौर सम्मान राशि वितरित की जाती थी, जो न्याय संगत नहीं था। कोई भी नकद पुरस्कार 50 हजार रुपये से कम न हो, यह हमारी सरकार ने तय किया है। अब कोई भी पुरस्कार 50 हजार से कम का नहीं है और इसकी अधिकतम सीमा पांच करोड़ रुपये तक सरकार ने की है। **जोहार पोर्टल से करेंगे खिलाड़ियों की मदद :** मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल विभाग ने जोहार खिलाड़ी पोर्टल की शुरुआत भी की है। यह पोर्टल देश का पहला ऐसा पोर्टल है, जहां खेल और खिलाड़ियों का डाटा एकत्रित कर उन्हें हर संभव मदद दिया जायेगा। इस पोर्टल में खिलाड़ी और प्रशिक्षकों का पूर्ण विवरण होगा। इस अवसर पर खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि नयी खेल नीति बनने के बाद पहली बार खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के बीच सम्मान राशि का वितरण किया जा रहा है। आज 222 खिलाड़ी तथा 52 प्रशिक्षकों के बीच लगभग पांच करोड़ रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप उन्हें प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव मनोज कुमार, नगर आयुक्त अमित कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव सहित कई पूर्व ओलंपियन खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### हाइकोर्ट ने विधानसभा सचिव...

सरकार की मंशा विधानसभा में गलत रूप से चयनित अधिकारियों को बचाने की है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

### नक्सलियों ने रेलवे निर्माण...

मालूम हो कि रायल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी द्वारा कठौतिया शिवपुर रेलवे प्रोजेक्ट के तहत कठौतिया से दुआरी तक काम कराया जा रहा है, जिसके मुख्य संवेदक बिहार के ध्रुव सिंह हैं। जबकि, मैटेरियल सप्लायर दुवारी गांव के ही विकास कुमार अग्रवाल है।

स्पीड न्यूज

## राष्ट्रपति ने की वैष्णो देवी मंदिर में पूजा



**कटरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और त्रिकुटा पहाड़ियों के ऊपर स्थित मंदिर में एक स्काईवॉक और पुनर्निर्मित पार्वती भवन का उद्घाटन किया। जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मंदिर गये। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने मुर्मू को परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## मप्र : पूर्व केंद्रीय मंत्री सरताज सिंह का निधन

**भोपाल।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सरताज सिंह का संक्षिप्त बीमारी के बाद गुरुवार को भोपाल के एक अस्पताल में निधन हो गया। सिंह के पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 83 वर्ष के थे, उनके परिवार में पत्नी तथा तीन बेटियां हैं। सिंह 1998 में होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अर्जुन सिंह को हराने के बाद सुर्खियों में आए थे। उन्होंने होशंगाबाद सीट से पांच बार लोकसभा चुनाव जीता। सिंह ने 1996 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में कार्य किया था जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार सिर्फ 13 दिनों के लिए सत्ता में थी।

## कनाडाई गैंगस्टर के दो शूटर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दक्षिणपूर्व दिल्ली से कनाडाई गैंगस्टर अर्शदीप सिंह के दो शूटरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बुधवार रात को सराय काले खां के समीप रिंग रोड से दो लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें से एक की पहचान कृष्ण के रूप में हुई है।

## गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं

नयी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं लगता है। इससे पहले, कांग्रेस ने दावा किया था कि सरकार ने गंगाजल पर 18 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगा दिया है।

## अगस्त में औद्योगिक उत्पादन 10.3 % बढ़ा

नयी दिल्ली। विनिर्माण और खनन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन अगस्त महीने में सालाना आधार पर 10.3 प्रतिशत बढ़ा। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़े में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन पिछले साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत घटा था।

## निहार पाठशाला अब दीक्षा पोर्टल पर

**नयी दिल्ली।** मैरिको लिमिटेड के निहार शांति पाठशाला फनवाला प्रोग्राम ने सरकारी संस्थानों की मदद से जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने वाले विकास कार्यों को मजबूत करते हुए अपना अंग्रेजी साक्षरता पाठ्यक्रम दीक्षा पर उपलब्ध करा दिया है। दीक्षा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा स्थापित एक राष्ट्रीय शैक्षिक प्लेटफॉर्म है। इस कार्यक्रम की सामग्री फिलहाल झारखंड में इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, जहां इसका इस्तेमाल पूरे राज्य में शिक्षकों की अंग्रेजी भाषा में सुधार लाने और अध्ययन के ज्यादा बेहतर व असरदार परिणाम प्रदान करने के लिए किया जा रहा है।

# इजराइल-हमास युद्ध में अबतक 22 अमेरिकी नागरिकों की मौत

**▸▸ लेबनान का विमान इजराइल की सीमा में घुसा, अलर्ट जारी**

**एजेंसी**

**वाशिंगटन/यरूशलम।** इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए अमेरिकी नागरिकों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है। एक दिन पहले इस युद्ध में 14 अमेरिकी नागरिकों की मौत की पुष्टि की गई थी। वहीं इजराइली एयरफोर्स ने गाजा में इस्लामिक यूनिवर्सिटी पर हमला कर खंडहर में तब्दील कर दिया है। इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने बमबारी का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। फोर्सेस ने लिखा कि हमास ने इंस्टीट्यूट ऑफ नॉलेज को इंस्टीट्यूट ऑफ डेस्ट्रक्शन में तब्दील कर दिया है। हमास ने इस यूनिवर्सिटी को हथियारों के ट्रेनिंग कैंप में तब्दील कर दिया था। बमबारी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि हमें बिल्कुल स्पष्ट रुख अपनाना होगा। आतंकवाद को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा, इजराइल अमेरिका का सहयोगी है और हम हमेशा साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

इधर, लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला और फिलिस्तीन चरमपंथियों के पास ड्रोन और ग्लाइडर होने की जानकारी है। विमान के सीमा में दाखिल होने की खबर ऐसे समय आई है जब बुधवार को हिजबुल्ला ने एक इजराइली सैन्य ठिकाने पर टैंक विध्वंसक मिसाइल दागीं, जिसमें सैनिकों के मारे जाने और घायल होने का दावा किया गया। इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के उस क्षेत्र पर गोलाबारी की जहां से हमला किया गया था। इजराइली एयरफोर्स की ताजा कार्रवाई में इस्लामिक यूनिवर्सिटी की इमारतें जमींदोज हो चुकी हैं। यूनिवर्सिटी के एक अधिकारी ने मीडिया एजेंसी को बताया कि इजराइली सेना की कार्रवाई में कई इमारतें पूरी तरह से खत्म हो गई हैं। बमबारी के बाद वहां मलबा दिखाई दे रहा है। बमबारी के वक्त वहां पर धूल और धुएं का गुबार ही दिखाई दिया।

## गाजा की इस्लामिक यूनिवर्सिटी खंडहर में तब्दील



### इजराइल में बनी एकता सरकार

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और शीर्ष विपक्षी नेता ने फिलिस्तीन आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ युद्ध की निगरानी करने के लिए युद्धकालीन एकता सरकार बनाने का एक समझौता बुधवार को किया। नेशनल यूनिटी पार्टी के नेता बेनी गैंट्ज ने पूर्व में संकेत दिया था कि वह इजराइल के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए आपातकालीन एकता सरकार में बिना शर्त शामिल होने के इच्छुक हैं। उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी कर एकता सरकार बनाने पर सहमति की जानकारी दी और इसे नेतन्याहू के साथ संयुक्त बयान करार दिया। गैंट्ज पूर्व में इजराइल के रक्षामंत्री और इजराइल रक्षा बल के प्रमुख की भूमिका निभा चुके हैं। बयान में कहा गया कि वे पांच सदस्यीय युद्ध प्रबंधन मंत्रिमंडल का गठन करेंगे। इसमें नेतन्याहू, गैंट्ज, मौजूदा रक्षामंत्री योआव गैलेंट और दो सेवारत शीर्ष अधिकारी बतौर पर्यवेक्षक सदस्य शामिल होंगे।

## नरसंहार के बाद यहूदियों के लिए सबसे घातक दिन है हमास का हमला : बाइडन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल पर हमास द्वारा किए गए बर्बर आतंकवादी हमले को यहूदियों के लिए यहूदी नरसंहार (होलोकॉस्ट) के बाद का सबसे घातक दिन करार देते हुए कहा कि इसने सदियों तक की यहूदी विरोधी भावना और उनके खिलाफ नरसंहार की दर्दनाक यादों को ताजा कर दिया है। बाइडन ने कहा कि अमेरिका इजराइल के हालात पर लगातार बारीकी से नजर बनाए हुए है। बाइडन ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि हम इजराइल में स्थिति की बहुत बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति और मैं तथा मेरी सुरक्षा टीम के अधिकतर सदस्यों ने सुबह फिर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की उन्होंने कहा कि इस हमले ने सदियों तक यहूदी विरोधी भावना और यहूदी लोगों के खिलाफ नरसंहार की दर्दनाक यादों और जख्मों को फिर से हरा कर दिया है। इजराइल पर हमास के चौंकाने वाले हमले में 1200 से अधिक लोग मारे गये। जवाबी कार्रवाई के रूप में इजराइल की ओर से गाजा में किये गये हवाई हमले में करीब 1100 लोग मारे गये हैं। बाइडन ने यहूदी समुदाय के नेताओं से भेंट की और आतंकवादी हमलों पर इजराइल के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की। बाइडन ने कहा कि यह हमला पूरी तरह से क्रूर अभियान था। यहूदी लोगों के खिलाफ पूरी तरह से क्रूरता। और मैं इसे यहूदी नरसंहार के बाद यहूदियों के लिए सबसे घातक दिन मानता हूं। मानव इतिहास के सबसे खराब अध्यायों में से एक। व्हाइट हाउस में एकत्र यहूदी नेताओं से बाइडन ने कहा कि मेरा आशय है कि चुप्पी भी मिलीभगत है।

# पांच वर्षों में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से निकले : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

## हम मिलकर गरीबी हटाकर रहेंगे : मोदी

पिथौरागढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश में साढ़े 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सुदूर पहाड़ों तथा देश के कोने-कोने में रहने वाले लोगों की भी उनकी सरकार ने चिंता की। उन्होंने कहा कि सिर्फ पांच वर्षों में देश में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बात पर दुनिया अचरज कर रही है। उन्होंने कहा कि इनमें से बहुत से लोग आपकी तरह ही पहाड़ों में, सुदूर इलाकों में रहते हैं। उन्होंने कहा कि ये साढ़े 13 करोड़ लोग इस बात का उदाहरण हैं कि भारत अपनी गरीबी मिटा सकता है। मोदी ने कहा कि पहले नारा दिया जाता था कि गरीबी हटाओ, मतलब आप हट जाओ। उन्होंने कहा कि अब मोदी

**पिथौरागढ़ मोदी ने 4200 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन**

कह रहा है कि हम मिलकर गरीबी हटाकर रहेंगे। हम जिम्मेदारी लेते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया में भारत का गौरवगान हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब देश में चारों तरफ निराशा का माहौल था और तब हर भारतीय सोचता था कि हजारों करोड़ के घोटालों से देश को मुक्ति मिले और दुनिया में भारत का यश बढ़े । उन्होंने कहा कि चुनौतियों से घिरी दुनिया में भारत की आवाज कितनी बुलंद होती जा रही है। जी20 के शानदार आयोजन से हम भारतीयों का लोहा दुनिया ने माना है। उन्होंने कहा कि यह आपके वोट की ताकत है। जब मैं दुनिया के बड़े-बड़े लोगों से हाथ मिलाता हूं तो उनसे आंख भी मिलाता हूं। और जब वे मेरी ओर देखते हैं तो मुझे नहीं बल्कि 140 करोड़ हिंदुस्तानियों को देखते हैं। प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रही सुविधाओं के तेजी से हो रहे विकास का जिक्र करते हुए कहा कि यह काम पहले की सरकारों ने क्यों नहीं किया। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें डर था कि कहीं इसका फायदा उठाकर दुश्मन अंदर न आ जाए ।

उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण विधेयक जैसे 30-40 साल से लंबित मुद्दों पर भी सरकार ने निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि यहां की कनेक्टिविटी पर बहुत बल दे रहे हैं। जो चारधाम यात्रा पर जाते हैं, वे जागेश्वर धाम, आदि कैलाश और ओम पर्वत तक भी आसानी से आ सकें, यह प्रयास किया जा रहा है।

### न हम डरते हैं और न डराते

पूर्ववर्ती सरकारों की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में दुश्मन के डर के कारण विकास न करने की सोच को पीछे छोड़कर भारत आज आगे बढ़ रहा है । किसी का नाम लिए बगैर उन्होंने सवाल पूछा कि यह काम पहले की सरकारों ने क्यों नहीं किया।

इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें डर था कि कहीं इसका फायदा उठाकर दुश्मन अंदर न आ जाए इस तर्क का मजाक उड़ाते हुए उन्होंने कहा कि इस डरी हुई सोच को पीछे छोड़कर भारत आज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि न हम डरते हैं, न डराते हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले नौ वर्षों में 4200 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सड़के बनाई गयीं, सीमा पर 250 बड़े पुल और 22 सुरंगे बनाईं।



**पिथौरागढ़ के आदि कैलाश चोटी पर प्राचीन शिव–पार्वती मंदिर में पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

## मैं मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं: शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री एवं राजस्थान से सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री पद की किसी दौड़ में नहीं हैं। शेखावत का यह बयान भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन्हें भी विधानसभा चुनाव में उतारे जाने की अटकलों के बीच आया है।

## सनातन धर्म भारत के साथ एकरूप : भागवत

**एजेंसी**



**चंडीगढ़।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि सनातन धर्म भारत के साथ एकरूप है और देश की संस्कृति इस पर आधारित है।द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन के पिछले महीने की विवादास्पद टिप्पणी की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए भागवत ने कहा कि इसे नष्ट कर दिया जाना चाहिए, स्वयं को नुकसान पहुंचाने जैसा है। स्टालिन ने दावा किया था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसका उन्मूलन कर दिया जाना चाहिए। भागवत ने कहा कि हमें इसी सनातन के साथ जीना है। ये सनातन भारत के साथ एकरूप है। भागवत हरियाणा के रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म ही हिंदू राष्ट्र है, ये अपने राष्ट्र के साथ एकरूप है।

## धर्मेन्द्र ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। धर्मेंद्र ने अपने सोशल हैंडल अकाउंट पर अपना एक्सरसाइज करते हुए एक वीडियो शेयर किया है।वीडियो में धर्मेंद्र ब्लू ट्राउजर के साथ प्रिंटेड फुल-स्लीव टीशर्ट पहने नजर आ रहे हैं। वह साइक्लिंग करते हुए दिखाई दिए। वीडियो को शेयर करते हुए धर्मेन्द्र ने कैप्शन में लिखा, दोस्तों मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। धर्मेन्द्र के इस वीडियो को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। धर्मेन्द्र अंतिम बार फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आये।अब वह जल्द ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स में दिखाई देंगे।

## एसबी कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ पीटी वारंट की दी मंजूरी

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा की अपराध निरोधी ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश फाइबरनेट लिमिटेड घोटाला मामले में तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के खिलाफ 'प्रिजनर ऑन ट्रांजिट' (पीटी) वारंट जारी करने की अनुमति अपराध जांच ब्यूरो पुलिस को दे दी। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीआईडी पुलिस को श्री नायडू को सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे से पांच बजे तक अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया।

## अदालत ने आरिज खान फांसी की सजा को उम्रकैद में बदला

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2008 के बटला हाउस मुठभेड़ मामले में दोषी करार दिये गये आरिज खान को सुनाई गयी फांसी की सजा को गुरुवार को उम्रकैद में तब्दील किया। बटला हाउस मुठभेड़ के दौरान दिल्ली पुलिस के निरीक्षक मोहन चंद शर्मा मारे गये थे। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने निचली अदालत के एक आदेश को बरकरार रखा जिसमें खान को पुलिस अधिकारी की हत्या का दोषी ठहराया गया था लेकिन अदालत ने मृत्युदंड को कायम रखने से इनकार कर दिया। अगस्त महीने में दोषी और राज्य के वकीलों ने अपनी दलीलें समाप्त की थीं, जिसके बाद पीठ ने इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

**बटला हाउस मुठभेड़**



न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
Rinku
DEALS IN
YAMAHA | AHUJA | BOSS | BasiX | CASIO | PAiSTe | Fender | Gibson | ESP | DigiTech | KORG | M-AUDIO | Ibanez | SoundX | Zildjian | Roland | Hertz | Epiphone | GRANADA | Cort | Givson | stranger | TAMA | AERON
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandir, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Ph.: 72509-33033 | M.: 98351-64815

# मानहानि में केजरीवाल और संजय सिंह को झटका

**एजेंसी**



**मोदी की डिग्री के मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने समन पर रोक लगाने से किया इनकार**

**अहमदाबाद।** गुजरात हाइकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री को लेकर गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर एक आपराधिक मानहानि मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को जारी समन पर रोक लगाने से गुरुवार को इनकार कर दिया। निचली अदालत द्वारा पहले जारी किए गए समन को रद्द करने के अनुरोध वाली केजरीवाल और संजय सिंह की साझा याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति जे सी दोशी ने बृहस्पतिवार को गुजरात विश्वविद्यालय और राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और मामले की विस्तृत सुनवाई 3 नवंबर को करना तय किया। आप के नेताओं को गत अप्रैल में समन जारी करने और मानहानि मामले में अहमदाबाद की मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा इस मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर को करने को देखते हुए आप नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने न्यायमूर्ति दोशी से उस सुनवाई से पहले कम से कम अंतरिम राहत देने का आग्रह किया। डिजिटल तरीके से पेश हुईं जॉन ने आग्रह किया कि 14 अक्टूबर को मजिस्ट्रेट के सामने आ रहा है, इसलिए यदि आप आदेश पारित कर दें कि जब तक इस याचिका पर सुनवाई नहीं हो जाती मुकदमे पर रोक रहेगी। यदि कोई अंतरिम सुरक्षा नहीं दी गई, तो (आज की सुनवाई की) पूरी प्रक्रिया व्यर्थ हो जाएगी। हालांकि, न्यायमूर्ति दोशी ने इस स्तर पर कोई भी राहत देने सेइनकार करते हुए कहा कि नहीं, अभी हम ऐसा नहीं कर सकते। हम आपको यथाशीघ्र सुन सकते हैं, लेकिन कोई आदेश जारी नहीं किया जाएगा। आप नेताओं की ओर से पेश हुए वकील ओम कोतवाल ने जब अदालत से उनके स्थगन आवेदन पर विचार करने का आग्रह किया, जिसे वे निचली अदालत की कार्यवाही के खिलाफ 14 अक्टूबर को दायर करना चाहते हैं, तो न्यायमूर्ति दोशी ने ऐसे आवेदन पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ताओ से राहत के लिए निचली अदालत का रुख करने के लिए कहा। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कोतवाल के इसको लेकर एक आदेश पारित करने के अनुरोध को भी अस्वीकार कर दिया जिसमें निचली अदालत से आने वाले दिनों में उसके समक्ष दायर स्थगन आवेदन पर विचार करने के लिए कहा जाए। केजरीवाल और संजय सिंह ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में निचली अदालत के समन के खिलाफ उनकी पुनरीक्षण अर्जी खारिज करने के सत्र अदालत के 14 सितंबर के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

## सितंबर में खुदरा महंगाई घटकर 5.02 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली।** इस वर्ष सितंबर महीने में सब्जियों और फलों के साथ ही ईंधन की कीमतों में कमी आने उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई घटकर 5.02 प्रतिशत पर आ गयी जबकि पिछले वर्ष सितंबर में यह 7.41 प्रतिशत रही थी। इस वर्ष अगस्त में यह महंगाई 6.83 प्रतिशत रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2023 में खाद्य महंगाई 6.56 प्रतिशत पर रही है जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 8.60 प्रतिशत पर रही थी। इस वर्ष अगस्त में यह 8.53 प्रतिशत रही थी। इस वर्ष सितंबर में सब्जियों की महंगाई 198.3 पर रही जबकि अगस्त 2023 में यह 235.4 रही थी। इसी तरह से फलों की खुदरा महंगाई 177.8 पर रही जबकि अगस्त महीने में यह 179.8 पर रही थी। सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपये की कमी किये जाने से लोगों को काफी राहत मिली है ।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !